समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 65,785.64 | 19,497.30 |

तापमान
अधिकतम 31 °C
न्यूनतम 27 °C

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



'हर घर हर जन' तक पहुँचेंगे बीजेपी कार्यकर्ता : भूपेंद्र पेज-02

मुखर्जी ने किया था अनुच्छेद 370 का विरोध : योगी पेज-03

वर्ष 10 | अंक 316 | लखनऊ, 07 जुलाई शुक्रवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

पुलिस महकमे में 1148 लोगों की लगी नौकरी

## हर दृष्टि से मजबूत हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गुरुवार को पुलिस महकमे के चयनित 1148 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र दिये। आज लोकभवन में आयोजित समारोह में सीएम ने सांकेतिक रूप से अपने हाथों 35 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया है। बाकी अभ्यर्थियों को जिलों में नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से चयनित 1148 अभ्यर्थियों में से 217 उपनिरीक्षक गोपनीय, 587 सहायक उपनिरीक्षक लिपिक एवं 344 सहायक उपनिरीक्षक लेखा शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि पुलिस फोर्स हर दृष्टि से मजबूत हो रही है। नवचयनित अभ्यर्थियों को और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।खुशी की बात है कि लिपिकीय संवर्ग में महिलाओं की अच्छी संख्या है। पिछले नौ वर्ष में वैश्विक मंच पर भारत का जिस प्रकार से सम्मान बढ़ा है, वैसे ही छह वर्षों में उप्र की स्थिति में बदलाव हुआ है।

उप्र को लोग समस्या के रूप में देखने लगे थे। देश की आवादी का पांचवां हिस्सा उप्र को आगे बढ़ाने की चुनौतियां हम सबके सामने थीं। शौचालय निर्माण से लेकर अन्य परियोजनाओं में देरी को लेकर सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोले और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई।उन्होंने कहा कि आज उप्र की स्थिति है कि केन्द्र की ज्यादातर योजनाओं में नंबर एक है। हम लोगों ने तय किया कि आवागमन के लिए सड़कें होनी चाहिए। पहले किसी भी समुदाय के पर्व त्योहार आते थे तो भय का माहौल रहता था। आज हंसी खुशी पर्व मनाए जा रहे हैं। पश्चिम उप्र में लोग बेटियों को स्कूल, कॉलेज भेजने से डरते थे। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस बल में भर्ती ही नहीं की गयी बल्कि तकनीकी रूप से भी मजबूत किया गया। पिछले 70 वर्षों में उप्र पुलिस में महिलाओं को जितना स्थान नहीं मिला, उससे कई गुना ज्यादा पिछले छह वर्षों में भर्तियां की गयीं।भर्तियों में कोई भाई भतीजावाद का आरोप नहीं लगा सकता। आरक्षण की प्रक्रिया ठीक से अपनाई गयी है। इस भर्ती में भी कोई बलिया से है तो कोई बिजनौर से, कोई लखीमपुर से, मतलब उप्र के हर जनपद के युवाओं को बराबर का मौका मिल रहा है।

### योगी ने बांटे नियुक्ति पत्र, खिले अभ्यर्थियों के चेहरे



### विपक्षी दलों पर किया वार

सीएम ने विपक्षी दलों पर करार प्रहार भी किया। कहा कि पहले पर्व आने पर किसी भी धर्म के लोगों में भय रहता था। वर्ष 2017 से पहले पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं थे। लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र में डिप्टी एसपी को कार के बोनट पर टांग कर ले जाया गया था।

### आज यूपी की कानून व्यवस्था चर्चा का विषय

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज उप्र की कानून व्यवस्था चर्चा का विषय है। देश के किसी भी राज्य से उप्र की कानून व्यवस्था बेहतर है। भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती हो रही है। मैं दावा कर सकता हूं कि योगी के नेतृत्व में उप्र में एक भी नियुक्ति पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भी प्रदेश की कानून व्यवस्था की सराहना की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पुलिय महानिदेशक विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौजूद रहे, एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अखिलेश बोले, सीधी कांड उत्पीड़न के इतिहास का एक और शर्मनाक अध्याय है

## बीजेपी के 18 साल के शासन की क्या बस यही उपलब्धि है!

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



**मध्यप्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी के ऊपर एक भाजपाई द्वारा जो दानवीय घृणित कृत्य किया गया है, वो सदियों से शोषित-दलित समाज पर किये जा रहे उत्पीड़न के इतिहास का एक और शर्मनाक अध्याय है।**
**अखिलेश यादव**

**18 साल के शासन की क्या बस यही उपलब्धि है। भाजपा को अहंकार ले डूबेगा। बता दें कि मध्यप्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी मजदूर पर पेशाब करने वाला वीडियो वायरल हुआ।**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्यप्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी युवक पर पेशाब किए जाने की घटना की कठोर निंदा की है।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी के ऊपर एक भाजपाई द्वारा जो दानवीय घृणित कृत्य किया गया है, वो सदियों से शोषित-दलित समाज पर किये जा रहे उत्पीड़न के इतिहास का एक और शर्मनाक अध्याय है। मप्र में भाजपा के 18 साल के शासन की क्या बस यही उपलब्धि है। भाजपा को अहंकार ले डूबेगा। बता दें कि मध्यप्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी मजदूर पर पेशाब करने वाला वीडियो वायरल हुआ। जिसके बाद विपक्ष भाजपा पर हमला बार हो गया। वायरल वीडियो से सरकार की किरकिरी होने लगी। सरकार ने अधिकारियों को मामले में जांच के आदेश दिए। जांच में सामने आया कि घृणित कृत्य करने वाला कोई और नहीं बल्कि भाजपा का नेता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपराधी को किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाए, कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी, सीएम ने अपराधी पर एनएसए के तहत कार्रवाई करने निर्देश दिए। सीधी पुलिस ने एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के घर पर बुल्डोजर की कार्रवाई की गई है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीधी कांड के पीड़ति युवक के ना केवल पैर धोए, बल्कि उनसे पूरी घटना के लिए माफी भी मांगी। इसके पहले सीधी कांड के पीड़ित युवक दशमत रावत अपने परिजन के साथ यहां स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचे।

इस दौरान चौहान ने सबसे पहले उन्हें सम्मान से बैठाया, उनके पैर धोए, उन्हें टीका लगाया और माला पहनाई। इसके बाद चौहान ने शॉल और श्रीफल से उनका सम्मान किया और उन्हें फल भेंट किए। इसके बाद चौहान ने उन्हें पास बैठाकर उनसे उनके परिवार के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने उनसे उनकी आजीविका के बारे में भी पूछा। चौहान ने रावत से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है। उनके बारे में जानकारी लेने के बाद चौहान रावत को अपने साथ नाश्ता कराने भी लेकर गए।

बदायूं में आकाशीय बिजली का कहर

## स्कूल छात्रा समेत तीन लोगों की मौत

**बदायूं, समृद्धि न्यूज़**

बंदायू के उसहैत में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत हो गई। मुगरिया नगला में दो युवकों बबलू पुत्र रामवीर सिंह यादव उम्र 22 वर्ष और राजीव यादव पुत्र जागन उम्र 25 वर्ष बिजली की चपेट में आ गए। वहीं ग्राम नगासी में अंशिका पुत्री राजपाल जूनियर हाई स्कूल मौजमपुर में कक्षा 6 की छात्र थी स्कूल से वापस घर लौटते समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। उसहैत क्षेत्र के गांव मुगरिया नगला निवासी रामवीर का पुत्र बबलू और जारन का पुत्र राजीव दोनों बाइक लेकर सुबह बाजार करने उसहैत गए थे। वहां बारिश होने लगी तो दोनों काफी देर तक वहीं रुके रहे। जब बारिश हल्की हुई तो वह गांव के के लिए निकल पड़े। जब वह दोनों गांव से कुछ दूरी पर गांव दुर्जन नगला के पास थे कि तभी तेज बारिश के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरी। जो बबलू और राजीव के ऊपर गिरी। जिससे दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं उसहैत के ही गांव नगासी निवासी राजपाल की पुत्री स्कूल से लौट रही थी। उसी समय उस पर भी आकाशीय बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई।

## यूनिटी, इंटीग्रिटी के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा : शाह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि एकता और अखंडता के लिए उन्होंने जो योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

शाह ने एक ट्वीट में कहा, ''श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपने जीवन से सिखाया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं होता। चाहे कश्मीर हो या फिर बंगाल, डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो विराट योगदान दिया, उसके हम सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा, मुखर्जी ने पहली औद्योगिक नीति की नींव रख भारत की प्रगति के मार्ग प्रशस्त किये। डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र-समर्पण और दूरदर्शिता हमें सदैव मार्गदर्शन देगी। देश के ऐसे महान सपूत की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। वर्ष 1901 में तत्कालीन कलकत्ता (कोलकाता) में पैदा हुए मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया था। उन्होंने ही कश्मीर को लेकर नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का नारा भी दिया था। लगातार दूसरी बार केंद्र में सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त कर दिया।



**श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपने जीवन से सिखाया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं होता।**

### संक्षिप्त

#### अजित पवार के आने से हमारी सरकार और भी मजबूत हुई : शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से हटने की अफवाहों के बीच एकनाथ शिंदे ने अपनी भूमिका पर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उनके पास पीएम मोदी और अमित शाह की ताकत है जो उनका समर्थन कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने एक बयान में कहा कि मेरे पीछे पीएम मोदी और अमित शाह की ताकत है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के शामिल होने के बाद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है।

#### मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो आदेशों को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने इन मामलों में उनकी अलग-अलग जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

#### यह जनसंख्यिकी को बदलने की कोशिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को वर्षों तक लूटने वाले परिवार आधारित राजनीतिक दलों का गुस्सा एक बार फिर उबाल पर है। दरअसल भूमिहीन गरीबों को सरकार ने जमीन का आवंटन शुरू किया है जिसके बारे में अब महबूबा मुफ्ती और उनके गुपकार गैंग के लोगों ने भ्रम और अफवाह फैलाना शुरू कर दिया है। कश्मीर के रसूखदारों की ओर से कब्जायी गयी जमीन को अभी हाल ही में प्रशासन ने छुड़ाया था।

दिल्लीवालों का मौसम बन गया, सुबह से हो रही झमाझम बारिश

## कई राज्यों में 5 दिनों का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में आज बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। एनसीआर में दिन में अंधेरा छाया है और झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग की माने तो राजधानी में अगले 6 दिन यही हाल रहने वाला है और दो दिन तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो 10 जुलाई तक दिल्ली में गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 11 और 12 जुलाई में तेज बारिश का अनुमान जताया गया है। बारिश के चलते तापमान में भी बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। मानसून के आने से बिहार में भारी बारिश हो रही है। कई जिलों में तो बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। उधर, आईएमडी ने अगले दो दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में नौ जिले सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, जमुई, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज व बांका में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, पटना सहित दूसरे जिलों में अगले 5 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मानसून ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने इस बीच दोनों राज्यों के लिए अगले 3 दिनों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### यूपी में भी तेज बारिश का अलर्ट

यूपी में भी आज और अगले 4 दिनों तक के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आज भी कई जिलों में बारिश हो रही है, जिससे मौसम सुहाना हो गया है।

## जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में 7 लोगों के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपी सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने दो बहनों की रिट याचिका के बाद जांच का आदेश दिया, जिन्होंने दावा किया था कि उनके पतियों बुद्धू मंडल और गौरंगा मंडल को एक राजनीतिक दल के लिए काम करने की सजा के रूप में जबरन हिंदू धर्म से इस्लाम में परिवर्तित कर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि उनके पति 24 नवंबर, 2021 से लापता हैं, लेकिन पुलिस ने सूचना दिए जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि दोनों भाइयों ने स्वेच्छा से इस्लाम धर्म अपना लिया था और पारिवारिक विवाद के कारण उन्होंने घर छोड़ दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर, सीबीआई ने 20 फरवरी को प्रारंभिक जांच दर्ज की।

इसरो ने चंद्रयान-3 के लॉन्च डेट में किया बदलाव

## अब 12 से 19 जुलाई को आसमां में देश की उड़ान देख गर्व से भर जाएगा सीना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने घोषणा की है कि चंद्रयान -3 मिशन 14 जुलाई को चंद्रमा पर लॉन्च होगा। अंतरिक्ष यान श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। इससे पहले, सोमनाथ ने कहा था कि 12 जुलाई से 19 जुलाई के बीच की अवधि लॉन्च के लिए इष्टतम है जब कक्षीय गतिशीलता चंद्रमा की यात्रा में न्यूनतम ईंधन और उच्च दक्षता सुनिश्चित करेगी। चंद्रयान-3 मिशन सफल रहे, इसके लिए इसरो ने पहले ही पूरी तैयारी की है। इसके लिए गहन टेस्ट किए गए हैं और पूरी प्रोसेस को फेलप्रूफ बनाया गया है ताकि रिस्क कम से कम हों और मिशन सफल हो सके। इसरो ने इस बार मिशन में कुछ बदलाव किया है। चंद्रयान-2 मिशन की तरह ही इस बार लैंडर और रोवर तो होगा, लेकिन ऑर्बिटर नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव की मांग पर सुनवाई टाली, कहा-

## अनुच्छेद 370 का मामला अभी लंबित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। स्ष्ट का कहना है कि अनुच्छेद 370 से संबंधित मामला 11 जुलाई को सूचीबद्ध है और वे इसके बाद ही इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाएं 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई थीं। पीठ ने कहा, हम इसे स्थगित कर देंगे।

जयपुर हवाई अड्डे पर विमान छोड़कर चले गए पायलट

## 148 यात्री होते रहे परेशान

**जयपुर (एजेंसी)।** दुबई से गुजरात के अहमदाबाद जा रहे स्पाइस जेट के विमान एसजी-16 को खराब मौसम के कारण बुधवार देर रात जयपुर डायवर्ट कर दिया गया था। इसके बाद ईइ घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट के उड़ान भरने का समय वापस तय नहीं किया गया। वहीं ड्यूटी पूरी होने पर दो पायलट भी विमान छोड़कर चले गए। इससे नाराज यात्रियों ने गुरुवार को जयपुर हवाई अड्डे पर हंगामा कर दिया। हवाई अड्डे पर सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे सुरक्षाकर्मियों ने लोगों को समझा कर मामला शांत करवाया। विमान में यात्रा कर रहे गुजरात के मोरबी निवासी महावीर सिंह ने बताया कि मैं बुधवार दुबई से अपने परिवार के साथ अहमदाबाद जा रहा था। हमारी फ्लाइट रात पौने बारह बजे अहमदाबाद पहुंचनी थी। लेकिन अंतिम समय में मौसम खराब होने के कारण फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया। विमान में सवार सभी 148 यात्री जयपुर पहुंच गए थे। नौ घंटे से ज्यादा समय तक जयपुर हवाई अड्डे पर रहे। इस बीच पायलट फ्लाइट को छोड़कर चले गए।




यूसीसी पर मोदी सरकार ने बढ़ाया एक और बड़ा कदम,

## जीओएम का गठन कर चार मंत्रियों को दी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समान नागरिक संहिता की आवश्यकता के बारे में बोलने के एक सप्ताह बाद, इस मुद्दे पर आगे विचार-विमर्श के लिए मंत्रियों का एक समूह (जीओएम) गठित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि पूर्व कानून मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता वाले जीओएम ने यूसीसी मुद्दे पर अपना परामर्श शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि कुछ अन्य सदस्य महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्वोत्तर के प्रभारी मंत्री जी किशन रेड्डी हैं। इसके साथ ही समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए बुधवार को भी जीओएम की मैराथन बैठकें हुईं। सूत्रों ने कहा कि पिछले दो दिनों में उत्तर-पूर्वी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी बात की गई है।

अब चिंता की जरूरत नहीं | योगी सरकार गम्भीर, ला रही शानदार प्रस्ताव

## आवारा पशु बर्बाद नहीं कर सकेंगे फसल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश में आवारा मवेशी किसानों के लिए परेशानी के सबब बने हैं। आवारा मवेशियों के चलते हजारों हेक्टेयर में लगी फसल हर साल बर्बाद हो जाती है। कृषकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन अब उत्तर प्रदेश के किसानों को आवारा मवेशियों को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने आवारा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए एक शानदार प्रस्ताव बनाया है। सरकार का दावा है कि इसके लागू होने के बाद आवारा पशुओं के आतंक पर ब्रेक लगेगा और फसल की बर्बादी कम होगी।उत्तर प्रदेश सरकार ने सोलर एनर्जी से संचालित होने वाले सोलर फेंसिंग लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। सरकार आवारा पशुओं के आतंक पर लगाम लगाने के लिए खेतों की तारबंदी करेगी। तारबंदी में 6 से 10 वॉट का करंट बहता रहेगा। इस करंट की सप्लाई खेत में लगे सोलर पावर से होगी।इसके लिए योगी सरकार किसानों को बंपर सब्सिडी दे सकती है। सोरल पावर और तारबंदी पर जो लागत आएगी उसका आधा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।सोलर फेंसिंग से किसानों को फायदा होगा क्योंकि आवारा मवेशी फसल बर्बाद नहीं कर करेंगे। फेंसिंग से टच होते ही मवेशियों का मामूली करंट लगेगा लेकिन इससे पशु को नुकसान नहीं होगा। पहले भी किसान मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए खेतों की कटीले तारों से फेसिंग करते थे लेकिन कटीले तारों की फेसिंग में करंट की सप्लाई करना प्रतिबंधित है। इससे मशुओं को नुकसान पहुंचता था। वे करंट और कटीले तार की चपेट में आने से घायल हो जाते थे।अभी तक यूपी में इलेक्ट्रिक फेंसिंग की चपेट में आने से कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले आवारा मवेशी बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा बन गए थे। कृषि विभाग ने आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए प्रस्ताव बनाया है। सम्भावना है कि सोलर फेंसिंग के लिए सरकार बंपर सब्सिडी भी दे सकती है। इसके लिए बजट का आकलन किया जा रहा है। कैबिनेट बैठक के बाद यह प्रस्ताव लाया जा सकता है।

## तीन महीनों के बाद दिल्ली गई मायावती

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** नगरीय निकाय चुनाव के पहले लखनऊ आई बसपा प्रमुख मायावती तीन माह बाद बुधवार को दिल्ली चली गई। मिजोरम के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्य के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों पर नजर रखने के साथ ही अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती फिलहाल अब दिल्ली में ही बैठकें करेंगी। इस बीच पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (बादल) के भाजपा से गठबंधन की चर्चाओं पर भी पार्टी की नजर है। पंजाब के मौजूदा राजनीतिक हालात पर मायावती जल्द ही दिल्ली में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक बुला सकती हैं।

# ‘हर घर हर जन’ तक पहुँचेंगे बीजेपी कार्यकर्ताः भूपेंद्र

- मोदी के लिए मांगेंगे आशीर्वाद और समर्थन
- बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने की महा जनसंपर्क अभियान की समीक्षा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने डिजिटल माध्यम से बैठक करके महा-जनसम्पर्क अभियान के विगत अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ घर-घर सम्पर्क अभियान तथा सम्पर्क से समर्थन अभियान से हर घर-हर जन तक पहुंचने का मंत्र दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां लेकर जन-जन तक पहुंचने के महा-जनसम्पर्क अभियान की वर्चुअल बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा एमएलसी उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि महा-जनसम्पर्क अभियान के तहत विगत सभी कार्यक्रम व अभियान सफल व प्रभावी रहे है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क से समर्थन तथा घर-घर सम्पर्क अभियान के लिए एक बार फिर जुटना है और हर घर की दहलीज तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि प्रभावी अभियान के लिए शक्तिकेन्द्र पर जिम्मेदारियां तथा जवाबदेही तय की जाए और कार्ययोजना बनाकर सघन जनसम्पर्क के द्वारा केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाया जाए।

जिलापंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, सहकारिता क्षेत्र से जुडे पार्टी के नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मिलकर प्रत्येक गांव में मोदी सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाये। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ, फरेब व षडयंत्रकारी राजनीति का जवाब मोदी सरकार व योगी सरकार की गरीब कल्याणकारी नीतियां, सुशासन, सशक्त कानून व्यवस्था, राष्ट्रहित में समर्पित भाजपा सरकारों का प्रत्येक निर्णय तथा देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि महा-जनसम्पर्क अभियान के तहत 15 जुलाई तक प्रत्येक घर तक जनसम्पर्क करना है। सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत प्रत्येक लोकसभा में एक हजार विशिष्ट जनों से सम्पर्क करना है।



घर-घर सम्पर्क अभियान के माध्यम से प्रत्येक घर तक केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर जनमानस से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए आशीर्वाद तथा जनसमर्थन प्राप्त करना है।

अभियान के तहत जिला प्रभारी जिलों में प्रवास करेंगे। मण्डल प्रभारी शक्तिकेन्द्रों पर प्रवास सुनिश्चित कर बूथ अध्यक्षों के साथ अभियान को गति देंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय परिसरों में शिक्षकों तथा युवाओं के बीच सम्पर्क से समर्थन अभियान के माध्यम से 9090902024 पर मिस्ड कॉल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए पार्टी के नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता पहुंचेंगे।बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

# विकसित पर्यटन स्थलों का अंकित होगा इतिहासः जयवीर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रदेश में स्थित महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक पर्यटन स्थल जिनका विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार द्वारा पर्यटन सुविधाये विकसित की है, उनके ऐतिहासिक महत्व एवं मान्यता संबंधी सम्पूर्ण विवरण अंकित करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्यटक स्थलों के बारे में विस्तार से सूचनाये दर्शाने से दूर दराज के स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचने में आसानी होगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुँच हो सकेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन स्थलों का इतिहास एवं उनके संबंध में जनश्रुतियों तथा मान्यताओं का विवरण दर्शाने के लिए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम को निर्देश दिये गये हैं। पर्यटन मंत्री ने प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में ऐतिहासिक धार्मिक तथा पौराणिक महत्व के पर्यटन स्थल मौजूद हैं। देश-विदेश के सैलानी आते रहते हैं। इन स्थलों के अलावा अल्पचर्चित पर्यटन स्थल भी हैं। इनको पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने के लिए पर्यटन विकास का कार्य कराया गया है। इन स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचने के लिए इन स्थलों का पूरा विवरण तथा इतिहास आम जनता को पता होना चाहिए। इसको दृष्टिगत रखते हुए विकसित किये गये पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया जाना जरूरी है। बहुत से पर्यटन स्थल ऐसे हैं जिनके बारे में आम जनता की आस्था जुड़ी हुई है। इनके धार्मिक महत्व के बारे में लोगों की मान्यतायें बहुत गहराई तक जुड़ी हुई हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक पर्यटन स्थलों का इतिहास लेखन जरूरी है। उन्होंने इतिहास लेखन की कार्यवाही को प्राथमिकता देते हुए ससमय पूरा कराने की अपेक्षा की है।

## खबरें एक नजर में

### रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा सीएम को पत्र

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कोरोना महामारी के दौरान किसानों, मजदूरों एवं आम नागरिकों पर दर्ज हुए मुकदमों को वापस लेने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। श्री सिंह ने अपने लिखे हुए पत्र में अवगत कराते हुए कहा कि विगत वर्षो में पूरे विश्व में भयंकर कोरोना महामारी से भारी जन धन हानि हुई है जिसकी भरपाई अभी भी विश्व नहीं कर पाया है। ऐसे में हमारे देश एवं प्रदेश में भी कोरोना महामारी के दौरान जब उत्तर प्रदेश के लोग अपनी रोजी रोटी छोड़कर रोते बिलखते घरों के लिए पैदल ही पलायन कर रहे थे उस समय कई धाराओं में कोरोना महामारी अधिनियम के अंतर्गत लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। कोरोना महामारी का दंश अभी भी देश झेल रहा है उससे उबर नहीं पाया है।श्री सिंह ने कहा कि ऐसे में दो वक्त की रोटी के लिए तरस रही जनता पर मुकदमा करना कहीं से भी न्यायसंगत नहीं था। लोगों को तारीख पर जाने के लिए अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद करना पड रहा है और साथ ही समय तो बर्बाद हो ही रहा है। पूरे प्रदेश में कोरोना महामारी अधिनियम के अंतर्गत जितने भी मुकदमे विचाराधीन हैं, जनहित में उनको वापस लेने की आवश्यकता है राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने योगी सरकार से मांग की कि कोरोना महामारी के दौरान लिखे गए दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को खारिज कराया जाए ताकि आम जनता का उत्पीड़न रुक सके।

### बीजेपी ने 80 लोकसभा सीटों का फॉर्मूला किया तय

लखनऊ । कहते है राजनीति में दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां 2024 में यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर जीत का मास्टर प्लान बना रही है। वहीं राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को लेकर बैठक की। लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में यूपी की 80 लोकसभा सीटों का फॉर्मूला तैयार किया। पार्टी सूत्रों की मानें तो भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी अनुप्रिया पटेल की पार्टी को लोकसभा में दो सीट देने पर सहमति बनी है। एक सीट पर अनुप्रिया पटेल अपना दल एस के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी जबकि दूरसी सीट पर भाजपा के सिब्बल पर अपना दल का प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरेगा। निषाद पार्टी को भाजपा ने यूपी में सिर्फएक सीट देने का फैसला लिया है बड़ी बता यह है कि निषाद पार्टी का प्रत्याशी भाजपा के सिंबल पर ही चुनाव लड़ेगा। वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को एक सीट देने का फैसला किया। हालांकि इस सीट पर भाजपा के ही सिव्ब्ल पर प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतरना होगा। फिलहाल ओम प्रकाश राजभर का भाजपा के साथ गठबंधन अभी नहीं हुआ। अब देखना होगा कि राजभर किस पार्टी से गठबंधन करते है।

### वन महोत्सव के अवसर पर एलयू में पेड़ लगाने की पहल ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण को दिया बढ़ावा

लखनऊ, । लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक हरित और स्वच्छ कैंपस बनाने के लिए समर्पित रहा है। पर्यावरण को और बेहतर बनाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, कैलाश गर्ल्स हॉस्टल ने वन विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से वन महोत्सव के अवसर पर एक पेड़ लगाने की पहल की। इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और विश्वविद्यालय अधिकारियों ने भाग लिया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इसके पूर्व भी 26 जनवरी 2020 को अपने परिसर और संबद्ध कॉलेजों में 26 हजार से अधिक पेड़ लगाकर ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वन महोत्सव के अवसर पर कैलाश गर्ल्स हॉस्टल के छात्रों ने लगभग सौ पेड़ लगाए। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने इस पहल को समर्थन दिया और छात्रों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर प्रो पूनम टंडन, डीन छात्र कल्याण और डीन एकेडमिक्स, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो बाबिता जयसवाल, प्रो राकेश द्विवेदी, मुख्य कुलनुशासक प्रो अनूप सिंह, चीफ प्रोवोस्ट और अन्य होस्टल के प्रोवोस्ट भी इस अवसर उपस्थित थे। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करना था। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने आसपास के पर्यावरण को संरक्षित रखने और विकसित करने के लिए संकल्पित रहा।

### फार्मेसिस्टों ने मनाई फार्मेसी रत्न राम उजागिर पांडेय की जयंती

लखनऊ । डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री फार्मेसी रत्न राम उजागिर पांडेय की 20वी पुण्यतिथि पर आज प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि आज बलरामपुर चिकित्सालय, सिविल, लोकबंधु सहित सभी चिकित्सालयों में फार्मेसिस्टो ने स्व राम उजागर पांडे को याद किया, उन्हें श्रद्धांजलि दी। सिविल अस्पताल में प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एच एन चौधरी ने स्व पांडे के चित्र पर माल्यार्पण किया। चीफ फार्मेसिस्ट अजय मिश्रा, पीसी पंत, डी एस पांडे, एमपी चौधरी, एनएमएस सुनील श्रीवास्तव, धीरज, राम कैलाश, रविन्द्र यादव सहित अनेक फार्मेसी प्रशिक्षुओं ने भी पुष्पांजलि दी। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि स्व पांडे ने उत्तर प्रदेश के फार्मेसिस्टो को संगठित करने का कार्य किया, प्रदेश में फार्मेसी की शिक्षा शुरू होने के पश्चात फार्मेसी व्यवसाय और फार्मेसिस्टों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाने का पूरा श्रेय स्वर्गीय पांडे को जाता है। फेडरेशन के संयोजक के के सचान, जिला सचिव जीसी दुबे ने कहा कि स्व पांडेय ने फार्मेसी छात्रों कोएकजुट कर संघर्ष की शुरुवात की थी और संघ का गठन किया था। फार्मासिस्ट संवर्ग में चीफ फार्मेसिस्ट से लेकर संयुक्त निदेशक तक के पद सृजित कराये। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी स्व पांडेय की पुण्यतिथि पर रक्तदान, सेमिनार, फल वितरण सहित अनेक जनोपयोगी कार्यक्रमो का आयोजन किया गया । यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने विभिन्न जनपदों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

# अपोलोमेडिक्स ने 100 सफल ऑर्गन ट्रांसप्लांट पूरे कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के अल्ट्रामॉडर्न मेडिकल फैसिलिटी से इलाज उपलब्ध कराने में अग्रणी, अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल्स लखनऊ ने 100 सफल ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ इस क्षेत्र का एकमात्र ऐसा प्रतिष्ठित निजी अस्पताल है, जहां कैडवेरिक (मृत शरीर से मिलने वाले) लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है।इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, अपोलो अस्पताल के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर और सीनियर पेडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल ने अस्पताल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया,÷अपोलो ट्रांसप्लांट प्रोग्राम अल्ट्रा मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराने वाला दुनिया के सबसे बड़े ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम्स में से एक है। अपोलो के ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के तहत वर्ष 2012 से सालाना 1200 से अधिक आर्गन ट्रांसप्लांट हो रहे हैं रहे हैं, जब इस प्रोग्राम के तहत एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक प्रत्यारोपण के महत्वपूर्ण आंकड़े को हासिल किया गया था। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि वर्ष 2020 जब कोविड महामारी अपने चरम पर थी तो उस चुनौतीपूर्ण वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत 814 सफल प्रत्यारोपण किए गए। वहीं वर्ष 2022 में, असाधारण परिणामों के साथ 1641 प्रत्यारोपण पूरे किए गए, जो अपोलो द्वारा उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने में विश्वास और अपोलो के ट्रांसप्लांट प्रोग्राम की विश्वसनीयता को प्रमाणित करता है।

# तबादलों और पदोन्नति में अनियमिताओं के आरोप

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

वाणिज्य कर विभाग में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के तबादलों और पदोन्नति में अनियमिताओं के आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी वाणिज्य कर संघ के प्रदेश महामंत्री ने वाणिज्य कर विभाग में आगरा से गाजियाबाद स्थानान्तरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र स्वीकृत नहीं किया। महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में ऐसे तमाम मामले है जिसमें चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों ने स्थानान्तरण नीति के आधार पर प्रार्थना पत्र दिए लेकिन विचार नही किया गया। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि नियमानुसार सचल दल इकाइयों में 1 वर्ष की तैनाती होती है लेकिन 4 वर्षों से कर्मचारी जमे है। जिससे पूरे प्रदेश के कर्मचारी एवं अधिकारियों में अंदरूनी आक्रोश है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि कैण्डर स्ट्रेंक्रर को लेकर आईआईएम की रिपोर्ट सालों से रद्दी की टोकरी में धूल खा रही है लेकिन इस का अनुपालन अब तक नही किया गया और इससे भी विभाग में आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश महामंत्री और अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के जनरल सेकेटरी सुरेश सिंह यादव कहा कि ऐसे ही अन्य विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारियों की काफी संख्या कमी होने के कारण एक-एक कर्मचारी से कई अधिकारियों एवं कई अनुभवों का कार्य लिया जा रहा है। दिन में राजकीय कार्य के साथ रात की चौकीदारी भी करनी पड़ती है। कर्मचारियों की कमी को देखते हुए संविदा पर रखने के निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं लेकिन उस पर भी कोई विचार गंभीरता से नहीं किया जा रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का बराबर जिलों में उत्पीड़न किया जा रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का दूर जनपद में भी स्थानातरण किए गए। लगभग प्रत्येक विभागों में चतुर्थ श्रेणी के 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त है इन्हें तत्काल भरा जाए।वाणिज्य कर विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से 20 वर्षों से वाहन चालक का कार्य लिया जा रहा है और शासन द्वारा 20 प्रतिशत कोटे के आधार पर अब तक उनका चालक के पदों पर पदोन्नति नही की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय कमिश्नर द्वारा चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की समस्याओं का त्वरित निदान करने के निर्देश के बावजूद अधिनस्थ अधिकारी मनमानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के साथ की गई अनियिमिता, असाध्य बीमारी से ग्रस्त कार्मिकों के तबादलों पर रोक और अन्य मांगों पर कार्रवाई नही की जाती तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ आन्दोलन के लिए बाध्य होगा।

# डिप्टी सीएम ने सीएमओ और सीएमएस को दिए निर्देश, एंटी स्नेक वैनम, डायरिया की दवा का रखे स्टॉक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बारिश में तमाम तरह की बीमारियां दस्तक देती हैं। इसमें त्वचा रोग, सर्पदंश, डायरिया व मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। सभी प्रकार के संक्रामक रोगों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारी रखें। अस्पतालों में पर्याप्त एंटी स्नैक वैनम का इंतजाम कर लें ताकि रोगियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बृस्पतिवार को प्रदेश के सभी सीएमओ व सीएमएस को अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त स्टाक जुटाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि बारिश में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि की आशंका रहती है। एंटी स्कैन वैनम का सीएचसी, जिला स्तरीय अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम कर लिया जाये। इमरजेंसी में एंटी स्नैक वैनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। किसी भी रोगी के लिए बाहर से दवाएं न मांगयी जाये। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि बारिश में संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ जाती है। लिहाजा डायरिया, बुखार, सर्दी-जुकाम, त्वचा रोग, पेट दर्द जैसी दवाओं का स्टाक जुटा लें। पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जाँचें भी 24 घंटे हों। यदि किसी इलाके में संक्रामक रोग फैलने की सूचना मिलती है तो सीएमओ टीम भेजकर राहत कार्य करायें। संक्रामक रोगों की रोकथाम में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एम्बुलेंस सेवाएं भी रोगियों के मदद के लिए तत्पर रहें। मेडिकल मोबाइल यूनिट रोस्टर के हिसाब पर जायें। ताककि रोगियों को डॉक्टर की सलाह, जरूरी जाँच और दवायें उपलब्ध कराई जा सकें।

# न जानें क्यों नौकरी छोड़ रहे हैं ब्यूरोक्रेट!



- यूपी कैडर के एक और आईएएस अफसर ने मांगा वीआरएस
- सीएम बनते ही योगी ने बनाया था विशेष सचिव

विकास तिवारी। लखनऊ

यूपी कैडर के एक और आईएएस अधिकारी ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति यानि वीआरएस के लिए अर्जी दी है। पिछले एक साल के दौरान ऐसा करने वाले राज्य कैडर के ये चौथे आईएएस अधिकारी हैं। नयी दिल्ली में यूपी के रेजिडेंट कमिश्नर के पद पर तैनात 2003 बैच के आईएएस अधिकारी रिग्जियान सैम्फिल ने स्वास्थ्य संबंधित कारणों के आधार पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देने का अनुरोध किया है। सैम्फिल पिछले एक साल में उत्तर प्रदेश कैडर के चौथे आईएएस अधिकारी हैं जिन्होंने वीआरएस मांगा है। सैम्फिल द्वारा किए गए अनुरोध की पुष्टि करते हुए सूत्रों ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी समस्या के आधार पर वीआरएस मांगा है और इसपर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी के मुताबिक लद्दाख से ताल्लुक रखने वाले सैम्फिल वापस जाएंगे। इससे पहले पिछले साल रेणुका कुमार 1987 बैच, जुथिका पाटणकर 1988 बैच और विकास गोठलवाल 2003 बैच ने वीआरएस मांगा था। 2003 बैच के आईएएस अधिकारी रिग्जियान सैंफिल अपनी सेवा से रिटायर होना चाहते हैं।उन्होंने मेडिकल ग्राउंड पर वीआरएस की मांग की है। 2017 में मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने रिग्जियान सैंफिल को विशेष सचिव बनाया था। रिग्जियान समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार में भी सीएम ऑफिस में तैनात थे। तब वे मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का कार्य देखते थे। रिग्जियान सैंफिल जब कुशीनगर के डीएम थे तब उन्हें प्रधानमंत्री का अवॉर्ड मिला था। 2018 में जम्मू कश्मीर की मुख्यमंत्री रहते महबूबा मुफ्ती ने रिग्जियान सैंफिल को पर्यटन सचिव बनाया था। वह डेपुटेशन पर जम्मू कश्मीर गए थे। रिग्जियान की छवि एक ईमानदार अफसर के तौर पर रही है। उनकी वीआरएस की अर्जी ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ब्यूरोक्रेट वीआरएस क्यो मांगने लगे हैं। क्योंकि एक साल में ये चौथे अफसर हैं जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृति मांगी है।

## रामगोपाल सपा की चिंता करें, बीजेपी में नहीं होगी टूटः राकेश



लखनऊ । प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा, रामगोपाल यादव सपा की चिंता करें, भाजपा में टूट नहीं होगी।कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने घ्समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने अखिलेश यादव के एनडीए को हराने के लिए पीडीए यानि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के बयान पर कहा कि जब सपा अध्यक्ष सरकार में थे तब पीडीए याद नहीं आया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यकों के लिए काम कर रही है। 2024 के चुनाव में निरूसंदेह भाजपा फिर जीतेगी और सरकार बनायेगी। श्री सचान ने कहा कि रामगोपाल यादव अपनी पार्टी की चिंता करें, भाजपा में कोई टूट नहीं होगी।

# जयंत वजूद बनाए रखेंगे या भाजपा में जाएंगे, वेस्ट यूपी की 12 लोकसभा सीटें केंद्र की राजनीति के लिए अहम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पश्चिमी यूपी में जाट और किसानों की राजनीति के बूते कभी राष्ट्रीय लोक दल देश की सत्ता तक पहुंची थी। अब आरएलडी के बीजेपी के साथ नए गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज हैं। पार्टी की कमान संभाल रहे जयंत चौधरी अपना वजूद बचाए रखेंगे या भाजपा के साथ विलीन हो जाएंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। सियासत के पंडित मानते हैं कि इस बार जयंत चौधरी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा फैसला लेकर सबको चौंका सकते हैं। जयंत के सामने 2 विकल्प हैं। पहला, बीजेपी के साथ गठबंधन करके पश्चिम की 12 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े। दूसरा, विपक्ष के महागठबंधन का हिस्सा बन जाए और तीसरा, पश्चिम में अपने प्रभाव वाली सीट पर प्रत्याशी उतारकर ज्यादा से ज्यादा सांसद रालोद के बनाए। फिर, इसी आधार पर केंद्र में मजबूत भूमिका में आएं। जयंत चौधरी उस परिवार से आते हैं, जिसमें से चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। वो किसान और जाट की राजनीति करते थे। चौधरी अजीत सिंह के देहांत के बाद पूरी पार्टी को जयंत चौधरी ने संभाला। अब ये उनकी जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय राजनीति में अपने परिवार की तरह पुराना मुकाम फिर हासिल करें। वो मजबूती से 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, विकल्प सपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन का है। लेकिन, मौजूदा समीकरण में बीजेपी की तरफ उनका सॉफ्ट कार्नर पश्चिमी यूपी की राजनीति में कुछ नए आयाम गढ़ सकता है। बीजेपी को भी जयंत के जरिए, किसानों के बीच एक बड़ा चेहरा मिल सकेगा। राष्ट्रीय लोकदल का राजस्थान में एक विधायक है। जो कांग्रेस के साथ सरकार को समर्थन दे रहा है। 2024 लोकसभा चुनाव में जयंत चौधरी, हरियाणा और राजस्थान में पार्टी को मजबूत करने की तैयारियां कर रहे हैं। हरियाणा और राजस्थान में जयंत चौधरी बीते 1 साल में कई जिलों के दौरे और जनसभाएं कर चुके हैं। पश्चिमी यूपी में एक मशहूर कहावत है, जिसके जाट, उसी के ठाठ। जानकार मानते हैं कि जाट सत्ता के साथ कनेक्ट रहना पसंद करते हैं। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान और जाट नेताओं में सत्ता के साथ रहने का इतिहास रहा है। 2014 में जाटों ने खुलकर बीजेपी को



वोट दिया और दिलवाया भी। 2017 के चुनाव में जिस तरीके से जाटों ने एकतरफा बीजेपी को बहुमत दिया, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई पार्टियों का खाता तक नहीं खुल सका। ऐसे में जानकर मानते हैं कि 2024 के चुनाव से पहले जाट चाहते हैं कि उनका नेतृत्व करने वाले नेता, सत्ता के साथ रहकर चुनाव मैदान में उतरे, जिससे आने वाली सत्ता में उनकी भागीदारी मजबूत हो सके। वैसे तो जाट समुदाय की आबादी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्रभाव में मानी जाती है। लेकिन खासकर यूपी के पश्चिमी जिलों में स्थिति बेहद मजबूत है। यूपी में जाट प्रभाव वाले जिले मेरठ, मथुरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, आगरा, बिजनौर, मुरादाबाद, सहारनपुर, बरेली और बदायूं हैं। भले ही पूरे यूपी में जाट समुदाय की आबादी 4 से 6 फीसदी के बीच हो, लेकिन जाटलैंड की इतनी चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि पश्चिमी यूपी के कुल वोट में करीब 17: हिस्सेदारी जाट समुदाय की है। इस इलाके की 120 विधानसभा सीटों और 18 लोकसभा सीटों पर जाट वोट बैंक असर रखता है। इन्हीं में 12 लोकसभा सीट पर जयंत ताकत लगा रहे हैं। जयंत के पास विरासत में मिले जाट, गुर्जर, राजपूत और मुसलमानों का ही वोट है। अगर वो बीजेपी के साथ आते हैं, तो मुसलमान उनका साथ छोड़ सकता है। बीजेपी के खिलाफ जाते हैं, तो जाट, गुर्जर और राजपूत हाथ छोड़ सकते हैं। जयंत का साथ आने से बीजेपी के लिए जाट वोट में बिखराव का खतरा कम हो जाने जैसा है।2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान अमित शाह ने जाट नेताओं के साथ बैठक में जयंत और अखिलेश के गठबंधन पर कहा था कि जयंत ने गलत घर चुन लिया है, उन्हें नुकसान होगा। शाह ने तब जाट नेताओं से कहा था कि बीजेपी को रालोद से कोई परहेज नहीं है और आप लोग जयंत से अगले चुनाव के लिए बात कर लीजिए। जयंत चौधरी का पटना में विपक्षी दलों की बैठक में नहीं जाना एक सवाल खड़ा करता है। हालांकि पार्टी ने कहा कि जयंत लंदन में थे इसलिए नहीं गए। लेकिन ऐसा लगता है कि वो विपक्षी नेताओं से अभी दूरी बनाए रखना चाहते हैं। बेंगलुरु में दूसरे राउंड की बैठक में जयंत का कदम बताएगा कि वो 2024 में बीजेपी की तरफझुकेंगे या कांग्रेस की ओर? सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि बीजेपी ने जयंत चौधरी को पार्टी में विलय तक का ऑफर दिया था लेकिन वो इसको खारिज कर चुके हैं। रालोद के सूत्रों ने भी कबूल किया कि जयंत चौधरी के पास बीजेपी का ऑफर है। ऑफर क्या है, ये वो बताने से मना कर रहे हैं। अगर जयंत ये 2: वोट लेकर एनडीए में आ जाते हैं, तो पश्चिमी यूपी की सारी सीटें बीजेपी एक बार फिर जीत सकती है। अनुमान है कि पश्चिमी यूपी के वोटर्स में मुसलमान 32:, दलित 26:, जाट 17: हैं। जयंत की पार्टी की ताकत जाट और मुसलमान साथ में थे, जो 2014 के बाद बिखर चुका है। जाट का एक बड़ा हिस्सा बीजेपी के साथ है। इसके अलावा पश्चिमी यूपी के गुर्जर, सैनी, कश्यप, ठाकुर, शर्मा, त्यागी जाति के वोट का ज्यादातर हिस्सा बीजेपी के साथ है।

# मुखर्जी ने किया था अनुच्छेद 370 का विरोध: योगी

- डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को जयंती पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन
- नारा दिया था एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अनुच्छेद 370 का विरोध किया था, जिसके चलते उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। आज उन्हीं के प्रेरणा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 को खत्म किया है और जम्मू-कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की औद्योगिक नीति में मुखर्जी का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अकाल के दौरान डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मानवता की सेवा की। योगी ने आरोप लगाया कि जब बंगाल में अकाल पड़ा था, तब तत्कालीन केन्द्र की नेहरू सरकार ने तुष्टीकरण किया था।सीएम योगी गुरुवार को पार्क रोड स्थित सिविल हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो उन्होंने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की।सीएम योगी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सरकार से मतभेद उस समय भी देखने को मिला था, जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने भारत के संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 जोड़कर देश की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया था। उसका श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जमकर विरोध किया था। उस समय उन्होंने नारा दिया था एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे।सीएम योगी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त, प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात शिक्षाविद थे। आजादी के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।केवल 35 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में शिक्षा क्षेत्र अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। आजादी के पूर्व बंगला में आई अकाल की त्रासदी के समय उन्होंने मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।सीएम योगी ने कहा कि भारत के प्रति डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।



# नगर आयुक्त ने जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार नगर निगम लखनऊ अंतर्गत वर्षाऋतु के दृष्टिगत जलभराव की समस्याओं से निपटने के लिए रणनीति बना कर तैयार की गई कार्ययोजनाओं को लगातार अमल में लाया जा रहा है। साथ ही भारी बारिश के बाद नगर में उनके द्वारा जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण कर जायजा भी लिया जा रहा है। जिस क्रम में आज भी दिन में हुई वर्षा के बाद शहर का भृमण कर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण में सर्वप्रथम नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा चीफ इंजीनियर महेश वर्मा के साथ जोन 03 क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां छन्नीलाल चौराहे के निकट सड़क में सीवर धंसा हुआ पाया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से भरवा कर उसके मरम्मत का कार्य करवाये जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता जोन 03 को दिए गए।कुर्सी रोड स्थित आर.आर. विभाग के आर नाले का निरीक्षण किया गया। अधिकांश रूप से इस नाले में अलीगंज क्षेत्र का पानी आता है। नाले में जगह जगह गंदगी व कूड़ा कचरा व्याप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से टी.एम.एस. मशीन के माध्यम से नाले की सफाई कराए जाने के निर्देश चीफ इंजियर (विद्युतध्यांत्रिक) को दिए गए।जोन 03 अंतर्गत जानकीपुरम स्थित बाढ़ पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जिसको क्रियाशील करने के लिए वहां मौजूद तीन ट्रांसफार्मर जिनका विद्युतीकरण नही हुआ था। उसके लिए लेसा विभाग से समन्वय स्थापित कर उन ट्रांसफार्मर्स को जल्द से जल्द क्रियाशील करवा कर पम्पिंग स्टेशन को सक्रिय किये जाने के निर्देश नगर अभियंता पुनीत ओझा को दिए गए। जानकीपुरम सेक्टर डी क्षेत्र में जल भराव की प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया गया तथा पम्प लगवा कर तत्काल प्रभाव से जल निकासी सुनिश्चित करवाये जाने हेतु नगर अभियंता को निर्देशित किया गया।साथ ही जल भराव के बाद आस पास के इलाकों,कॉलोनी में व्याप्त गंदगी को साफकरवाये जब के निर्देश जोनल सैनेट्री अधिकारी जोन 03 को दिए गए।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने नही सुनी तो मुख्यमंत्री से शिकायत

लखनऊ। लगता है, राजधानी की पुलिस फिर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है। सनब्रीज अपार्टमेंट में रहने वाले एक अफसर सोसाइटी में सांप्रदायिक उन्माद फैला रहे हैं। स्थानीय लोग डरे सहमें हैं। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जो महिलाओं से छींटाकशी करते हैं। स्थानीय निवासियों ने नजदीकी थाने में इसकी शिकायत की है लेकिन पुलिस लचर कार्यवाही की आदत छोड़ नही रही। उसकी कार्यवाही 9 दिन चले अढ़ाई कोस वाली है। शिकायत के बावजूद कार्यवाही न होने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

### युनिफार्म सिविल कोड के बारे में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर अमल करें: खालिद रशीद

लखनऊ। इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने बयान में मस्जिदों के इमामों से अपील की है कि वह जुमे की नमाज़ से पहले अपने बयान में युनिफार्म सिविल कोड के बारे में बतायें। उन्होंने कहा कि ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर अमल करते हुए एक ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते यूनिफार्म सिविल कोड के विरूद्ध अपनी राय ईमेल अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से लॉ कमीशन ऑफइण्डिया को भेजें। मौलाना ने कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड के लागू होने से इस्लामी शरीअत के कई अहकाम पर असर पड़ेगा। ये कानून मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों पर नेगेटिव असर डालेगा। उन्होंने कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड मुसलमानों को किसी भी सूरत में कबूल नहीं है। इसका विरोध हिन्दुस्तानी नागरिक होने के नाते किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी राय देने के लिये मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा जारी की गई निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें।

### किसान यूनियन का जिलाधिकारी को ज्ञापन

बाराबंकी। जनपद के फतेहपुर तहसील के अंतर्गत सरकारी अभिलेखों में कूट रचना कर 5 बीघे सरकारी जमीन बेचने का मामला सामने आया है ग्राम फिरोजपुर के झिझरा चौराहे पर सरकारी रिकार्डो में बंजर व नवीन पढ़ती के रूप में दर्ज था। लेकिन कुछ सालों पहले दौलतपुर के पूर्व प्रधान अमित सिंह व उनके साथियों ने सरकारी अभिलेखों में हेरफेर व कूट रचना कर जमीन अपने नाम पर दर्ज करवा ली सरकारी अभिलेखों में एक ?ीं वाद का हवाला देकर कागजों में अपना नाम चढ़ावा कर जमीन का बैनामा भी करवा लिया क्या जबकि जिस वाद का हवाला दिया गया था वाह वाद चकबंदी के रिकॉर्ड में कभी चला ही नहीं था। कागजों में ओवरराइटन के अंग्रेजी के अंकों में वाद संख्या दर्ज करवाई गई थी जबकि 1969 में ओवर राइटिंग के तहत फर्जी वाद संख्या को अंग्रेजी में दर्ज करवा लिया था और बाद में उसी आधार पर रिकार्डो में अमित सिंह के साथी के नाम दर्ज हो गया और अपने साथी से अमित सिंह ने अपने नाम पर बेनामा करवा लिया।

### अभियान में 75 अस्थाई तथा 10 अवैध कब्जे वाली दूकानों को हटाया

लखनऊ । शहर में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर व्याप्त अतिक्रमण को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया जा रहा है। शहर में आज चलाए गए अभियान में 75 अस्थाई अवैध अतिक्रमण सहित दस अवैध कब्जे वालली दूकानों को ध्वस्त किया गया। जोन-2-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड राजाबाजार में कान्वेशन सेण्टर से होते हुऐ खदरा वाले पुल तक के आस-पास अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग से 15 से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटायें गये। जोन-3-क्षेत्रान्तर्गत डालीगंज रेलवे क्रासिंग से शिया पी0जी0 डिग्री कॉलेज होते हुए पक्का पुल तक सीतापुर रोड की दोनो पटरियों से कुल 55 अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया तथा एक ट्रक सामान जब्त किया गया। जोन-4-क्षेत्रान्तर्गत मिठाई वाला चौराहा के आस पास व मुर्गा मंडी चिनहट तिराहे से कमता चौराहा के रास्ते हाईकोट आईजीपी, सीएनजी रोड होते हुए मंत्री आवास तक एंव समता मूलक चौराहा होते हुए 1090 चौराहा (दोनो पटरी) तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान में 2 ठेला, 3 बड़े काउण्टर, 3 बेंच, 2 तख्त व अन्य समान को जब्त किया गया।जोन-7-क्षेत्रान्तर्गत मंशीपुलिया से अरविन्दो पार्क होते हुए पानी गाँव तर्क व आस-पास के क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया चलाया गया। जिसमें अरविन्दो पार्क के सामने जूता-चप्पल की 10 अस्थायी दुकानों को ध्वस्त किया गया तथा 15 गुमटी, ठेलों को एवं 15 अवैध प्रचार सामग्री को हटवाया गया साथ ही पुन: अतिक्रमण न करने हेतु सचेत किया गया। जोन-8-क्षेत्रान्तर्गत अशियाना थाना के अन्तर्गत पावर हाउस चौराहे के पास प्रेम प्लाजा के सामने व पी.जी.आई. थाने के अन्तर्गत तेलीबाग मे लगने वाली अवैध मच्छली मंण्डी को पूर्ण रूप से हटवाया गया एवं वृन्दावन गेट पी.जी.आई. के सामने से अस्थाई ठेले, खुमचो को हटवाया गया, अभियान के दौरान 05 अस्थाई टट्टर, 03 बेंच, 04 तख्त का जब्त करने के साथ एक ट्रक सामान जब्त किया गया।

### लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 21 से 23 जुलाई 2023 तक

लखनऊ । जिला बैडमिंटन के सचिव अनिल ध्यानी के अनुसार जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 21 से 23 जुलाई 2023 को गोमतीनगर स्थित बी.बी.डी. के बैडमिंटन हॉल में होनी निश्चित की है। इसमे 11 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक-बालिका पुरुष,महिला की एकल, युगल एवं मिश्रित युगल स्पर्धा होगी (वेटरन स्पर्धा नही) 11 वर्ष एवं 13 वर्ष बालक-बालिका में मिश्रित युगल स्पर्धा नही होगी। इस चौम्पियनशिप के आधार पर जिला बैडमिंटन टीम का चयन होगा। जो राज्य एवं अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता,चैम्पियनशिप में भाग ले सकेगें। जिनका जिला टीम में चयन होगा। प्रवेश फार्म 10 तारीख से बैडमिंटन हाल से प्राप्त कर सकते है। पंजीकरण 15 जुलाई से 18 जुलाई तक शाम 04 बजे से लेकर शाम 7 बजे को जमा कर सकते है।

# एचआईवी जांच बढ़ाने की जरूरत: शर्मा

- एड्स कंट्रोल सोसायटी के रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी कार्यालय में मंगलवार को प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। प्रमुख सचिव ने एचआईवी जांच का दायरा बढ़ाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सोसायटी स्तर से प्रदेश में प्रचार-प्रसार गतिविधियों को और बेहतर व प्रभावी बनाने की जरूरत है। वर्तमान में युवाओं मे टैटू बनवाने के क्रेज को देखते हुए टैटू पार्लर में एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता लाने के साथ ही आवश्कतानुसार जांच कराए जाने का भी सुझाव दिया। बैठक के प्रथम चरण में सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने कार्यक्रमों को लेकर कई आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सोसायटी स्तर पर रिक्त महत्वपूर्ण सभी पदों विशेषकर प्रतिनियुक्ति वाले पदों को जल्द से जल्द भरा जाये। सोसायटी के तहत संचालित एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्रों आईसीटीसी में से जिन केंद्रों पर वार्षिक जांच की संख्या 300 से कम है, उन्हें नोटिस देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जांच का दायरा बढ़ाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। सोसायटी द्वारा संचालित सुरक्षा क्लिनिक पर की जा रहीं गतिविधियों का अनुश्रवण किया जाए।प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन नाको भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष जिन केंद्रों का प्रदर्शन कमजोर है, उनकी सूची तैयार की जाए। बेहतर प्रदर्शन न करने वाली सुरक्षा क्लिनिक इकाइयों में से एक चौथाई केंद्रों की नियमित सघन मॉनिटरिंग करते हुए उनका प्रदर्शन सुधारा जाये। हाईवे पर स्थित ढाबों की मैपिंग की जाए, जिससे ट्रक चालकों आदि को जागरूक किया जा सके और एचआईवी परीक्षण भी हो सके। जनपदीय स्तर पर जारी बजट के सापेक्ष लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र को जल्द से जल्द प्राप्त कर धनराशियों का समायोजन पूर्ण किया जाए।बैठक में सोसायटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक पिंकी जोवेल तथा सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल ने विचार प्रस्तुत किये और प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार आगे की रणनीति बनाए जाने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए।




पॉच मालन्यू से भू गर्भ जल विभाग द्वारा अटल जल शक्ति यात्रा रथ को झण्डी दिखाकर रवाना करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य

सीएम शिवराज पर बिफरीं मायावती

# चुनाव में दलित व मुस्लिम समाज मांगेगा सरकार से हिसाब

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पेशाबकांड के पीड़ित आदिवासी युवक के पांव धोने को राजनीतिक नाटकबाजी करार देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त दलित और मुस्लिम समाज विधानसभा चुनाव में सरकार से हिसाब जरूर मांगेगा। मायावती ने गुरूवार को ट्वीट किया'' मध्यप्रदेश के सीएम द्वारा सीधी जलि के पेशाबकाण्ड के पीड़ित आदिवासी युवक को लगभग 600 किलोमीटर दूर भोपाल बुलाकर सीएम हाऊस में कैमरा के घेरे में उसके पैर धोना सरकारी पश्चाताप कम तथा इनकी नाटकबाजी व चुनावी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है। ऐसा नुमाइशी कार्य क्या उचित। उन्होने कहा '' चूंकि मध्य प्रदेश में विधानसभा का आम चुनाव निकट है, इसलिये सरकार की ऐसी बेचौनी स्वाभाविक किन्तु पूरे राज्य में खासकर एससी,एसटी,अतिपिछड़े व मुस्लिम समाज के साथ ही सर्वसमाज के लोगों का महंगाई व बेरोजगारी आदि से इनका जीवन जितना त्रस्त हुआ है उसका हिसाब वे जरूरत ही मांगेगे। गौरतलब है कि सीधी पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी युवक से शिवराज सिंह चौहान ने माफी मांगी और उसके पांव पखारे। उन्होंने कहा कि वह इस घटना से दुखी हैं और माफी मांगते हैं। उन्होने कहा कि आरोपी को ऐसी सजा मिलेगी जो मिसाल बनेगी।

# हरिद्वार जाने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए रोडवेज की ढाई सौ बसें तैयार

- गाजियाबाद क्षेत्र से 250 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगी योगी सरकार
- श्रावण मास के दौरान हरिद्वार जाने वालों श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत की गई व्यवस्था
- कौशांबी से 40, बुलन्दशहर, लोनी, साहिबाबाद, हापुड़ स्टेशन से 35-35 व खुर्जा से जाएंगी 30 बसें

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

योगी सरकार ने श्रावण मास को देखते हुए गाजियाबाद क्षेत्र में कुल 250 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। कांवड़ यात्रियों को परिवहन की उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम की तरफ से श्रावण मास में भी निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्हें हरिद्वार जाने में असुविधा न हो, इसी के दृष्टिगत गाजियाबाद क्षेत्र स्थित कौशाम्बी बस स्टेशन से 40, बुलन्दशहर, हापुड़, लोनी, साहिबाबाद बस स्टेशन पर 35-35 बसें, खुर्जा बस स्टेशन पर 30 बसें, सिकन्दराबाद, गाजियाबाद में 20-20 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था किये जाने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद को दिये गये हैं।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आवागमन के बेहतर प्रबंधन हेतु प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रावण मास की शिवरात्रि पर्व (जलाभिषेक) 15 जुलाई को मनाया जा रहा है। उक्त पर्व पर महत्वपूर्ण बस स्टेशनों से हरिद्वार जाने वाले कावड़ यात्रियों की संख्या अत्यधिक रहती है। यात्रियों की उपलब्धता को देखते हुए उन्हें परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में परिवहन निगम अपनी पूरी तैयारियां कर रहा है। बसों के रात्रि संचालन हेतु स्टेशन प्रभारी एवं कार्मिकों की ड्यूटी निर्धारित करने के भी निर्देश दिये गये हैं, जिससे कि रात्रि में बसों का संचालन बेहतर तरीके से हो सके। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि कावड़ मेला अवधि में प्रशासन द्वारा मार्ग परिवर्तित किये जाने की स्थिति में रूट को डायवर्ट किये गये मार्ग से ही बसों का संचालन करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिये हैं कि दिल्ली व गाजियाबाद से हरिद्वार वाया बिजनौर मार्ग का किराया सूची तैयार कर लें, जिससे कि पूर्व से ही यात्रियों को इसकी जानकारी हो सके।

### नई दिल्ली में एक अक्टूबर को रैली में होगा शिक्षक व कर्मचारियों का जमावड़ा

लखनऊ, । अटेवा-पेंशन बचाओ मंच, उ.प्र. के प्रदेश पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन बैठक एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने किया। बैठक में 30 जुलाई को लखनऊ में होने वाले महिला पेंशन अधिकार सम्मेलन,01 अगस्त से 09 अगस्त को सांसदों के आवास पर घंटी बजाकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग व 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में होने वाली पेंशन शंखनाद रैली की तैयारियों व संगठन को चुस्त- दुरुस्त करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा से देश के शिक्षकों व कर्मचारियों में पुरानी पेंशन बहाली के लिये नया जोश पैदा हुआ है।

# परिवहन मंत्री ने प्रवर्तन एवं यातायात प्रबंधन व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

- परिवहन आयुक्त ने उत्तराखण्ड के परिवहन आयुक्त के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
- चालकों के मादक पदार्थों के सेवन के सम्बंध में होगी विशेष निगरानी-परिवहन आयुक्त

**लखनऊ समृद्धि न्यूज** । प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए बसों के संचालन में वृद्धि के साथ बसों एवं बस स्टेशनों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। श्रावण मास में कावड़ियों का हुजूम बस अड्डों पर उमड़ता है, इसके दृष्टिगत बसों की पर्याप्त व्यवस्था करने और पड़ोसी राज्यों खासतौर से उत्तराखण्ड के परिवहन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क में रहने के निर्देश दिये।परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कांवड़ यात्रा के लिए आवश्यक प्रबंध एवं प्रवर्तन कार्रवाई किये जाने पर विचार-विमर्श किया। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों एवं उत्तराखण्ड की ओर जाने वाली परिवहन निगम की बसों की संख्या में वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करने पर चर्चा की गयी। उत्तराखण्ड के निकटवर्ती जनपदों से जाने वाली बसों के फेरे में वृद्धि करने के साथ ही कांवड़ यात्रा से वापसी के समय कांवड़ियों को समस्या न हो, इसके लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था करने पर बल दिया गया।यूपी और उत्तराखण्ड के परिवहन आयुक्तों की वीडियो कॉन्फ्रेंस में हुए निर्णय के रूप में एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने निर्देश दिये कि चालकों द्वारा किसी भी दशा में मादक पदार्थों का सेवन करते हुए बसों का संचालन न किया जाय। उन्होंने परिवहन निगम की बसों में यात्रियों के साथ उचित व्यवहार करने के भी निर्देश दिये। परिवहन निगम की बसों में यात्रियों के साथ व्यवहार उसी प्रकार करना चाहिए जैसा व्यवहार हम अपने घर आये अतिथि का करते हैं। उन्होंने कहा कि चालकों एवं परिचालकों के परिवार का भरण-पोषण इन्हीं यात्रियों द्वारा व्यय किये गये पैसों पर होता है।

# ऊर्जा मंत्री की मंशानुसार एफआईआर वापस लें

## किसी भी जनपद में रेड टीम की तैनाती एक वर्ष के लिए हो

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान पावर सेक्टर में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार की बात कहना और गरीबों पर एफआई आर और अमीरों को रहम का जिक्र करना निश्चित तौर पर बहुत ही गंभीर मामला है। ऐसे में उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से मांग करता है कि जो भी गरीब विद्युत उपभोक्ता जिनके खिलाफ एफआईआर वापस लिया जाए। भ्रष्टाचार के मामले में उपभोक्ता परिषद का हमेशा से मत रहा है कि बिजली विभाग में ऑपरेशन क्लीन को और तेज किया जाए। ऊर्जा मंत्री सहमत ही होंगे कि वर्तमान में पावर कारपोरेशन प्रबंधन ऑपरेशन क्लीन को बखूबी चला सकती है। इसलिए उन्हें पूरी छूट दी जाए कि भ्रष्टाचार पर कोई बच ना पाए।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में पूरे प्रदेश में विजिलेंस टीम व रेड टीम की शिकायतें बड़े पैमाने पर अनेको जनपदों से आती रहती है। ऐसे में ऊर्जा मंत्री सभी रेड टीम और विजिलेंस टीम के सदस्यों को किसी भी जनपद में अधिकतम एक साल से अधिक ना पोस्ट किया जाए। एक ऐसी नीति बनाई जाए की रेड टीम किसी भी जनपद में एक वर्ष से अधिक नहीं रहेगी। इस प्रकार की व्यवस्था लागू करने से निश्चित तौर पर जो चेकिंग दस्ता बरसों से एक जनपद में जमा रहता है उसका कॉकस टूटेगा। बिजली विभाग में चेकिंग दस्ते जितने भी हैं उनका जनपद में हर दूसरे महीने उनकी सर्किल बदली जाए और अनिवार्य रूप से प्रत्येक वर्ष उनको अन्य जनपद में स्थानांतरित किए जाने की व्यवस्था लागू की जाए। आज भी बड़े पैमाने पर विजिलेंस विंग व चेकिंग दस्ता एक एक जनपद में बरसों से जमे होने से उनकी सेटिंग हो जाती है।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा उपभोक्ता परिषद ने पहले भी बिजली विभाग में भ्रष्टाचार पर अलग से एक नया कानून बनाने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को ऊर्जा मंत्री के माध्यम से सौंपा था। जिस पर तत्कालीन ऊर्जा मंत्री ने कार्यवाही को आगे बढ़ाया था। लेकिन उस पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी। ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में हैं कि भ्रष्टाचार चरम पर है तो उस पर ऑपरेशन क्लीन को चलाया जाना बहुत ही जरूरी है। क्योंकि भ्रष्टाचार का था भेजा कहीं न कहीं प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता को भुगतना पड़ता है ।

# बिना नक्शा पास कराए न हो कोई भी निर्माण : डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में हुई विनियमित क्षेत्र बोर्ड की बैठक**



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र-गोंडा नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विनियमित क्षेत्र बोर्ड की 47वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न अपीलों की सुनवाई की गई। सभी अपीलों के पक्ष एवं विपक्ष को सुना गया।

बोर्ड बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राधा तिवारी बनाम सफीउल्लाह, राधा तिवारी बनाम नुरुल्लह, दयाशंकर बनाम केदारनाथ, चंद्रभान तिवारी आदि बनाम मीरा देवी आदि, राधा देवी बनाम जगन्नाथ बक्स यादव सहित कुल 8 अपीलों पर सुनवाई की। अपीलों को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पक्षों को सुनकर ही उचित फैसला किया जाएगा। किसी भी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विनियमित क्षेत्र में कोई भी निर्माण कार्य बिना नक्शा पास कराए नहीं होना चाहिए वरना संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नवीनीकरण करा ले पंजीकृत निर्माण श्रमिक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उप श्रम आयुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि यदि उनका नवीनीकरण समाप्त हो गया हो तो वे अपने पंजीकरण का नवीनीकरण उचित शुल्क देकर किसी भी जन सुविधा केंद्र/लोकवाणी से तुरंत करा ले क्योंकि बोर्ड द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि पंजीकृत श्रमिक नवीनीकृत हो।

बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का आवेदन भी जन सुविधा केंद्र पर जाकर स्वयं ही करायें और यह भी सुनिश्चित करलें कि सभी आवश्यक अभिलेख स्पष्ट अपलोड हों कार्य प्रमाण पत्र में अपना व सेवायोजक का पूरा पता और कार्यशील फोन नंबर अवश्य लिखें।

# सीबीआई ने डाकघर बड़गांव के पोस्टमास्टर को घूस की रकम के साथ रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**सीबीआई के छापे से डाकघर विभाग में मची खलबली**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



गोन्डा जनपद में सीबीआई के छापे से डाकघर में हड़कंप मच गया।सीबीआई टीम आरोपी पोस्टमास्टर से पूछताछ करने के बाद उसे अपने संग सर्किट हाउस ले गई। जहां तीन घंटे की पूछताछ के बाद उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने बृहस्पतिवार की दोपहर गोन्डा शहर के बड़गांव डाकघर में छापा मारा। यहां पोस्टमास्टर को एक खातेदार से 12500 रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। सीबीआई के छापे से डाकघर विभाग में खलबली मच गई। सीबीआई टीम ने पोस्टमास्टर से पूछताछ करने के बाद उसे अपने संग सर्किट हाउस ले गई। जहां तीन घंटे की पूछताछ के बाद उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

लोगों के मुताबिक टीम ने गिरफ्तार पोस्टमास्टर से पूछताछ शुरू कर किया तथा शिकायतकर्ता वीरेंद्र को संग लेकर सर्किट हाउस ले आई। यहां तीन घंटे की पूछताछ के बाद आरोपी डाकपाल राजाराम यादव को लेकर टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई। वहां सीबीआई ने विशेष अदालत में आरोपी को पेश किया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल रवाना करने की बात चर्चा में है।

## मण्डल स्तर के उद्यमियों को दिया जायेगा पुरस्कार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुरस्कार योजना के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम/ मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तपोषित, स्थापित, कार्यरत इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार प्रदान करने के लिए जनपद स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा जनपद स्तर पर किया जाना है। सभी इकाईयों के नाम व पता, उद्योग का नाम, बैंक से स्वीकृत/वितरित धनराशि उत्पादित उत्पाद का नाम वार्षिक उत्पाद लाख रू0 में तथा वार्षिक बिक्री लाख में एवं रोजगार संख्या अंकित करते हुए अपने आवेदन पत्र दिनांक 20.07.2023 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 122 राजा मोहल्ला, गोण्डा से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

## 10 जुलाई तक लिये जाएंगे आवेदन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोंडा के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने बताया कि प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षिक सत्र अगस्त - 2023 हेतु प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 3 जुलाई से बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है।

अब प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवेदन 10 जुलाई को रात्रि 12 बजे तक लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो छात्र आवेदन करने से छूट गए हैं वह 10 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

## खादी ग्रामोद्योग से मिलेगा निःशुल्क टूल-किट्स

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन एवं पापकार्न मेकिंग मशीन (भुर्जी समाज के कारीगर/उद्योग में रूचि रखने वाले) शिक्षित बेरोजगार महिला/पुरुष अभ्यर्थियों को इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा टूल-किट्स उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गयी है। नामांकन हेतु नवीनतम फोटो, आधर कार्ड, जाति/निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता, बैंक पासबुक एवं परिवार रजिस्टर की नकल/राशन कार्ड की छायाप्रति लाना आवश्यक है। भविष्य में योजना का लाभ नामांकित व्यक्तियों/कारीगरों को ही मिलेगा। जनपद के समस्त ग्राम प्रधान बन्धुओं से अपेक्षा है कि वे अपने ग्राम-सभा के अधिक से अधिक परम्परागत कारीगरों का जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 122 राजा मोहल्ला, गोण्डा से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर दिनांक 30.07.2023 तक नामांकन करना सुनिश्चित करें। जिसका चयन शासन द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। टूल-किट्स वितरण की सूचना अलग से प्रकाशित की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए मो0 नं0 9580503142, 7652029574 एवं 9450526513 से सम्पर्क किया जा सकता है।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने निकाली जागरुकता रैली

**यूपी ने ठाना हैं, संचारी रोगों को हराना हैं**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाजार में गुरूवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण की जागरूकता रैली निकाली गई। गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ सपना मिश्रा ने बताया कि एएनएम,आशा एंव आंगनबाडी के साथ गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया,बुखार से



बचाव के बारे में जानकारी दी। और लोगों को बताया कि घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और गंदा पानी इकट्ठा न होने दें खुली नालियों को ढंकने की व्यवस्था करें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। अगर किसी को कोई दिक्कत होती है तो अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें। एएनएम कुसुम सिंह ने बताया कि 17 जुलाई से घर-घर दस्तक अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस मौके पर सीएचओ सपना मिश्रा, अंकिता सिंह, एएनएम कुसुम सिंह, संगिनी पिंकी मौर्या, आशा सुमन, हसीना, मीना, केसरी, बबली, मधू, आंगनबाडी अंजली, अनीता मौजूद रही।

## ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी दो घायल, रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के मुकेरिया गांव के पास ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली मवेशी के सामने आने से पलट गई। जिसके नीचे दबकर चालक और श्रमिक घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रिसिया थाना क्षेत्र के जहान चक गांव निवासी अशीष कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद ट्रैक्टर चालक हैं। वह एक भट्ठे से ईंट लादकर साथी जलालू निवासी कौवा कोड़री चित्तौरा के साथ जा रहे थे। राम गांव के पास मुकेरिया के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली के सामने एक मवेशी आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ईंट लदी



ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसके नीचे दोनों दब गए। चालक और श्रमिक घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को ट्रैक्टर ट्राली और एक से बाहर निकाला गया इसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों ईंट छोड़ने महसी जा रहे थे।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने किसान को बगैर बताये खेत से चार फिट मिट्टी खोदी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कुठौंदा बुजुर्ग में कुछ लोगों ने बिना किसी अनुमति के किसान के खेत से जेसीबी मशीन लगाकर चार फीट मिट्टी खोद डाली। पीड़ित किसान ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी मंगल सिंह हाल निवासी उमरारखेड़ा उरई ने एसपी डॉ. ईराज राजा को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका खेत कुठौंदा बुजुर्ग मौजा में गाटा संख्या 70घ में स्थित है। वह घर पर नहीं रहता है। इसका फायदा उठाकर बीती 25 मई को गांव के ही फूलसिंह व राजेश ने रात में जेसीबी मशीन लगाकर खेत की मिट्टी ट्रैक्टर लगाकर उठा ली। उन्होंने उक्त मिट्टी को अपने घर में डंप कर लिया। सुबह जब आसपास के किसान खेत पर पहुंचे तो उन्होंने मिट्टी खुदाई की सूचना उन्हें दी। अगले दिन जब वह खेत पर पहुंचा तो उक्त दोनों लोग जेसीबी मशीन व चार ट्रैक्टरों से मिट्टी की खुदाई करते हुए मिले। जब उसने मिट्टी की खुदाई करने से रोका तो गाली, गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने खेत से चार फीट गहरी मिट्टी उठा ली। ऐसे में अब खेत में दो वर्ष तक वह फसल नहीं उपजा सकता है। जिससे उसे करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत तत्काल कोतवाली पुलिस को दी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित किसान ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं, एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने साथियों की समस्याओं पर किया मंथन



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई। स्थानीय गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक कैप्टन मास्टर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर कैप्टन महेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों की पेंशन को लेकर काफी समस्या आती है। इसलिए पेंशन की समस्या को लेकर हल निकाला जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से वार्ता भी की जाएगी। इसके अलावा गन लाइसेंस के रिन्यूवल को लेकर भी समस्या आ रही है। इसके लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के लिए पूर्व सैनिक जिलाधिकारी से भेंट करेंगे। कैप्टन गंगाराम पाल ने कहा कि परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव होना है। चुनाव को लेकर जो भी उम्मीदवार हैं वह अपना प्रस्ताव भेजें। परिषद की अगली बैठक में अध्यक्ष पद के चुनाव की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा पूर्व सैनिकों की अन्य समस्याओं और उनके समाधान को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर सूबेदार मेजर आशाराम दोहरे, अमर सिंह, सूबेदार रूपराम पाल, शिवसिंह, हरदत्त सिंह भदौरिया, बाबू सिंह, वीर सिंह, बलराम पाल, हवलदार नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दबंग ग्राम प्रधान पति समेत पांच पर केस दर्ज

- एसपी के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई
- ग्राम प्रधान पति पर लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का भी लगाया आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के ग्राम पंचायत उपधी के ग्राम प्रधान, पति समेत पांच के विरुद्ध जरवल रोड पुलिस ने एसपी के आदेश पर बलवा फैलाने, मारपीट करने, एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस मामले के पीड़ित ने कहा के ग्राम प्रधान पति काफी दबंग है। वह गुजरात और महाराष्ट्र में भी अपराध के चलते जेल में बंद रह चुका है। ग्राम प्रधान पति की दबंगई से ग्रामीण दहशत में हैं। जरवल विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत उपधी के ग्राम प्रधान पति की दबंगई गांव में शुरू होने लगी है। ग्राम प्रधान के पति अब्बास ने गांव निवासी राम लखन ने एसपी को पत्र देकर कहा है कि भतीजा दीपक और उसकी पत्नी राम सवारी के साथ खेत की जुताई करने के लिए गया था। उसी समय ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान पति अब्बास, महफूज, अब्बास की पत्नी और अलाहू ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे सभी घायल हो गए। गांव के अन्य लोगों की मदद से किसी तरह परिवार को बचाया गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस पर 2 दिन पूर्व पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा को शिकायती पत्र देकर कहा है कि ग्राम प्रधान और उसके दबंग पति ने घर में मारपीट की। उसका आरोप है कि ग्राम प्रधान पति लोगों को बरगला कर धर्म परिवर्तन करवाने का भी काम करता है। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जरवल रोड पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर जरवलरोड थानाध्यक्ष दद्दन सिंह को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने ग्राम प्रधान और पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध बलवा फैलाने मारपीट करने धमकी देने और एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। जांच सीओ द्वारा की जा रही है।

### पुराना अपराधी है ग्राम प्रधान पति

उपधी गांव के ग्राम प्रधान पति अब्बास शातिर अपराधी है। वह गुजरात में खैर की लकड़ी तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है इसके साथ ही महाराष्ट्र पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद भी जिले की पुलिस द्वारा संरक्षण देना सवाल खड़ा कर रहा है।

# सदर विधायक ने जयपुरिया स्कूल में किया वृक्षारोपण

**हम पौधों को लगाने के पश्चात उनकी देखरेख करते हुए उन्हें कटने से भी बचाएं : अनुपमा जायसवाल**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भाजपा द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलाए जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुरिया स्कूल भिनगा रोड पर पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। साथ ही सदर विधायक ने स्कूल में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया । सदर विधायक ने वन महोत्सव अभियान के विषय में लोगों को संबोधित करते हुए अवगत कराया की हमें अपने घरों के आसपास खेतों में या जहां भी आवश्यक स्थान हो वहां पर पौधे अवश्य लगाने चाहिए एवं उन्हें समय-समय पर पानी व खाद देकर उनकी देखरेख भी करनी चाहिए। वृक्ष आज हमारी आवश्यकता में से एक महत्वपूर्ण कारक बन चुके हैं दिन प्रतिदिन घटते हुए ऑक्सीजन लेवल को मेंटेन करने हेतु वृक्ष अति आवश्यक है और यह तभी संभव हो सकता है जब हम पौधों को लगाने के पश्चात उनकी देखरेख करते हुए उन्हें कटने से भी बचाएं। आप सभी जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित करते हुए वृक्ष लगाने पर जोर दें जिससे पृथ्वी का वातावरण संतुलित बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के पश्चात सदर विधायक ने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सर्वोदय विद्यालय मिहींपुरवा के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सत्रोहन लाल श्रीवास्तव से संपर्क करते हुए उनसे मोदी सरकार के विषय में सुझाव लेते हुए उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन देने वाले नंबर पर मिस्ड कॉल भी करवाई। साथ ही उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट विपिन श्रीवास्तव से भी संपर्क किया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताते हुए संवाद के माध्यम से उनसे महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त किए।



## उप निरीक्षक से निरीक्षक बने दो एसआई को एसपी ने लगाए स्टार

**इ्यूटी ऐसा करें, जिससे जनता खुश रहे, भय में न रहे : एसपी**

बहराइच समृद्धि न्यूज जिले में उप निरीक्षक के पद पर तैनात दो एसआई प्रमोशन के बाद निरीक्षक बन गए। इस पर एसपी ने दोनों को स्टार लगाया। जिले में उप निरीक्षक गजराज यादव और राधेश्याम यादव तैनात हैं। दोनों का प्रमोशन हो गया है। दोनों निरीक्षक बन गए हैं। जिस पर बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कार्यालय में दोनों उप निरीक्षक की वर्दी पर स्टार लगाया। प्रमोशन होने पर बधाई दी। साथी पुलिस कर्मियों ने प्रमोशन मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही एसपी ने बेहतर सुरक्षा ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी ऐसा करें, जिससे जनता खुश रहे, भय में न रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी और पीआरओ प्रभारी मौजूद रहे।

# आकांक्षात्मक ब्लॉक के रूप में चयनित हुआ हुजूरपुर

- देश के 500 ब्लाकों में हुजूरपुर का हुआ चयन
- आकांक्षात्मक ब्लॉक में चयन होने पर बढ़ेगी विकास की रफ्तार सरकारी कर्मियों की होगी तैनाती

**राहुल सोनी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के विकासखंड हुजूरपुर को केंद्र सरकार की ओर से अकाउंट आत्मक ब्लॉक के रूप में चयन किया गया है। ऐसे में अब विकासखंड में विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

किसी भी विभाग में कर्मचारी के पद खाली नहीं रह सकते हैं। ब्लॉक का चयन अकांक्षात्मक होने पर जिले के लोगों में भी हर्ष है। बहराइच जनपद आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चयनित है। आकांक्षात्मक जिला होने के चलते केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से यहां पर विकास कार्यों पर गति देने के लिए काफी ध्यान दिया जा रहा है। अब देश के 500 विकास खंडों में हुजूरपुर विकास खंड का चयन भी आकांक्षात्मक ब्लॉक के रूप में हुआ है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ब्लॉक का चयन होने से यहां पर विकास की गति बढ़ेगी। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, व्यापार को बढ़ाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में अतिरिक्त अधिकारियों की भी तैनाती की जाएगी। जिससे वह विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के साथ कार्यों पर नजर रख सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि आकांक्षात्मक ब्लॉक का चयन होने पर क्षेत्र के लोगों को आजीविका से जोड़कर स्वावलंबी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में सड़क, पेयजल, बिजली और पार्क की भी व्यवस्था की जाएगी।

### नहीं खाली रहेगी कुर्सी

आकांक्षा आत्मक ब्लॉक में हुजूरपुर का चयन होने पर सरकारी विभागों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। ब्लॉक के किसी भी विभाग में कोई भी कर्मचारी की कुर्सी खाली नहीं रह सकती है। खाली स्थान पर डीएम को किसी न किसी माध्यम से कहीं भी खाली जगह पर कर्मचारियों की तैनाती करनी पड़ेगी।

### अक्टूबर से होगा विकास

जनपद के हुजूरपुर विकासखंड का चयन आकांक्षा आत्मक ब्लॉक के रूप में किया गया है। यहां पर विकास कार्यों के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से बजट भेजा जाएगा। दो अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर विकास कार्य शुरू होंगे जो अनवरत चलता रहेगा। *मोनिका रानी, जिलाधिकारी*

# जर्जर सड़क से जंगली नाथ मंदिर जाने को मजबूर श्रद्धालु

**पीडब्ल्यूडी द्वारा गड्ढे भरवाने के लिए पीले ईंट का किया जा रहा प्रयोग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मटेरा चौराहा से ईटहा जाने वाला मार्ग काफी खराब है। गड्ढा युक्त मार्ग से लोग जंगली नाथ मंदिर को जलाभिषेक किए जा रहे हैं। गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। शिकायत के बाद गड्ढे भरवाने का काम किया जा रहा है, लेकिन उसमें भी पीले ईंट डलवाकर छोड़ दिया गया है। नानपारा तहसील अंतर्गत मटेरा चौराहा से ईटहा तक जाने वाला सड़क काफी खराब है। सड़क पर जगह बड़े बड़े गड्ढे हैं। जलभराव के चलते लोगों को समस्या होती है। इसी मार्ग पर मसूद नगर बस्थनवा गांव में पांडव कालीन जंगली नाथ शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर में सावन माह के चलते शिव भक्त जलाभिषेक के लिए जाते हैं। लेकिन गड्ढे युक्त सड़क मार्ग से श्रद्धालु काफी परेशान हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर पीडब्ल्यूडी की ओर से गड्ढे भरवाने का काम शुरू किया गया है, लेकिन उसमें भी खेल है। पीले ईंट से गड्ढा पाटने का कार्य किया जा रहा है। गांव निवासी संजय तिवारी, रमेश कुमार, नारायन और राम कुमार ने डीएम को पत्र भेजकर मानक विहीन निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की है। इस मामले पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अमर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। मानक के अनुरूप ही कार्य होगा।

## गरीब समाज का सर्वांगीण विकास चाहता है विहिप : राकेश दूबे

**अवध प्रांत के निःशुल्क छात्रावास मे दान किया पंखा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील मोतीपुर मे विश्व हिन्दू परिषद की ओर से संचालित निश्शुल्क छात्रावास को विभाग अध्यक्ष ने पंखा दिया। साथ ही अन्य मदद का आश्वासन दिया है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से बहुसंख्यक समाज की ओर से छात्रावास संचालित है। जिसमे विद्यार्थियों के लिए रखना, खाना, पढ़ना सब निःशुल्क है। विश्व हिंदू परिषद विभाग अध्यक्ष डॉ0 राकेश दूबे की ओर से छात्रावास मे रह रहे गरीब बच्चों के लिए गर्मी से राहत हेतु पंखा लगवाया गया। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, और हमरा आने वाला भविष्य सुनहरा हो। विश्व हिन्दू परिषद हिन्दुओ को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी करता है। इस छात्रावास का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब शोषित बच्चों को मुफ्त में रहने खाने की व्यवस्था देना देना है। सेवा विभाग निःशुल्क छात्रावास के संचालक अशोक सिंघल व विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा इस छात्रावास का पुरा ख्याल रखा जाता है।

# एमएलसी, जिलाध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने एवम वसुंधरा को हरा-भरा करने के लिए 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है।

वन विभाग एवम इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा तारा महिला इन्टर कालेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा श्याम करन टेकड़ीवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य विधानपरिषद डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा देवी, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल केडिया एवं डॉ. अनिल अग्रवाल,आई एम ए अध्यक्ष डॉ. सारिका साहू उपस्थित रहीं। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ सभी उपस्थित सम्मानित जनों ने वृक्षारोपण करके किया तत्पश्चात धरती को हरा भरा बनाने की शपथ ली ।विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम जगाने के लिए प्रकृति को जानो विषयक एक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अंजू उपाध्याय, जिला वन अधिकारी बहराइच संजय शर्मा, अजीत सिंह, डॉ. मयंक रस्तोगी, जिला आई टी प्रमुख भाजपा प्रमोद पाण्डेय, गौरव शुक्ला, पूनम अग्रवाल, विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं ।

# पुलिस-सर्विलांस टीम को मिली बड़ी सफलता

▸ छत्तीसगढ़ से लाया जा रहा 25 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



छत्तीसगढ़ से तस्करी कर लाया जा रहा गांजा एसओजी और मिल एरिया पुलिस टीम ने पकड़ लिया। ट्रक की केबिन से बरामद गांजा की कीमत 25 लाख रुपये आ?की गई है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों तस्कर लंबे समय से गांजा की तस्करी कर रहे थे।

बताते हैं कि परमजीत सिंह पुत्र स्व. सतनाम सिंह निवासी पंजाब और सतीश यादव पुत्र मुन्ना निवासी मऊ गांजा की तस्करी का काम करते हैं। दोनों चोरी छिपे लंबे अरसे से गांजा की तस्करी करते रहे हैं। सूचना पर गुरुवार को एसओजी और मिल एरिया पुलिस ने अमावां तिराहे पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक ट्रक को पकड़ा लिया। तालाशी लेने पर ट्रक के डाले की केबिन से 1 क्विटंल 35 किग्रा गांजा बरामद कर परमजीत सिंह और सतीश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार परमजीत ने बताया यह ट्रक उसका है जिससे वह लोग गांजा का कारोबार करते हैं। बरामद किया गया गांजा छत्तीसगढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी से लाकर दिया था, जिसे वह और सतीश ट्रक के डाले में बने केबिन में लादकर लखनऊ बेचने के लिए जा रहे थे।पुलिस ने दोनों तस्करों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

> अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया पिछले कई दिनों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिस पर एसओजी और मिल एरिया पुलिस को लगाया गया। पुलिस टीम ने वाहन की चेकिंग के दौरान गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।
>
> **नवीन कुमार सिंह**
> **अपर पुलिस अधीक्षक**
> **रायबरेली**

## करणी सेना के बृजेश सिंह प्रदेश महासचिव तथा गोपाल सिंह बने जिलाध्यक्ष



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी के लखनऊ आवास पर किया जिसमें श्री सिंह ने बताया कि पूरे बैसन बिछिया वादी जगतपुर निवासी बृजेश सिंह को प्रदेश का महासचिव और मझिगवां हरदोई हरचंदपुर निवासी गोपाल सिंह को जिलाध्यक्ष रायबरेली की जिम्मेदारी प्रदेश सदस्यता प्रभारी बृजेन्द्र सिंह तोमर व प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत की मौजूदगी व सहमति से दी गई है।

नवनियुक्त पदाधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में संगठन व समाज को मजबूत करने का काम अध्यक्ष जी के साथ मिलकर किया जाएगा वहीं जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी लेने के बाद गोपाल सिंह ने कहा कि पूरे रायबरेली में समाज को जोडने का काम किया जाएगा तथा जल्द ही एक बडी बैठक प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी होगी वहीं यह जानकारी रायबरेली पहुचते ही युवाओं में उत्साह की लहर दौड़ गई तथा आशू सिंह, अभिषेक सिंह, राजू सिंह राठौड़, आलोक सिंह, योगेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी ।



## डीएम-एसपी ने किया गोकना घाट का निरीक्षण साफ सफाई कराने के दिये निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यज।** श्रावण मास के अवसर पर कावड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गोकना घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों की साफ-सफाई कराई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक को भी कंट्रोल किया जाए। साथ ही घाटों पर बेरिकेटिंग का काम भी कराया जाए जिससे कि लोग गहरे पानी में जाकर स्नान न करे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगी। कांवड़ीयों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### दो सगे भाइयों में चली गोली से एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद जालौन के सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंर्तगत पड़ने वाले ग्राम रिनियां में किसी बात को लेकर दो सगे भाईयों में चली गोली से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गोली लगने से घायल हो जाने के बाद मौके से फ़रार हो गया था जिसे थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद जालौन के सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंर्तगत पड़ने वाले ग्राम रिनियां में किसी बात को लेकर दो सगे भाई गौरव पाठक पुत्र सत्यनारायण व श्याम जी पाठक पुत्र सत्यनारायण के बीच किसी बात को लेकर गोली चल गयी। गोली लगने से गौरव पाठक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि श्याम जी पाठक पुत्र सत्यनारायण के पैर में गली लगने से घायल हो गया था मगर वह घटना के बाद मौके से फ़रार हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने आरोपी श्याम जी पाठक को गिरफ्तार कर उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाने के साथ ही मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गयी है कि घटना किस कारण से हुई है।

### मनरेगा मजदूरों की शिकायत पर बीडीओ ने बरियापुर में जानी हकीकत



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत बरियापुर में मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की मजदूरों की शिकायत पर बरियापुर पहुंचे खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने मौके पर जाकर मनरेगा मजदूरों को इकट्ठा करके उनकी समस्याओं को जानने के बाद खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने संबंधित ग्राम प्रधान श्रीमती बबली, ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता को मजदूरों की मजदूरी का कागजों में परीक्षण कर ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की मजदूरी जॉब कार्डधारकों को दिलाने हेतु बात की इसके बाद पंचायत भवन का हो रहा निर्माण कार्य देखने पहुंचे खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता, ग्राम प्रधान के साथ ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश आदि ने हो रहे पंचायत भवन के निर्माण कार्य को देखा। पंचायत भवन का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान के द्वारा तेजी से पूर्ण करा दिया गया है पंचायत भवन का केवल प्लास्टर रंगाई पुताई शेष है। ग्राम प्रधान बबली ने बताया कि इसको जल्द से जल्द पूर्ण करा दिया जाएगा।

### गमछे से फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बुधवार की रात अज्ञात कारणों के चलते युवक ने पंखे के हुक में गमछे को फंसाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब परिजनों युवक को जगाने के लिए पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी सुरेंद्र कुमार (24) पुत्र संतराम अपने पिता संतराम व मां राममूर्ति के साथ रहता था। उसका बड़ा भाई सुनील कुमार घर के बगल में ही अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। सुरेंद्र पिता के साथ मजदूरी करता था। बुधवार की रात घर में सभी लोगों ने हंसी-खुशी खाना खाया। सुरेंद्र कुमार खाना खाकर छत पर बने कमरे में सोने चला गया। जबकि माता-पिता नीचे सो गए। सुरेंद्र ने सीढ़ियों पर कुंडी लगा दी। रात में किसी समय सुरेंद्र ने सफेद गमछे का फंदा बनाया और उसे पंखे के हुक में फंसाकर उस पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह माता-पिता जागे और काम पर जाने के लिए निकलने लगे। लेकिन तब तक सुरेंद्र के न जागने पर वह ऊपर जाने लगे। लेकिन सीढ़ियों की कुंडी लगी थी। जिसके बाद उन्होंने बगल में रह रहे अपने बड़े बेटे से सुरेंद्र को जगाने के लिए कहा। आवाज देने पर जब कोई उत्तर नहीं मिला तो भाई ने कमरे के रोशनदान से अंदर झांक कर देखा तो सुरेंद्र का शव फंदे पर लटक रहा था। यह दृश्य देखकर भाई अवाक रह गया। मां को पता चलने पर वह चीखने चिल्लाने लगी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए और कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसआई ओंकार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतरवाया। पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मोबाइल रखता है। लेकिन उसका मोबाइल नहीं मिला है। उधर, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद घर में मातम छाया है। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि युवक की खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं है। फ़िलहाल शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने पर सपा नेता का धन्यवाद ज्ञापित किया

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2 जुलाई 2023 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक युसुफ मेहर अली की 73 में पुण्यतिथि पर दिनेश कुमार यादव एवं सपा नेता फिरोज अहमद को श्रद्धांजलि सभा आयोजन करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी युसूफ जफर मेहर अली की 73वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की सफलता की कामना करते हुए फिरोज अहमद को इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए हार्दिक बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। मीडिया से बात करते हुए सपा नेता फिरोज अहमद ने बताया आजादी के गुमनाम सिपाही युसुफ मेहर अली के द्वारा विभिन्न प्रकार के आंदोलन किए गए जैसे साइमन गो बैक और भारत छोड़ो आंदोलन का नारा दिया गया एक लंबे संघर्ष के बाद भारत को आजादी मिली भगत सिंह आजाद राजगुरु सुखदेव महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसे नाम इसके नायक बनकर उभरे और इतिहास के पन्नों में दर्ज हुए। वहीं कुछ नाम गुमनामी के अंधेरे में कहीं को खो से गए स्वतंत्रता में उनके योगदान की कहानी तो दूर कई लोग उनका नाम तक नहीं जानते हैं। आजादी के गुमनाम सिपाही सीरीज में कहानी आजादी के अजीम सिपाही युसुफ मेहर अली की जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन और साइमन गो बैक का नारा दिया आजादी के लिए कई बार जेल भी गए पढ़ाई के दौरान आजादी की लड़ाई में कूद गए।

# लाठी-डंडों व भाले से वार कर अधेड़ को उतारा था मौत के घाट

▸ आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रायबरेली/ सरेनी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के सतवा खेड़ा गांव में नशे में धुत होकर महिला समेत दो लोगों ने अधेड़ को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया घायल को परिजन सीएससी ले गए जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने भी घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है लेकिन लखनऊ जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वह तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है थाना क्षेत्र के सतवा खेड़ा गांव के रहने वाले चतुरी पासी उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी कलावती के साथ मंगलवार की दोपहर को आम के फलों की रखवाली कर रहे थे तभी गांव के परनाम नट पुत्र राजू प्रकाश नट पुत्र परनाम व पर नाम की पत्नी ने नशे में धुत होकर मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते आपस में वाद-विवाद करने लगे तभी अचानक आवेश में आकर सभी ने चतुरी के सिर पर लाठी-डंडों से प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे लेकर सीएससी पहुंचे जहां के चिकित्सकों ने अधेड़ की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने भी उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया लेकिन लखनऊ जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई इससे कोहराम मच गया मृतक की पत्नी कलावती के तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वह आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया वही सरेनी कोतवाल हरिकेश सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी कलावती की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तीनों आरोपितों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

# अभियान चलाकर कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कराएं नामांकन : सीडीओ

▸ सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारियों और माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कक्षा-8 उत्तीर्ण प्रत्येक छात्र/छात्रा का नामांकन निकटवर्ती माध्यमिक विद्यालयों में बढ़ाने हेतु माध्यमिक स्तर पर 01 जुलाई, से 31 जुलाई, 2023 तक विशेष नामांकन अभियान चलाये जाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अध्यक्षता में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियो एवं माध्यमिक विद्यालयों में नामित 19 नोडल/वरिष्ठ प्रधानाचार्यों की बैठक बचत भवन में आहूत की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक ट्रांजिशन रजिस्टर रखा जायेगा। ट्रांजिशन रजिस्टर में विगत शैक्षिक वर्ष में कक्षा-8 उत्तीर्ण करने वाले छात्र/छात्रा का विवरण तथा उसके कक्षा-9 में प्रवेश लेने की स्थिति, कक्षा-9 मे प्रवेश की दशा में विद्यालय का नाम आदि का उल्लेख हो। साथ ही प्रत्येक राजकीय तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिये 05 किमी0 की परिधि में अवस्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को फीडर विद्यालय के रूप में चिन्हित किया जायेगा। माध्यमिक विद्यालय द्वारा फीडर विद्यालय के कक्षा-8 उत्तीर्ण करने वाले समस्त छात्र/ छात्राओं को कक्षा 9 में प्रवेश दिया जायेगा। अभिभावक द्वारा किसी अन्य विद्यालय में नामांकन कराने के अनुरोध पर उक्त से छूट होगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नामित प्रभारी अधिकारी अपने विकास खण्ड/नगर क्षेत्र से सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी से सम्पर्क कर विद्यालयवार कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की एक सूची संकलित करेंगे। सम्बन्धित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के साथ निकटवर्ती माध्यमिक विद्यालय राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित अथवा अन्य बोर्डों के माध्यमिक शिक्षकों के शिक्षकों की संयुक्त टीम बनाकर नामांकन हेतु घर-घर संपर्क करेगें। उन्होंने कहा कि अभियान के अन्त में विकास खण्डवार बेसिक शिक्षा विभाग के खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा माध्यमिक शिक्षा के विकास खण्ड प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षर से शत-प्रतिशत नामांकन का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई पुष्पांजलि



▸ डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को किया याद अर्पित की पुष्पांजलि

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जम्मू कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी थे उन्होंने अखंड भारत की स्थापना के लिए 23 जून को बलिदान दिया था, उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बाद तब पूरा हुआ जब हम सबके लोकप्रिय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने अगस्त 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35-A को समाप्त करने का बिल पारित कराया और इसके बाद ही जम्मू कश्मीर भारत देश का सही मायनों में अभिन्न अंग बना। उक्त बातें आज रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी व यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने रायबरेली जिला कार्यालय अटल भवन में श्रद्धेय डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव पाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में तथा शहर के सुपर मार्केट स्थित पार्क में डा0श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि करने के बाद कहीं।

उन्होंने बताया कि विशेष राज्य का दर्जा, अलग संविधान, देश के अन्य प्रदेशों के नागरिकों के जम्मू कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता जैसी जिन शर्तों और नियमों के साथ जम्मू कश्मीर को भारत में शामिल किया गया था, डॉ. मुखर्जी जी प्रारंभ से ही उसके विरोध में थे, उन्होंने इसके लिए बाकायदा जम्मू कश्मीर जाकर अपना विरोध दर्ज कराया लेकिन चाहकर भी उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई।

## कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया संपर्क और संवाद अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



हरचंद्रपुर विधानसभा के खीरों ब्लाक में संगठन की बैठक हुई।जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष,न्याय पंचायत अध्यक्षों, ग्रामसभा अध्यक्षों तथा बूथ अध्यक्षों का सत्यापन हुआ और इनके साथ ही संगठन के आगामी रणनीति पर चर्चा हुई, जिसमे पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। वही हरचंदपुर विधानसभा के इस बार रहे कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार हमे अपने बूथ पर अभी और कार्य करने की जरूरत है अच्छे लोगो को संगठन में लाने की जरूरत है हमे इस दिशा में और प्रयास करना होगा। जिलाउपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री ने कहा कि हमे जो भी जीत मिलती है उसके लिए बूथ लेवल के कार्यकर्ता का बहुत बड़ा योगदान रहता है इसलिए हम उस दिशा में हर बूथ बूथ जाकर उनसे मिलकर उनकी हर समस्या का समाधान कर रहे है और नए चेहरे को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे है। आगे कमल सिंह चौहान ने बताया कि हमे अबकी बार युवाओं में भी फोकस करना होगा, आगामी चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए युवाओं का बड़ा योगदान रहने वाला है, हम हर बूथ पर दस दस युवा कार्यकर्ता को भी जोड़ने के लिए अभियान चलाकर उनको जोड़ने का प्रयास करेंगे जिससे अबकी बार चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिल सके।

### गौसेवा को जीवन का ध्येय बना नगर पंचायत के सभासद पहुंचे गौशाला

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत के 10 सभासदों ने लिया गौसेवा के संकल्प के साथ कान्हा गौशाला पहुंचकर गायों को भूसा, चार आदि अपने हाथों से बनाकर दिया तथा कुछ समय पश्चात गौवंशों को पानी भी पिलाया। नगर पंचायत के सभासदों ने कहा कि उनका पहला उद्देश्य गौसेवा के साथ नगर में बंद पड़े हैंडपंपों को सभी करना, नगर की गलियों व नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई करना, नगर में जहां भी टूटी पड़ी पुलियों का निर्माण कराने के साथ साथ नगर की जनता द्वारा उठाई जाने वाली विकास कार्य की माँग को शुद्ध मन से कराना का पूर्ण प्रयास किया जायेगा।

# अज्ञात चोरों ने विद्यालय को फिर बनाया निशाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



▸ लगातार हो रही चोरियों से आम जनमानस में भय का माहौल

चोरों को नहीं है पुलिस का भय क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से आम जनमानस में भय व्याप्त। वैसे तो जब से कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने महराजगंज की थानेदारी की कुर्सी संभाली है तबसे अपराधों में बाढ़ आई हुई है। जहां चोर चोरी पर चोरी करते चले जा रहे हैं वहीं कोतवाली पुलिस गाड़ियों के चालान करने में मस्त है। और घटनाएं यह बता रही हैं कि गस्त के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है ।ताजा मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के थरि गांव का है जहां के प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहित वर्मा ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय थरि में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा रात्रि दिनांक 5/ 7/ 2023 को चोरों द्वारा चोरी की गई है उक्त घटना सुबह 6/ 7 /2023 को जब कुछ ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय के ऑफिस का दरवाजा और अतिरिक्त कक्ष का ताला टूटा हुआ था जिसकी सूचना इंचार्ज प्रधानाध्यापक को दी गई इसके उपरांत ही डायल 112 को सूचना दी गई उक्त घटना पर 112 नंबर पहुंचने पर घटना सही पाई गई जिसमें निरीक्षण के उपरांत विद्यालय में सामान बिखरा हुआ था वह अलमारी खुली पाई गई चोरों द्वारा यू ट्यूब साउंड दो सेट एक बड़ा साउंड 3 कुंतल 1 किलो चावल 1 कुंतल 87 किलोग्राम गेहूं एवं अन्य सामान अज्ञात चोरों द्वारा पर कर दिया गया।

### पुलिस गस्त की खुल रही पोल

पुलिस गस्त की खुल रही पोल चोर कर रहे चोरी पर चोरी अभी कुछ दिन पूर्व जमोलिया विद्यालय मे अज्ञात चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया था आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई डोमापुर विधालय में चोरी वशालतनगर प्राथमिक विद्यालय में चोरी इन घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हुई है वही और भी कई घटनाएं हैं जिनका पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई।

### काशीपुरा कोटेदार पर घटतौली का आरोप

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के ग्राम काशीपुरा के प्रधान अरविंद कुमार के नेतृत्व में कार्डधारक ज्ञानसिहं, दयाशंकर, मेघश्याम, श्यामलाल, मुन्नीलाल, हुकुम सिंह, देवी सिंह, चन्द्रशेखर, रामशरण, गौरीशंकर, श्रवण कुमार, महेन्द्र वर्मा, अरविंद कुमार, रामबाबू, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उचित दर की दुकान सुनीता देवी के नाम है। उनके पति प्रमोद कुमार दुकान का संचालन करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के कोटेदार खाद्यान्न के वितरण में मनमानी कर रहे हैं। घटतौली के साथ कभी कभार ग्रामीणों का अंगूठा लगवाने के बाद भी वह कोई न कोई बहाना बनाकर राशन देने से इंकार कर देते हैं। विरोध करने पर वह झगड़ा करने लगता है। कार्डधारकों ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर सुंदरीकरण को लेकर प्रशासनिक और विभागीय अमलों ने छेड़ी मुहिम

▸ नगर मजिस्ट्रेट, कोषाधिकारी और ओडीए के अफसरों ने टाउन हॉल का किया निरीक्षण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



नगर के सुंदरीकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई कार्य योजनाओं पर अब जिम्मेदार प्रशासनिक और विभागीय आला अधिकारियों ने मुहिम तेज कर दी है इसी क्रम में आज गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी और ऑडियो के आला अधिकारियों ने नगर के टाउन हाल परिसर का निरीक्षण कर योजनाओं पर चिंतन मनन किया। इस दौरान उन्होंने अन्य स्मारक स्थल भी देखें।

गौरतलब हो कि जिला प्रशासन द्वारा इन दिनों नगर के सुंदरीकरण को लेकर बनाई जा रही कार्य योजनाओं को लेकर तत्परता दिखाई जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी तथा ओडिए के आला अधिकारियों ने एक साथ नगर के टाउन हॉल मैदान में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को दिखा इस दौरान कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि टाउन हाल परिसर में सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके तहत इस परिसर में पार्क के चारों ओर बाउंड्री बनाई जा रही है जिस पर विशेष प्रकार की लाइट लगाई जाएगी उन्होंने स्पष्ट किया कि सुंदरीकरण से जुड़े अन्य कई कार्य टाउन हॉल में कराए जाने हैं उन्होंने बताया कि टाउन हाल को सुंदरीकरण के कार्य से नगर की एक विशेष इमारत के तौर पर सजाने का उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए काम में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा टाउनहॉल प्रसार में मौजूदा समय में निशुल्क लाइब्रेरी का संचालन कराया जा रहा है जहां विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपना समय देते हैं यह स्थान नगर के बीचों बीच स्थित है। लिहाजा इसे खूबसूरत बनाने की दिशा में ही प्रशासन द्वारा यह पहल शुरू की गई है उक्त सभी कार्य उरई विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जाएंगे।

# फिजूलखर्ची पर फटकार

यह विडंबना ही है कि जनता के हितों की दुहाई देकर सत्ता में आने पर राजनीतिक दलों की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। वे दावे तो आसमान से तारे तोड़ लाने के करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत निराशाजनक ही होती है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि थोड़े से काम को इस तरह प्रचारित किया जाता है जैसे धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। जबकि हकीकत में जनता के करों से अर्जित धन को निर्ममता से प्रचार-प्रसार में उड़ाया जाता है। विकास की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करके सरकारी धन को विज्ञापनों व फ़िजूलखर्ची में उड़ाने वाली दिल्ली सरकार की कारगुजारियों पर शीर्ष अदालत की फटकार को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। अदालत ने सख्त लहजे में कहा भी कि ऐसा क्यों है कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिये सरकार के पास पैसा नहीं है? तो फिर विज्ञापनों पर अनाप-शनाप खर्च होने वाला धन कहां से आ रहा है? दरअसल, दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत के निर्देश के बावजूद रैपिड रेल परियोजना के लिये आर्थिक योगदान देने में वित्तीय संकट का रोना रोया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जनहित की योजनाओं में योगदान करने से कतराने वाली सरकार विज्ञापनों तथा अन्य गैर जरूरी काम के लिये धन कहां से ला रही है? यही वजह है कि दिल्ली सरकार की नीयत को भांपते हुए शीर्ष अदालत ने विज्ञापनों पर खर्च किये गये उस धन का विवरण मांगा है जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों में व्यय किया गया। जानकार सूत्र बता रहे हैं कि जिस रैपिड रेल परियोजना में दिल्ली सरकार ने योगदान देने से मना किया था वह दिल्ली को राजस्थान व हरियाणा से जोड़ सकती है। जिससे सड़कों पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने में मदद मिल सकती थी। विडंबना यह है कि सूचना अधिकार कानून के तहत हासिल जानकारी बता रही है कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली सरकार द्वारा विज्ञापनों पर किया खर्च पांच सौ करोड़ रुपये के करीब हो गया है। निश्चय ही यह लोकतंत्र में जनधन के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है। शर्मनाक ढंग से गैर उत्पादक कार्यों में अंधाधुंध पैसा लुटाया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जनता को सब्जबाग दिखाकर व मुफ्त का प्रलोभन देकर सत्ता में आये राजनीतिक दलों का वास्तविक चरित्र क्या है? ऐसे दलों की कथनी और करनी की वास्तविकता क्या है? अंधाधुंध विज्ञापनों पर खर्च करके राजनीतिक दल क्या हासिल करना चाहते हैं? क्या यह प्रचार की भूख है या अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का असफल प्रयास? दिल्ली की जनता की याददाश्त इतनी कमजोर भी नहीं कि उसे याद न हो कि दिल्ली में वोट मांगते समय आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सरकारों की फिजूलखर्ची और राजनीतिक दलों के थोथे प्रचार पर जनधन खर्च करने पर सवाल उठाये थे। जनता ने आप के दावों पर भरोसा भी किया और अपार जनसमर्थन भी दिया। मगर परिणाम वही ढाक के तीन पात रहे। दरअसल जब से आम आदमी पार्टी खुद सत्ता में आई तो राज्य सरकार की रीतियां-नीतियां पुरानी सरकारों के ढर्रे पर चल निकली हैं। निस्संदेह यह स्थिति देश के राजनेताओं के कथनी-करनी के अंतर को भी दर्शाती है। वहीं इस प्रकरण से जनता की उस धारणा को भी बल मिला है कि सत्ता में आने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों का चरित्र एक जैसा ही हो जाता है। यदि पिछले कुछ समय में चुनावों के दौरान मतदान के प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो उसका एक बड़ा कारण राजनेताओं की कथनी-करनी का अंतर भी है। कमोबेश पूरे देश में ही जनता में सरकारों के प्रति मोहभंग जैसी स्थिति है। लोग अब राजनेताओं की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। इस दिशा में शीर्ष अदालत की सचेतक भूमिका की सराहना की जानी चाहिए। निस्संदेह, इससे जनधन के दुरुपयोग की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकेगी। अब देखना होगा कि दिल्ली की आम आदमी सरकार शीर्ष अदालत के सामने क्या बयां करती है।

# 1947-2047 अमृतकाल अब कर्तव्यकाल हुआ



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**साथियों उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपातकाल (1975 -1977) के दौरान ही मूल कर्तव्यों की आवश्यकता पर समिति ने रिपोर्ट दी थी जिसमें 10 कर्तव्य फिर 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 में 11 वें कर्तव्य को जोड़ा गया था इसलिए हमें भारत को अब फिर सोने की चिड़िया बनाने के लिए अपने मौलिक अधिकारों को जिस मजबूती से संवैधानिक तरीके से प्राप्त करने की तर्ज पर अब हमें अपने मौलिक कर्तव्यों को भी निभाने का प्रण, संकल्प करना होगा क्योंकि दशकों से हम देखतें आ रहे हैं कि आपनेमौलिक अधिकारों के लिए हम हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा व्यक्तिगत या पीआईएल के हसते खटखटाते हैं, अब उसी अंदाज में कर्तव्यों का पालन करें। साथियों परंतु हम कर्तव्यों के प्रति उतने सजग नहीं रहतें हालांकि यहां कर्तव्यों को गैर न्यायोचित रूप से जोड़ा गया है और अपनी गैर-न्यायोचित छवि के कारण मौलिक कर्तव्यों को ना निभाने पर कोई अर्थदंड या सजा काप्रावधान नहीं है। परंतु अब समय आ गया है कि हम चार कदम आगे बढ़कर स्वत: संज्ञान लेकर मौलिक कर्तव्यों की अस्पष्टता के कारण जो आलोचना हो रही है उसको ना केवल हम संकल्प लेकर अपनाएं बल्कि इसके संवैधानिक ढांचे में शामिल करने की ओर कदम बढ़ाने होंगे याने हम अब अपने मौलिक कर्तव्यों को अनिवार्यता से निभाने का संकल्प करना होगा।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां भर की नजरें भारत के अद्भुत तेजी से करते विकास में रोज होने वाले नए-नए आयामों पर लगी हुई है, जिसमें वर्तमान ही नहीं अगले 25 वर्षों का विज़न 2047 पर काम करना शुरू हो गया है। आजादी के हमने 75 वर्ष पूर्ण किए हैं अब 1947-2047 के 100 वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं जिसे अमृतकाल का नाम दिया गया था जो अब कर्तव्यकाल बन गया है जिसकी जानकारी माननीय पीएम महोदय ने 4 जुलाई 2023 को एक कार्यक्रम के संबोधन के दौरान दी। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता देनें जनभागीदारी का होना तात्कालिक जरूरी है।

साथियों बात अगर हम अगले 25 वर्षों के अपने कर्तव्यकाल की करें तो अब अगले 25 वर्षों की स्वर्ण महोत्सव जिसमें वर्ष 2047 में आजादी को 100 वर्ष पूर्ण होंगे, उसमें संकल्प और सामर्थ्य को बल देना होगा और इन 25 वर्षों की रूपरेखा का जिक्र किया गया है जो काबिले तारीफ है। हम नागरिकों को अब चाहिए कि इसके एक कदम आगे बढ़कर हमें अपने संविधान में प्राप्त मौलिक अधिकारों के साथ-साथ सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर केंद्र सरकार ने 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 को लागू किया था जिसमें संविधान के भाग 4 के अंतर्गत अनुच्छेद 51 डालकर मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया था, उनका पूर्ण रूप से पालन करें।

साथियों उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपातकाल (1975 -1977) के दौरान ही मूल कर्तव्यों की आवश्यकता पर समिति ने रिपोर्ट दी थी जिसमें 10 कर्तव्य फिर 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 में 11 वें कर्तव्य को जोड़ा गया था इसलिए हमें भारत को अब फिर सोने की चिड़िया बनाने के लिए अपने मौलिक अधिकारों को जिस मजबूती से संवैधानिक तरीके से प्राप्त करने की तर्ज पर अब हमें अपने मौलिक कर्तव्यों को भी निभाने का प्रण, संकल्प करना होगा क्योंकि दशकों से हम देखतें आ रहे हैं कि आपनेमौलिक अधिकारों के लिए हम हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा व्यक्तिगत या पीआईएल के हसते खटखटाते हैं, अब उसी अंदाज में कर्तव्यों का पालन करें।

साथियों परंतु हम कर्तव्यों के प्रति उतने सजग नहीं रहतें हालांकि यहां कर्तव्यों को गैर न्यायोचित रूप से जोड़ा गया है और अपनी गैर- न्यायोचित छवि के कारण मौलिक कर्तव्यों को ना निभाने पर कोई अर्थदंड या सजा काप्रावधान नहीं है। परंतु अब समय आ गया है कि हम चार कदम आगे बढ़कर स्वतः संज्ञान लेकर मौलिक कर्तव्यों की अस्पष्टता के कारण जो आलोचना हो रही है उसको ना केवल हम संकल्प लेकर अपनाएं बल्कि इसके संवैधानिक ढांचे में शामिल करने की ओर कदम बढ़ाने होंगे याने हम अब अपने मौलिक कर्तव्यों को अनिवार्यता से निभाने का संकल्प करना होगा।



साथियों बात अगर हम मौलिक कर्तव्यों की करें तो, भारत में 11 मौलिक कर्तव्यों की सूचीसंविधान का अनुच्छेद प्रावधान इस तरह है। 51ए (1) संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना। (2) न महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना, जिन्होंने हमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम प्रेरित किया। (3) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना। (4) देश की रक्षा करना और जरूरत पड़ने या कहे जाने पर राष्ट्रीय सेवाएं प्रदान करना। (5) भारत के सभी लोगों के बीच धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीयविविधताओं से परे सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना; महिलाओं के सम्मान के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना। (6) हमारी मिली जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और उसका संरक्षण करना। (7) वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण को महत्व देना, उसकी रक्षा करना और उसमें सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दयाभाव रखना। (8) वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना का विकास करना। (9) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा से दूर रहना। (10) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र निरंतर प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक पहुंचे। (11) माता-पिता या अभिभावक का अपने बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करने का कर्तव्य, छह से चौदह वर्ष की आयु के बीच (86वें संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा जोड़ा गया) के मामलों में।

साथियों बात अगर हम मौलिक कर्तव्यों की विशेषताओं की करें तो, (1) मौलिक अधिकार सभी लोगों के लिए होता है, चाहे नागरिक हो या विदेशी परंतु मौलिक कर्तव्य सिर्फ नागरिकों के लिए होता है। (2) यह गैर न्यायोचित है अर्थात संविधान में इसके लिए न्यायालय द्वारा क्रियान्वयन की व्यवस्था नहीं की गई है। (3) यह भारतीय परंपराओं, धर्म, कला एवं पद्धतियों से संबंधित है।भारत जैसे देश में धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाएं, हमेशा से समाज उत्थान के केंद्र में रही हैं। आज देश अपनी आज़ादी के 75 वर्ष पूरे कर चुका है, और अगले 25 वर्षों का संकल्प लेकर हमने अमृतकाल में प्रवेश किया है। आज जब हम विरासत और विकास को एक गति दे रहे हैं।समाज की हर वर्ग की भागीदारी से परिवर्तन आ रहा है। इसलिए, ग्लोबल काउंसिल जैसे आयोजन भारत के बारे में जानने का, और बाकी विश्व को इससे जोड़ने का एक प्रभावी जरिया है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 4 जुलाई 2023 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो उन्होंने कहा आज भारत भी कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता बनाकर आगे बढ़ रहा है।आजादी के 100 वर्ष के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए, हमने हमारे अमृतकाल को कर्तव्यकाल का नाम दिया है। हमारे इन कर्तव्यों में आध्यात्मिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी है, और भविष्य के संकल्प भी हैं। इसमें विकास भी है, और विरासत भी है। आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केन्द्रों का पुनरोद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत इकॉनमी और टेक्नालजी में भी लीड कर रहा है। आज भारत दुनिया की टॉप-5 इकॉनमी में शामिल हो चुका है। आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। डिजिटल टेक्नालजी और 5 जी जैसे क्षेत्रों में हम बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं। दुनिया में आज जितने भी रियल टाइम ऑनलाइन व्यवहार हो रहे हैं, उसके 40 प्रतिशत अकेले भारत में हो रहे हैं। साथियों बात अगर हम मौलिक कर्तव्यों की करें तो भारत में 11 मौलिक कर्तव्योंकी सूची संविधान का अनुच्छेद प्रावधान इस तरह है। 51ए (1) संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना। (2) उन महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना,जिन्होंने हमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम प्रेरित किया। (3) भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना। (4) देश की रक्षा करना और जरूरत पड़ने या कहे जाने पर राष्ट्रीय सेवाएं प्रदान करना। (5) भारत के सभी लोगों के बीच धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना;महिलाओं के सम्मान के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना। (6) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और उसका संरक्षण करना। (7) वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण को महत्व देना, उसकी रक्षा करना और उसमें सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दयाभाव रखना।(8) वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना का विकास करना। (9) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा से दूर रहना। (10) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र निरंतर प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक पहुंचे। (11) माता-पिता या अभिभावक का अपने बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करने का कर्तव्य, छह से चौदह वर्ष की आयु के बीच (86वें संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा जोड़ा गया) के मामलों में है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 1947-2047 अमृतकाल अब कर्तव्यकाल हुआ। कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता देने जनभागीदारी का होना तात्कालिक ज़रूरी। हम भारतीयों को कर्तव्यकाल में भारतीय संस्कृति विरासत, आध्यात्मिक मूल्यों का मार्गदर्शन भविष्य के संकल्प में मददगार साबित होंगे।

## विचार

# युवाओं में बढ़ता असंतोष और अंग्रेजी, हिंदी माध्यम में प्रतिस्पर्धा

*संजीव ठाकुर*

भारत एक विशाल जनसंख्या वाला देश और विश्व में सर्वाधिक युवा जनसंख्या का देश है। चीन और जापान जहां बुढ़ापे की जनसंख्या से परेशान है वहीं भारत की बड़ी युवा जनसंख्या में आर्थिक स्त्रोतों के अभाव में असंतोष गहराने लगा हैस वैसे युवाओं में बढ़ते असंतोष की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है यह विश्वव्यापी समस्या भी बन गई हैस भारत में विद्यार्थियों के मध्य रोजगार न होने से असंतोष की घंटी अब बजने लगी है और यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह हमारी बुनियाद को हिलाने में जरा भी देर नहीं करेंगी। युवा वर्ग खासकर विद्यार्थियों के मध्य विषाद और असंतोष का वातावरण और कुछ नहीं बल्कि आम लोगों में बढ़ते असंतोष कोई प्रदर्शित करता हैस पिछले एक दशक से विद्यार्थियों में विदेश जाने की चाहत विदेशी वस्तुओं के प्रति आकर्षण और पर्याप्त और रोजगार के साधन होने अवसाद काफी बढ़ गया है और इसकी परिणति हिंसात्मक क्रियाकलापों और तोड़फोड़ आगजनी के रूप में सार्वजनिक जगहों मैं आंदोलन तथा सरकारी भवनों तथा सरकारी वाहनों में आगजनी के रूप में दिखाई देने लगी है विद्यार्थियों युवा वर्ग और युवतियों में दीवानापन एक शोध का विषय बन कर रह गया है लेकिन इसमें न तो कोई अध्ययन करता है और नहीं तो कोई समाधान की ओर सोचने की हिमाकत ही कर रहा हैस हम प्रायः विश्वविद्यालयों के बंद होने कुलपति के घेराव होने वह विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के साथ अपमानजनक व्यवहार करने की खबरें लगातार समाचार पत्रों में पढ़ते रहते हैं यह स्थिति काफी दुखद हो गई है। हिंसा के इस अतिरेक के पीछे युवा वर्ग तथा विद्यार्थियों की कई शिकायतें तथा मांगे हैं सरकार तथा शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों प्राध्यापकों और संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों के हित में कोई भी कार्य न किए जाने फ्ल स्वरूप विद्यार्थी दंगे फसाद हड़ताल और प्रदर्शन करते आ रहे हैं। निजी संस्थाओं तथा विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रों से अधिक शिक्षा शुल्क वसूला जाना पुस्तकालय एवं तथा शैक्षिक पुस्तकों के अभाव में काफी असंतोष पनपने लगा है उसके अलावा कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों स्कूलों में योग्य शिक्षक की कमी भी युवा वर्ग तथा विद्यार्थियों में संतोष की कमी का एक बड़ा कारण भी हैस अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा तथा हिंदी माध्यम के बच्चों का बिछड़ना जी युवा वर्ग में असंतोष का एक बड़ा कारण बन गया है।

अभी भी शिक्षा जगत में विद्यार्थियों का बड़ा वर्ग हिंदी मीडियम से शिक्षा प्राप्त कर रहा है ऐसे में अंग्रेजी विषय और भाषा उनकी समझ से बाहर हो जाता है यह भी विद्यार्थियों में असंतोष का बड़ा कारण बनता जा रहा है हमारी आज की शिक्षा पद्धति केवल बेरोजगार को तैयार करने वाली रह गई है इसमें व्यवसायिकता का पुट काफी कम है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी युवक रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटकता है और यही कारण है कि युवा वर्ग तथा विद्यार्थी समुदाय अपने मुख्य आदर्शों से भटक कर अन्य असामाजिक गतिविधियों में तथा नशे की लत में आदि होने के लिए बाध्य हो गया है।

साहित्यकार रामधारी दिनकर जी ने हिंदी से दो यम दर्जे के व्यवहार को लेकर कहा था कि हम अपने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा की सलीब की भेंट चढ़ा रहे हैं। और यही कारण है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में खासकर तकनीकी परीक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम होने के कारण 60: युवा अंग्रेजी के कारण ही असफल हो जाते हैं। राष्ट्रीय महत्व के इस गंभीर विषय पर सरकार तथा शिक्षाविदों को गहन विचार-विमर्श कर इस समस्या का निदान किया जाना चाहिए। वैसे वर्तमान में प्रदेश तथा केंद्र शासन की परीक्षाओं में हिंदी भाषा तथा माध्यम से परीक्षाएं होने के कारण काफी मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों को सफलता मिल रही है पर यह अंग्रेजी मीडियम के विद्यार्थियों की तुलना में लगभग अत्यंत नगण्य है। युवा छात्र देश की उन्नति तथा विकास के स्तंभ है इसके अलावा युवा शक्ति देश की भावी कर्णधार भी हैं यदि इन्हें सही मार्गदर्शन एवं दिशा दर्शन दिया जाए तो काफी सकारात्मक तथा लाभकारी प्रतिफल प्राप्त हो सकते हैं और यदि वे दिशाहीन होकर समाज के विमुख जाते हैं तो न सिर्फ परिवार, समाज बल्कि संपूर्ण राष्ट्र को बड़ी क्षति होने की संभावना होगी। भटके तथा दिशाहीन युवाओं की हिंसक अभिव्यक्ति का जवाब सरकार की गोलियां या लाठियां नहीं हो सकतीं हैं, इस मसले को बहुत ही बुद्धिमता पूर्ण एवं शांति पूर्वक युक्ति से निपटना होगा।

वैसे यह तो खुला सत्य है कि युवा शक्ति पर ही राष्ट्र का चतुर्दिक विकास तथा आशाएं टिकी हुई है। युवा वर्ग की समस्याओं का समाधान इन परिस्थितियों में ही हो सकता है कि उनकी मानसिक स्थिति तथा आवश्यकता तथा समस्याओं को समझ कर उन्हें हर तरह से दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए, क्योंकि सबल युवा वर्ग ही राष्ट्र का सुनहरा भविष्य हो सकता है।

## साहित्य

# नशा नाश की जड़ ...



**सोनल सिंह 'सोनू'**
कोलिहापुरी दुर्ग छ ग

नशा नाश की जड़ है,
नशा व्याधियों का गढ़ है।
डूबकर फिर उबर न पाये,
नशा वो दलदल है।

सिगरेट बीड़ी या शराब,
कर देती जीवन खराब।
लीवर किडनी डैमेज हो जाते,
पराश्रित बनकर ही रह जाते।

तम्बाकू को अपनाना,जैसे
मौत को गले लगाना।
कैंसर जैसा रोग है देती,
सुख चैन सब हर लेती।

कभी शौक तो कभी संगत में,
नशे को अपनाते हो ।

## झरोखा



लत लग जाती है फिर ऐसी,
चाह छोड़ नहीं पाते हो।

इससे ऐसा क्या मिलता है,
जीवन दाव लगाते हो।
अपने संग परिवार को,
गर्त में क्यों गिराते हो ?

मानव तन मिला है खास,
धन का मत तुम करो नाश।
नशे से तुम दूर रहो,
जीवन से भरपूर रहो।

तन रहे स्वस्थ तुम रहो मस्त,
जीवन जियो जबरदस्त।



# राशिफल

**मेष:-** दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे। व्यवसाय में भी संभलकर चलने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतें।

**मिथुन:-** आज स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, खर्च अधिक होगा।

**कर्क:-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फ़िर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**तुला:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिक:-** नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**धनु:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकर:-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं। स्वास्थ्य को संभालिएगा। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखिएगा।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रात:काल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा। कार्यालय का वातावरण अनुकूल होगा।

# टमाटर की मार

देश भर में टमाटर की कीमतों में जबरदस्त इजाफे के बीच तमिलनाडु सरकार ने राज्य की 82 दुकानों में कम दाम में टमाटर की बिक्री करने का फैसला किया है। मंगलवार से फार्म फ्रेश की इन दुकानों पर 60 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू कर दी है। हालांकि जो टमाटर पहले 20-30 रूपए किलो मिल जाते थे और उससे भी पहले इतने सस्ते होते थे कि किसानों को टमाटर बेचने से नुकसान होता था और वो अपनी उपज को सड़कों पर फेंक देते थे, उस टमाटर के लिए 60 रुपए प्रति किलो का दाम भी आम आदमी के लिए अधिक ही है। मगर फैज साहब के शब्दों में कहें तो इस खबर को सुनकर वैसा ही लगा, जैसे बीमार को बेवजह करार आ जाए। देश में महंगाई किसी मर्ज से कम नहीं है, जिसके मरीज आम भारतीय ही बन रहे हैं और इसका कोई इलाज मोदी सरकार के पास नहीं है, ये तय है। मोदीजी मणिपुर का म नहीं कहते तो महंगाई का म भी नहीं कहेंगे। उनके लिए म से केवल मन की बात होती है और इसमें महंगाई की बात कही नहीं होती। बल्कि आश्चर्य नहीं होना चाहिए, अगर इस महीने के मन की बात में वे भारतीयों को टमाटर खाने के नुकसान न गिनाने लग जाएं। जब वित्त मंत्री प्याज से परहेज कर सकती हैं, तो प्रधानमंत्री टमाटर का त्याग कर ही सकते हैं। एक समाचार चौनल और भाजपा समर्थक अखबार ने तो बाकायदा एक खबर ही ऐसी चला दी कि कैसे पहले के जमाने में लोग टमाटर को जहर मानते थे और टमाटर गरीबों का भोजन माना जाता था। जब पाकिस्तान में टमाटर महंगा हुआ तो ऐसे मीडिया घरानों को आम पाकिस्तानियों की तकलीफ फौरन नजर आ गई कि वहां टमाटर खरीदना कैसा मुश्किल हो रहा है। लेकिन अब अपने ही देश में टमाटर डेढ़ सौ रुपए किलो तक मिल रहा है। पेट्रोल के दाम और टमाटर के दाम में आगे निकलने की होड़ है, तो सरकार के पिट्ठु पत्रकारों को आम हिंदुस्तानियों की तकलीफ नजर नहीं आती। इसलिए तमिलनाडु सरकार का सस्ते में टमाटर बेचने का फैसला थोड़ी राहत तो जनता को दे ही देगा। कई राज्यों की भाजपा सरकारें तो केंद्र सरकार का ख्याल रखते हुए ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगी, लेकिन गैर भाजपा सरकारों को भी तमिलनाडु का अनुसरण करना चाहिए। वैसे पिछले दिनों केवल टमाटर ही नहीं बाकी सब्जियों के दाम भी बेतहाशा बढ़ गए हैं। इसके अलावा दालों की कीमतों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। ये तेजी खास तौर से पिछले दस दिनों में देखने मिली है। दाल, सब्जी, फल, दूध-दही सब कुछ आम जनता की पहुंच से दूर हो रहा है। लेकिन सरकार की प्राथमिकता में महंगाई पर काबू की बात कहीं नहीं दिख रही है। न ही सरकार इस बात को बर्दाश्त कर रही है कि कोई और जनता को होने वाली तकलीफ पर आवाज उठाए। मंगलवार को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय के बाहर कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने टमाटर समेत सभी सब्जियों के दाम बढ़ने पर विरोध प्रदर्शन करना चाहा, तो दिल्ली पुलिस ने ऐसा करने से न केवल उन्हें रोका, बल्कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के साथ झड़प की, जो कानूनन गलत है। किसी भी महिला पर कोई पुरुष पुलिसकर्मी कार्रवाई करे, यह गैरकानूनी है। मगर मोदीराज में सब मुमकिन दिख रहा है। दिल्ली की इस घटना पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि मई में हमारी महिला चौंपियन पहलवानों के साथ जिस तरह का दुर्व्यवहार किया था वो पूरे देश ने देखा। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए पुरुष अधिकारियों को भेजकर सभी प्रोटोकॉल तोड़ दिए जबकि वे सभी तो सिर्फ शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने के अपने अधिकारों का प्रयोग कर रही थीं। इस बारे में दिल्ली पुलिस का तर्क है कि कांग्रेस के पास विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं थी। महिला कांग्रेस की नेता में से कुछ ने मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी की। हमने ऐसे में सिर्फ अपना काम किया। घटनास्थल पर महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं। दिल्ली पुलिस के इस बयान को सुनकर यकीन हो जाता है कि हम नए भारत में ही रह रहे हैं, जहां महंगाई जैसे जरूरी मुद्दे पर अपनी आवाज उठाने के लिए भी अनुमति लेनी होगी। निश्चित ही मोदी सरकार को इस बात का बिल्कुल एहसास नहीं है कि इस बेतहाशा महंगाई से लोगों के बजट पर, उनकी जीवनशैली पर कितना गंभीर असर पड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों में महंगाई को लेकर चाहे जितनी बाजीगरी की जाए, अगर लोगों को वास्तव में चीजें किफायती दामों पर नहीं मिलेंगी, तो वे अपने खानपान में कटौती करने लगेंगे। अभी ऐसा ही हो रहा है अब लोग डेढ़ सौ में टमाटर खरीदने की जगह 25 रूपए में 200 ग्राम टमाटर की प्यूरी खरीद रहे हैं। इसी तरह अदरक-लहसून का पेस्ट, जीरा पाउडर आदि खरीद कर काम चला रहे हैं। क्योंकि बाजार में अदरक, लहसून, जीरा सब बेहद महंगे हो गए हैं। वहीं एफएमसीजी कंपनियां आपदा में अवसर तलाशते हुए छोटे पैकेट या पाउच का वजन घटाकर पुरानी कीमत या फिर दाम बढ़ाकर अपना माल बेच रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रांडेड कमोडिटी के छोटे पैकेट की मांग में इस साल मई में पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत का उछाल आया है।भाजपा जितना जोर चुनाव जीतने और हार गई तो सत्ता हथियाने में लगाती है, उतना ही ध्यान अगर देश की वास्तविक समस्याओं पर दे, तो लोगों को अपनी जरूरतों में कटौती की नौबत न आए।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

## घाघरा नदी किनारे स्थित गांव समूहों को कटान से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर की फ्लड फाइटिंग

# सम्भावित नदी कटान के दृष्टिगत कराए गए आपातकालीन कटावरोधी कार्य

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रशासन की तरफ से घाघरा नदी कटान रोकने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। बाढ़ खंड के अफसर घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर स्थित गांवो को कटान से बचाने के लिए 700 मीटर संवेदनशील रीच में 40 अदद बंबू कटर तथा अति संवेदनशील 200 मीटर रीच में ईसी बैग्स को गेबियन रोप कैरिट्स प्रयोग कर टोबाल के साथ स्लोप कटिंग कर कटान को नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बाद प्रभावित होने वाली आबादी ने राहत की सांस ली है। आवश्यकतानुसार लांच सामग्री का रीक्यूपमेंट भी किया जा रहा है।

जनपद खीरी में घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर स्थित तहसील धौरहरा के ग्राम सुजानपुर, लालापुर को कटान से बचाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने आपातकालीन फ्लड फाइटिंग कार्य युद्ध स्तर करते हुए सुरक्षित कर दिया है। घाघरा के जलस्तर के वृद्धि को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। अभी कोई खतरा नहीं है। विभाग पैनी नजर बनाए हुए है।



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आवश्यकतानुसार रिजर्व सामग्री यथा ई0सी0 बैग, नायलॉन क्रेट, नारियल रस्सी, बम्बू इत्यादि भी उपलब्ध है। अफसरों को बाढ़ एवं कटान क्षेत्रों में सतत भ्रमण सील रहते हुए हर गतिविधि पर पैनी निगाह रखने के लिए निर्देश दिए हैं। जिले में कहीं भी बाढ़ कटान की सूचना प्राप्त होने पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए आवश्यकतानुसार आपातकालीन कार्य कराये जाये।

जिले में बाढ़ एवं कटान क्षेत्र में सतत भ्रमण व संरचनाओं की निगरानी की जा रही है, जिसके कारण जनपद में अवस्थित समस्त तटबन्ध एवं कटावरोधी परियोजनायें सुरक्षित एवं पूर्ण प्रभावी हैं। जिला प्रशासन बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पैनी निगाह रखे हुए हैं और जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग है।

बताते चले कि नेपाल राष्ट्र में पहाड़ों पर हो रही बारिश से शारदा/घाघरा नदियों का जल स्तर बढ़ गया है, परन्तु जनपद खीरी में बाढ़ एवं कटान की स्थिति सामान्य है एवं आबादी सुरक्षित है।

एतिहातन सम्भावित नदी कटान के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आपातकालीन कटावरोधी कार्य किए जा रहे है।

## लखीमपुर टेन्ट व्यापारी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ ली

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्यता के साथ गोल्डन फार्म एंड बैंक्विट हॉल बरेली में संपन्न हुआ।

इस समारोह में उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। जिसमें लखीमपुर टेंट ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में अशोक चावला अध्यक्ष, अभिलाष वर्मा महामंत्री, ओम मेहरा कोषाध्यक्ष, गिरीश कुमार चेयरमैन, गोपेश अग्रवाल उप चेयरमैन, श्री महावीर प्रसाद उपाध्यक्ष, श्री राम बहादुर वर्मा प्रचार मंत्री, श्री मनमोहन मौर्य संगठन मंत्री के पद की शपथ दिलाई गई!

उत्तर प्रदेश टेंट युवा व्यापारी एसोसिएशन का गठन किया गया वैभव गोठरवाल को कार्यकारिणी सदस्य की शपथ दिलाई गई! लखीमपुर से कीर्ति वर्मा, महावीर प्रसाद, मनमोहन मौर्य, राम बहादुर वर्मा, वैभव गोठरवाल, अभिषेक पंचोली, सुनील जयसवाल, सोमेश, राम आसरे, धनजय मिश्रा, शांतनु अवस्थी, अमरजीत सिंह आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मंगोलिया का भ्रमण दोनों देशों के मध्य संसदीय सहयोग आगे बढ़ाने में सफल होगा : सांसद

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार द्वारा दोनो देशों के मध्य संसदीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रवाना किया गया है। इस मंगोलिया दौरे पर जाने से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष आदरणीय ओम बिरला के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता में सांसद राजेश वर्मा भी मौजूद रहे है। इस प्रतिनिधि मंडल में मंगोलिया दौरे पर जाने से पूर्व सभी संसदीय प्रतिनिधि मंडल में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शामिल रहकर वार्ता की गई है। सांसद राजेश वर्मा ने इस दौरान कहा कि अगर यह वार्ता सफल होती है तो मंगोलिया का यह भ्रमण दोनो देशों के मध्य संसदीय सहयोग आगे बढ़ाने में सफल होगा।

### भीम आर्मी अध्यक्ष पर जानलेवा हमले की उठाई सीबीआई जांच की मांग

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले की सीबीआई जांच एवं सुरक्षा ब्यवस्था की मांग को लेकर आज गुरुवार को जन संघर्ष मोर्चा जयकरन सिंह, लाखन सिंह कुशवाहा, रामकृष्ण शुक्ला, डा. श्रद्धा चौरसिया, अशोक गुप्ता, गिरेन्द्र सिंह कछवाहा, संतराम कुशवाहा पूर्व विधायक माधौगढ़, आदित्य मिश्रा, जयदेव सिंह यादव, जगदीश गुप्ता, यशपाल सिंह निरंजन, अनिल शर्मा, सहित दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए कहा कि भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर के ऊपर जिस तरह से प्राण घातक हमला किया गया उससे हम सब बेहद आक्रोशित व चिंतित है। इस कांड़ में चार आरोपी पकड़े भी गये है जिन्होंने तंमचे से हमला करने की बात को स्वीकार किया है। जबकि आजाद का कहना है कि उन पर चलाई गयी गोली पिस्टल की है। भीम आर्मी चीफपर हमले की सीबीआई जांच एवं पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध करायी जाये अन्यथा की स्थिति में जन संघर्ष मोर्चा लोकतांत्रिक तरीके आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### नागणेची माता मंदिर का दूधाधारी महाराज ने किया भूमि पूजन

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को ग्राम गोरा राठौर में महावीर मंदिर सेवा समित द्वारा गुरुवार को भूमि पूजन कर नागणेच्या माता मंदिर की आधारशिला मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 निर्भयदास त्यागी दूधाधारी महाराज द्वारा रखी। सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रस्तावित नागणेच्या माता मंदिर के साथ ही एक 100 बेड का अस्पताल, एक वृद्धा आश्रम तथा गरीब ब असहाय बच्चों के लिए एक कालेज बनाने की योजना है। उक्त कार्य के लिये एक एकड़ नि:शुल्क भूमि देवेन्द्र सिंह राठौड़ के द्वारा दान में दी गयी है। समाजहित के हो रहे कार्य में गोरा सुरावली तथा आसपास के अनेकों गांवों के लोगों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया। भूमि पूजन के रहे। भूमि पूजन सतेन्द्र सिंह राठौड़ ने किया सहयोग में प्रधान प्रतिनिधि विक्रम प्रिन्सू सिंह सेंगर, सुरेन्द्र सिंह राठौर, जगत सिह सेंगर, ओंकार सिंह विजयपाल सिंह, मुन्ना सिंह, रिकू सिंह, धीरेन्द्र सिंह, रतीराम, हरनाम, लालशेर सिंह, शिवम सिंह, लला सिंह गोपी, कड़ोरे प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित नीखरा, सुरेन्द्र पाल सिह प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, रामकुमार सिंह तरसोल, सुरेन्द्र सिंह चौहान जमालीपुर, प्रवल प्रताप सिंह कुरौली, रामदेव सिंह, सीटू सिंह रंधीरपुर, शिवम सिंह शंकरपुर, जुगल सिंह कुरसेड़ा, राजू मिश्रा सुरावली बशुं सिंह वावली, रामपाल वर्मा भदेख, नरायण पंडितपुर, शिवानी शंकरपुर, कपिल सिंह सेंगर हदरुख सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक लूट की घटना का खुलासा, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

06 जुलाई 2023 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा दिनांक 26 जून 2023 को रात्रि में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मूड़ाविश्नू के आशीष कुमार वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा के साथ गोला सिकन्द्राबाद रोड पर मोटर साइकिल व मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरे मुनेन्द्र पुत्र तोताराम निवासी देवीपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी, प्रमोद पुत्र हरद्वारीलाल निवासी तुर्कीखेड़ा थाना हैदराबाद जनपद खीरी को वैदाखेड़ा मोड के पास बहद ग्राम वैदाखेड़ा से एक अदद लूटी हुई मोटर साइकिल बजाज सीटी 100 व अलग अलग जगह से लूटे गये पांच अदद मोबाइल व दोनो के पास से एक -एक अदद तमन्चा 12 बोर व 01-01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद होने पर



गिरफ्तार किया गया। माल बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना हैदराबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

इस मौके पर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 मो0जुबैर अहमद, हे0का0 राजेन्द्र गंगवार, हे0का0 सुशील कुमार ,का0 ऋतुराज थाना हैदराबाद, का0 धीरज यादव,का0अभिषेक कुमार थाना हैदराबाद जिला खीरी।

## छोटीकाशी सहित दो पीएचसी व सीएचसी फरधान का सीएमओ ने किया निरीक्षण

- सावन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए किया औचक निरीक्षण
- अनुपस्थित मिले अधिकारियों और कर्मचारियों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सावन माह के चलते छोटी काशी में पहुंचने वाले हजारों-लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से की गई तैयारियों का जायजा लेने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सीएचसी गोला व पीएचसी सुहेला, पीएचसी झाऊपुर सहित सीएचसी फरधान का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सावन मास में हजारों-लाखों श्रद्धालु, शिवभक्त छोटीकाशी गोला पहुंचते हैं। इसे लेकर कांवरियों और शिव भक्तों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि वह हर तरह से तैयार रहें। इसी के साथ सीएचसी व पीएचसी को विशेष रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं, जो गोला गोकरननाथ छोटी काशी शिव भक्तों और कांवरियों के पहुंचने के प्रमुख रास्तों में आती हैं। इसी के दृष्टिगत उन्होंने सीएचसी गोला व पीएचसी सुहेला, पीएचसी झाऊपुर और सीएचसी फरधान का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों के दृष्टिगत दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। गोला मंदिर में लगाई गई टीम मौके पर मिली, एंबुलेंस भी मिली। सीएचसी गोला में मेडिकल ऑफिसर शंकर दयाल 3, 4, 5 और 6 जुलाई को अनुपस्थित मिले। साथ ही अधीक्षक और सुपरवाइजर को माह में एक बार पीएचसी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएचसी गोला के एक्स-रे टेक्नीशियन का तबादला हो गया है। जिसके चलते वैकल्पिक व्यवस्था करने और जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती है कब तक उन्हें रिलीव न के निर्देश दिए गए हैं। पीएचसी सुहेला में फार्मासिस्ट कमलेश वर्मा 3 जुलाई से लगातार अनुपस्थित मिले। वहीं पीएचसी झाऊपुर में एमओसीएच अनूप कुमार और लैब असिस्टेंट अरविंद और वार्ड बॉय संजय कुमार अनुपस्थित मिले। सीएचसी फरधान में एनएमएस राम विनय रे 5 और 6 जुलाई को अनुपस्थित थे। एलएचबी पुष्पा वर्मा 1 जुलाई से अनुपस्थित मिली। इसी के साथ कम्प्यूटर ऑपरेटर निधी, ऑप्टोमेट्रिस्ट आमिर हयात, स्टाफ नर्स कनक तिवारी भी अनुपस्थित मिली। साथ ही सीएचसी फरधान में चल रही आशा मीटिंग में पहुंचकर उन्होंने निर्देश दिए। अनुपस्थित मिले समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## बाढ़ सुरक्षात्मक वाल निर्माण में तेजी के निर्देश दिये अधीक्षण अभियंता ने

- 13 करोड़ की लागत से बोल्डर वाल का किया जा रहा निर्माण

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

यमुना नदी के किनारे किलाघाट के समीप बाढ से बचाव के लिये बन रही वाल का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता ने किया और कार्य को तेज गति से करने के निर्देश दिये।

नगर में यमुना नदी के किनारे किलाघाट से लेकर वेदव्यास मंदिर तक सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 13 करोड़ की। लागत से बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करवाया जा रहा है जिसका निरीक्षण अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार झां ने किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन बोल्डर वाल का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि इस वाल के बनने से बाढ के प्रकोप से बचाव होगा वही उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये इस दौरान उन्होंने निर्माण का पूरा नक्शा भी देखा वही यमुना नदी से रानी लक्ष्मीबाई के मंत्रणा कक्ष के बचाव के लिये 8 मीटर ऊंची दीवाल बन गई है जिसकी ऊंचाई अभी और बढ़ाई जायेगी जिसका 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता धर्म घोष, एसडीओ वसीम राजा, अवर अभियंता आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

### घर आने से रोकने पर दो लोगों ने युवक की कर दी पिटाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** घर पर आने से मना करने पर दो लोगों ने युवक के साथ गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की। बल्कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी वीर बहादुर ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही दो युवक अक्सर उसके घर आया करते थे। उनका चाल चलन सही न होने पर उसने उक्त दोनों युवकों को उसके घर आने से मना कर दिया। इस बात से दोनों उससे रंजिश मान बैठे। युवक का आरोप है कि बुधवार की शाम उक्त दोनों युवक बाइक से रास्ते में उसे मिल गए और उसे चुंगी नंबर चार तक चलने के लिए कहा। जब वह उनके साथ वहां पहुंचा तो दोनों ने उसके साथ गाली, गलज्ञैज शुरू कर दी। मना करने पर दोनों ने मिलकर उसक साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीडित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमे को ठेंगा दिखाकर राजस्व अधिकारियों ने शुरू करवाया अवैध निर्माण



- मुकदमा चला गाटा संख्या 72 और 73 के बीच में लेकिन राजस्व अधिकारियों ने गाटा संख्या 70 में नाप दिया राजा बेटी का पट्टा
- गाटा संख्या 70 के पीड़ितों ने लगाई पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों से न्याय की गुहार
- जिले के आला अधिकारियों को गुमराह कर तहसील के राजस्व अधिकारियों ने रचा षड्यंत्र

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिले के आला अधिकारियों को गुमराह कर तहसील के राजस्व अधिकारियों के काकस ने एसडीएम के पूर्व अर्दली नंदकिशोर उर्फ नंदू से सांठगांठ कर हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमे को ठेंगा दिखाकर अवैध निर्माण शुरू करा दिया हाईकोर्ट में मुकदमा चला गाटा संख्या 72 और 73 के बीच में और गाटा संख्या 72 के पट्टे दारों के पक्ष में हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद राजस्व अधिकारियों ने गाटा संख्या 73 के स्थान पर गाटा संख्या 70 में राजा बेटी का पट्टा नाप दिया यही नहीं अधिकारियों को गुमराह कर इस अवैध निर्माण को पूरा कराने के लिए पुलिस का पहरा भी बैठा दिया जिससे पीड़ित अपनी आवाज भी ना उठा सके और ना हाईकोर्ट मैं विचाराधीन मामले में पारित आदेशों को ठेंगा दिखा रहे राजस्व अधिकारियों की मनमानी का विरोध कर सकें

दरअसल पूरा मामला जिला मुख्यालय उरई के चुर्खी रोड का है वर्ष 1995-96 में तत्कालीन एसडीएम कालूराम यादव के द्वारा ग्राम चौरसी निवासी तथा कुछ बाहरी लोगों को जिन के पक्के मकान ग्राम चौरसी एवं उरई में बने हुए थे उनके नाम पट्टे कर दिए थे जिन्हें जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया गया था गाटा संख्या 72 में जिन पट्टे दारों को पट्टा आवंटन किया गया था उनमें राजा बेटी राम सजीवन आदि आधा दर्जन लोग शामिल थे जिलाधिकारी न्यायालय से पट्टे निरस्त होने के बाद राम सजीवन राजा बेटी आदि के द्वारा मामले को हाईकोर्ट में अपील की गई जहां गाटा संख्या 72 के पट्टे दरों के द्वारा गाटा संख्या 73 के काश्तकार हरि को प्रतिवादी बनाया गया था हरि के द्वारा इस मुकदमे में प्रभावी पैरवी ना किए जाने के कारण हाईकोर्ट ने मुकदमा राम सजीवन, राजा बेटी के पक्ष में सुना दिया हाईकोर्ट के आदेश के बाद राजस्व अधिकारियों को गाटा संख्या 72 के पट्टे दारों को गाटा संख्या 73 की जमीन पर पट्टा का कब्जा दिलाना चाहिए था चूंकि गाटा संख्या 73 के काश्तकार द्वारा प्लाटिंग की जा चुकी है और चुर्खी रोड से सटकर ज्यादातर जमीन पर पक्के मकान बन चुके हैं ऐसे में हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए तहसील के राजस्व अधिकारियों ने अपना पिंड छुड़ाने के लिए गाटा संख्या 70 के मालिक रमेश, राजकुमार आदि लोगों की जमीन पर राजा बेटी का गत 3 जून 2023 को पट्टा नाप दिया और पिछले 2 दिनों से गिट्टी बालू डालकर राजा बेटी के पति नंदकिशोर उर्फ नंदू एवं उनके लड़कों के द्वारा रमेश की पहले से निर्मित बाउंड्री पर ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जब रमेश, राजकुमार ने अवैध निर्माण का विरोध किया तो राजस्व अधिकारियों ने अपने षड्यंत्र को छुपाने के लिए और विरोध को दबाने के लिए पुलिस का पहरा बैठा दिया।

तहसील के नायब तहसीलदार एवं लेखपाल के द्वारा आला अधिकारियों को किस तरह से गुमराह किया गया उसकी भी जानकारी करते चलते हैं। दरअसल तत्कालीन उप जिलाधिकारी सदर कालूराम के द्वारा गाटा संख्या 70 के सामने जो पट्टे किए गए थे इन पत्तेदारों में मीरा देवी, कमलेश कुमारी, रामसनेही, सुरेश कुमार, प्रहलाद वीरेंद्र सिंह, बृजभषण, श्री कृष्ण, राजा सिंह, श्री राम के नाम शामिल है इनमें कहीं से भी राजा बेटी का नाम शामिल नहीं है तत्कालीन एसडीएम के द्वारा पट्टे आवंटित किए गए थे तब चुर्खी रोड की चौड़ाई 35 फुट की उसके बाद गाटा संख्या 72 पर 18 फुट की पट्टी पर पट्टे का आवंटन किया गया था जिस का विरोध करते हुए रमेश, राजकुमार के द्वारा अपर जिलाधकारी के समक्ष इन पट्टों को खारिज करने के लिए मुकदमा दाखिल किया गया था और अपर जिलाधिकारी जालौन के द्वारा वर्ष 2011 में इन पट्टों को निरस्त कर दिया गया तब मीरा देवी, कमलेश कुमारी आदि पट्टेदारों द्वारा हाई कोर्ट में अपील की गई और गाटा संख्या 70 के काश्तकारों एवं गाटा संख्या 72 के पट्टे दारों के बीच मुकदमा हाई कोर्ट में विचाराधीन है गाटा संख्या 70 के काश्तकारों का मुकदमा राम सजीवन राजा बेटी के बीच चला ही नहीं है तो फिर तहसील के राजस्व अधिकारियों द्वारा राजा बेटी को गाटा संख्या 70 के काश्तकार की जमीन पर पट्टा क्यों नाप दिया गया यही षड्यंत् तहसील उरई की नायब तहसीलदार कानूनगो तहसीलदार एवं लेखपाल के द्वारा उप जिलाधिकारी सदर अपर जिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी से छिपाया गया जबकि सच्चाई है गाटा संख्या 73 के जिस काश्तकार से गाटा संख्या 72 के पट्टे दार राम सजीवन,राजा बेटी के द्वारा मुकदमा लड़ा गया उस जमीन पर चुर्खी रोड के किनारे भाजपा नेताओं के मकान बन चुके है और तो और उस मुकदमे का बादी राम सजीवन 5 साल पहले ही अपना पट्टा एक भाजपा नेता को बेच चुका है और भाजपा नेता ने उस पर बड़ा सा हॉल का निर्माण करा लिया है हाईकोर्ट के आदेश का सहारा लेकर तहसील के राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रशासन के आला अधिकारियों को गुमराह कर गाटा संख्या 70 की काश्तकार रमेश राजकुमार की निर्मित बाउंड्री पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है।

### षड्यंत्र का खामियाजा प्रशासन के आला अधिकारियों को भी भुगतना पड़ सकता

भविष्य में तहसील के राजस्व अधिकारियों द्वारा किए गए षड्यंत्र का खामियाजा प्रशासन के आला अधिकारियों को भी भुगतना पड़ सकता है क्योंकि इस मामले में दोनों मुकदमे अलग-अलग हैं और दोनों मुकदमों के पत्तेदार भी अलग-अलग है इसके बाद भी तहसील के राजस्व अधिकारियों द्वारा षड्यंत्र के तहत गाटा संख्या 70 के काश्तकारों की निर्माणाधीन बाउंड्री पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है क्योंकि गाटा संख्या 70 की काश्तकारों का मुकदमा राजा बेटी से चला ही नहीं है तो फिर राजस्व अधिकारियों द्वारा राजा बेटी के पट्टे का अवैध निर्माण रमेश राजकुमार की जमीन पर कैसे कराया जा सकता है निश्चित ही भविष्य में यह मामला उप जिलाधिकारी सदर एवं जिलाधकारी जालौन के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है अगर समय रहते गाटा संख्या 70 की काश्तकारों की बाउंड्री वॉल पर राजा बेटी के पट्टे के कराए जा रहे अवैध निर्माण को नहीं रोका गया तो?

## एआरटीओ ने दो ओवरलोड वाहन पकड़ लगाया जुर्माना

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार की सुबह ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए गए अभियान में एआरटीओ ने दो मौरम व एक सीमेंट के ट्रक को पकड़कर जुर्माना लगाया।

ओवर लोडिंग के खिलाफ प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसके बाद भी ओवरलोडिंग थम नहीं रही है। एआरटीओ विनय पांडेय की टीम ने गुरूवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाय। अभियान के दौरान दो ओवरलोड मौरम लदे ट्रक एवं एक सीमेंट के ट्रक को पकड़ा गया। पकड़े गए दोनों मौरम के ट्रकों पर एआरटीओ 86 हजार रुपये एवं सीमेंट के ट्रक पर 64 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

## पारदर्शिता के साथ काम करने की नवागंतुक बीएसए ने दिखाई मंशा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

प्रशासनिक और विभागीय आला अधिकारियों के तबादलों के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग में भी जिले की कमान अब बेसिक शिक्षा अधिकारी के तौर पर चंद्रप्रकाश को मिली है जिन्होंने पदभार ग्रहण करते ही जहां एक और पूरी पारदर्शिता और ऊर्जा के साथ काम करने की मंशा दिखलाई तो वही शुरूआती दौर में विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं परखी। अनौपचारिक भेंट वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर कोई भी समझौता नहीं करेंगे जहां तक है उनका प्रयास रहेगा की जनपद के विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों को शिक्षा के साथ-साथ शासन स्तर से मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयों के संचालन और व्यवस्थाओं में हीला हवाली बरतने वालों को वह किसी भी



- पदभार ग्रहण करते ही विद्यालयों के औचक निरीक्षण में परखी व्यवस्थाएं

स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। भेंट वार्ता के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने बताया कि वह इससे पूर्व प्रयागराज मैं बतौर प्रवक्ता अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे थे यह उनकी पहली पोस्टिंग है जब उन्हें जिले में बेसिक शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौपी गई है उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता जिले में संचालित सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना और साथ ही विद्यालयों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना रहेगी उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति को समय पर सुनिश्चित कराना साथ ही साथ शिक्षक शिक्षिकाएं अपने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करें इसमें वह किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं करेंगे। नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जनपद में संचालित विद्यालयों की व्यवस्थाएं चौकस बनाई जा सके इसके लिए वह विशेष तौर पर काम करना चाहेंगे।

### दो या तीन महीने में कायाकल्प योजना का लक्ष्य करेंगे पूरा : चंद्रप्रकाश

परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाए जाने की दिशा में चलाई जा रही कायाकल्प योजना को लेकर नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने स्पष्ट कर दिया कि वह आगामी दो या तीन माह में योजना के लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने गुरुवार को भी जनपद के डेकोर विकासखंड के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को परखा इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति पूरी पाई कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों के निर्माण कार्य में आंशिक तौर पर ही काम कराया जाना रह गया है लगभग 90 फीसदी से ज्यादा कार्य कर दिया गया है शेष कार्य को भी वह आगामी दो-तीन माह के दौरान पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मिनोरा उच्च प्राथमिक विद्यालय मिनोरा तथा कंपोजिट विद्यालय करमेर का निरीक्षण किया। आगामी दिनों में वह निरीक्षण के जरिए अन्य व्यवस्थाओं को भी परखेंगे।

## ग्राम पंचायत बारहसिंघा में हो रहा घटिया निर्माण

- जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी : शैलेंद्र दीक्षित

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यजू।**




सचिव और प्रधान की खाऊ कमाऊ नीति के चलते भ्रष्टाचार का घुन विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत बारहसिंहा में देखने को मिला। यहां पर निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है जिसमें मानकों को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है इस बाउंड्रीवाल में पीले ईंट का प्रयोग किया जा रहा है जबकि सरकारी आंकड़ों में अव्वल ईंट से प्रयोग होना बताया जा रहा है ऐसा जिम्मेदारों का कहना है। आपको बतातें चलें ग्राम पंचायत बारा सिंहा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे पीले ईंट का प्रयोग किया जा रहा है ऐसा वहां कार्य कर रहे मजदूरों द्वारा पूछने पर पता चला। प्रधान व सचिव की खाऊ कमाऊ नीति के चलते ग्राम पंचायत में विकास कार्य को भ्रष्टाचार का घुन लग रहा है। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान व सचिव से बात की गई तो बताया जो बाउंड्रीवाल का निर्माण हो रहा है उसमें द्वितीय श्रेणी का ईंट लगाया जा रहा है जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार बाउंड्रीवाल का निर्माण प्रथम श्रेणी ईंट से कराया जाता है।

## आधी अधूरी व्यवस्था के साथ कावड़ विश्राम स्थल में भरा पानी

**पहला, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय मास कहा जाता है और इस बार यह महीना मल मास को मिलाकर 59दिनों का हो गया है इस महीने में शिव भक्त अपने आराध्य भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार काशी आदि अनेक पुण्य तीर्थो से कावड़ में जल भरकर अपने गंतव्य स्थल को जाते है। कावड़ियों के लिए योगी सरकार द्वारा विश्राम करने हेतु प्रत्येक विकास खंड के मुख्य मार्गो पर विश्राम स्थल बनवाए जाने के निर्देश दिए गए थे जिनमे बिजली पानी भोजन तथा दवाई आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए थी मगर विकास खंड पहला द्वारा बिसवां-महमूदाबाद रोड के अंशु ढाबा के पास कावडियो के लिए 4जुलाई को एक टेंट लगाकर अस्थाई विश्राम स्थल बनवाया गया है मगर उसमे पानी प्रकाश दवाई भोजन की कोई व्यवस्था मौके पर मौजूद नही है तथा उसमे पानी भरा हुआ है जिसमे गद्दे भीग गए थे तथा वहां दो सफाई कर्मियों राकेश कुमार तथा रिंकू की ड्यूटी लगाई गई है सफाई कर्मियों से पूछने पर उन्होंने बताया कि दो माह के लिए यह अस्थाई विश्राम स्थल बनवाया गया है मगर अभी अन्य कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवाई गई है अब प्रश्न यह उठता है कि क्या पहला ब्लॉक कर्मचारियों के लिए सरकार का आदेश कोई मायने नहीं रखता है क्या कोई व्यवस्था शिव भक्तों को उपलब्ध भी होगी कि नही यह यक्ष प्रश्न है।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में मा0मुख्यमंत्री के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 बिन्दु की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान विद्युत कनेक्शन, विद्युत भुगतान, स्वानिधि योजना, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पशुधन विभाग, टीकाकरण, आपरेशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री आवास शहरी, एनआरएलएम, मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास, जिओ टैगिंग, कौशल विकास समिति, वृक्षारोपण समिति, अंत्येष्टि स्थल, सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, आंगनबाड़ी पोषण अभियान, कौशल विकास मिशन, परिवार नियोजन, लघु सिंचाई, जमीन पट्टा, नलकूप, गन्ना, भूमि संरक्षण, कृषि रक्षा, खादी ग्रामोद्योग, नगर विकास, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, खनन, युवा कल्याण, विकलांग, सहकारिता, किसान सम्मान निधि, सेवायोजन, वन विभाग, उद्योग विभाग, कन्या सुमंगला योजना, मत्स्य संपदा योजना, दीन दयाल अन्त्योदय, पाक्सो एक्ट, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, दुग्ध समिति, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बाल सेवा योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है , इसमें किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। इस योजना से आच्छादित बच्चों को अभ्युदय योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे कि आगे इन बच्चों का भविष्य और अच्छा हो सके। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आवेदन लिए जा रहे हैं, इसके साथी ही मछुआरा दुर्घटना योजना में किसी भी प्रकार की कोई पेंडेंसी शेष नहीं है। जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण अधिक से अधिक करने के निर्देश दिए। बैठक में गन्ना विभाग की समीक्षा करते हुए बताया गया है कोई भी भुगतान शेष नही है । उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी तक समयान्तर्गत अवश्य उपलब्ध करा दी जाये। कृत्रिम अंग उपकरण वितरण हेतु पात्र लाभार्थियों का चयन कर वितरित कराया जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं का टीकाकरण का कार्य पूरा कर लिया जाये। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि खरीफ की फसल के सीजन को देखते हुए कार्य योजना पहले से बना लिया, जिससे कि उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में आयोजित किया गया योग शिविर

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में गुरुवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर)के किशोरों के बेहतर भविष्य की संभावना के लिये योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेन्द्र सिंह यादव की देख-रेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा मंत्रों का उच्चारण भी कराया गया।इस दौरान कार्यक्रम में संस्था से सभी कर्मचारी और किशोरों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी शिवाकांत शुक्ला, अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार द्विवेदी,संस्था के अधीक्षक नमन कुमार गुप्ता, होमगार्ड व कर्मचारी आदि उपस्थित हुए। तदनुसार योग शिविर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




## अविवि के स्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 जुलाई से प्रारम्भ होगी।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेशानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय के बीए,बीएससी, बीकॉम द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 जुलाई से प्रारम्भ होकर 09 अगस्त तक चलेगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई जायेगी।प्रथम पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे तक होगी,वही द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से सायं 4 बजे तक चलेगी।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक परीक्षा कार्यक्रम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित दिया गया है।इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड है।

## शर्मनाक घटना के लिए इस्तीफा दे शिवराज

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार और विजय श्रीवास्तव ने गुरुवार को जारी किए गए अपने एक संयुक्त बयान में मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता जो पूर्व विधानसभा सदस्य का निजी प्रतिनिधि रहा है, के द्वारा आदिवासी समाज के एक व्यक्ति पर पेशाब करने के कृत्य को अत्यन्त नीच कर्म की संज्ञा देते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है।उक्त दोनों ही नेताओ ने कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है और समतामूलक समाज के लिए कलंक है। नेता द्वय ने कहा कि ऐसी शर्मनाक घटना घटित होने के लिए मध्य प्रदेश सरकार जिम्मेदार है और नैतिकता के आधार पर इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## सिविल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों को गेट परीक्षा में मिली सफलता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 12 छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली गेट-2023 की परीक्षा में सफलता मिली।इसमें विनय कुमार यादव, संकल्प पांडेय,अर्जुन,गौर सिंह, आदित्य पटेल,श्रेयश सक्सेना, ओजस्व गुप्ता,चन्दन सिंह, अभिनय मिश्रा,अर्पिता,आंजनेय तिवारी,प्रिंस सिंह ने गेट स्कोर में सफलता प्राप्त की।छात्रों की इस सफलता से उन्हें उच्च शिक्षा के साथ पब्लिक सेक्टर के संस्थानों में कार्य करने का सुनहरा मौका मिलेगा।विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों की इस उपलब्धि पर आईईटी संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएस मिश्र ने बधाई देते हुए कहा कि यहां के छात्र कई क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।शिक्षकों द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया जा रहा है जिससे विद्यार्थी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगे।विभागाध्यक्ष अमित सिंह, सौहार्द ओझा,प्रिंस पोद्दार,नवीन पटेल,कन्हैया लाल पांडेय,मानवेंद्र प्रताप सिंह ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की

## जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु तीन वार्डों में आयोजित हुआ शिविर

**अयोध्या।** महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के निर्देशानुसार पाटेश्वरी नगर,निषादराज नगर व अंबेडकर नगर वार्ड में गुरुवार को कर विभाग से सम्बन्धित विसंगतियों के निराकरण और वार्डों की अन्य विषयों से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में कुल 66 शिकायतें आई।इसमें कर विभाग से सम्बन्धित 65 एवं जलकल विभाग से संबंधित एक शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।शेष 58 शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अनुभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।उल्लेखनीय है कि महापौर श्री त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रतिदिन प्रत्येक वार्डों में शिविर का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जायेगा,जिसमें शिकायतकर्ता निगम सम्बन्धी शिकायतें/समस्याओं को संज्ञान में लाकर त्वरित समाधान करा सकते है।नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु नगर निगम प्रतिबद्ध है।जनसमस्याओं का निराकरण पूर्ण प्राथमिकता पर कराया जायेगा।

## ग्राम प्रधान व समर्थकों से मिली जान से मारने की धमकी

**सिद्धौर बाराबंकी।** बाग की सुरक्षा के लिए वर्षों पूर्व लगाए गए खंभे उखाड़कर पेड़ कटवाने का विरोध करने पर एक बुजुर्ग को ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।पीड़ित ने थाने जाकर पुलिस से शिकायत की है। थाना क्षेत्र के गैरिया गांव निवासी नरेंद्र कुमार अवस्थी की गांव से सटी पुश्तैनी बाग है ।आज से करीब 15 वर्ष पूर्व बाग की सुरक्षा के लिए खंभे गाड़े गए थे ।बाग मालिक नरेंद्र कुमार अवस्थी का आरोप है कि गुरुवार को उसकी गैरमौजूदगी में बिना सूचना दिए ही दोपहर में ग्राम प्रधान विनोद साहू अपने समर्थकों के साथ जेसीबी से बाग में लगे खंभे तोड़वाने लगे और एक पेड़ भी उखड़वा दिया।

## ग्राम स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मसौली बाराबंकी।** जिला पेयजल एव जल संरक्षण स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को ग्राम बड़ागांव स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद की अध्यक्षता में समुदाय की बैठक न्यू जनरेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में ग्राम स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने ग्रामीणों को बताया गया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल और हर घर जल अभियान के तहत सभी लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में उपस्थित महिलाओ एव पुरुषों को सम्बोधित करते हुए न्यू जनरेशन नई दिल्ली की समन्वयक नेहा ने कहा कि शासन की मंशा है प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ एव शुद्ध जल मिले जिसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पानी टँकी का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सभी लोग शुद्ध पेयजल का इस्तेमाल करगे तभी परिवार को बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। जिससे परिवार के लोग कम बीमार होंगे और बीमारी में खर्च होने वाले व्यय से बचा जा सकेगा साथ ही आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मयंक ने हर घर जल पर चर्चा करते हुए कहा कि गांव स्तर पर पानी टँकी के निर्माण के बाद लोगो को शुद्ध जल मिलेगा। अरुण कुमार एव अनंत ने जल संचयन पर जोर देते हुए जल के संरक्षण के मुद्दे पर चर्चा की। साथ ही हैंडपंपों, नलों और कुओ में ब्लीचिंग पाउडर डालकर पानी उपचारित की बात कही। उन्होंने देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान की शुरुआत अपने घर से शुरू करनी होगी। उन्होंने ग्राम पंचायत में तैनात की गयीं जलसखियो से कनेक्शन हेतु आधार कार्ड कलेक्ट करने को कहा कनेक्शन फ्री में किये जायेंगे।

## बाइक से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पवर गांव के समीप बुधवार दोपहर बाद बाइक के चपेट में आने से साइकिल सवार 65 वर्षीय अधेड़ की हुई मौत। पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद बाइक की चपेट में आने से साइकिल सवार कोतवाली क्षेत्र के कटवरिया गांव निवासी जियुत 65 वर्षीय पुत्र स्व रामपिआरे जो बुधवार सुबह रावटसगंज घर से किसी काम से आए थे वापस जाते समय पवर गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार की चपेट में आ गए आसपास के लोगों द्वारा जिला हॉस्पिटल लाया गया जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया वहीं गुरुवार को पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए पीएम करा कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# सांसद ने किया महाराणा अतिथि गृह का शिलान्यास




**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

शहर में लालबाग स्थित क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस आने वाले समय में वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से समाज को जोड़ने का कार्य करेगा।भेदभाव रहित व सबको साथ लेकर चलने की रामायण से मिली शिक्षा यहां लगी प्रतिमाओं के दर्शनोपरान्त और व्यापकता से हमारे भीतर समाहित होगी।सांसद लल्लू सिंह ने क्षत्रिय बोर्डिंग में महाराणा प्रताप अतिथि गृह का वैदिक मंत्रोंचार के बीच शिलान्यास किया।हवन पूजन के उपरान्त उन्होने अतिथि गृह निर्माण के लिए पहली ईट रखी।शिलान्यास के उपरान्त सांसद श्री सिंह ने विभिन्न समुदायों के महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव दिया।सांसद श्री सिंह ने कहा कि भगवान राम ने समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। आसुरी शक्तियों के संहार हेतु समाज की संग्रहित शक्ति प्रयोग करने उन्होने आने वाली पीढ़ियों को एक संदेश दिया।भगवान राम व निषादराज की मित्रता,केवट को गले लगाना और शबरी के जूठे बेर खाना हमें आज भी समाजिक एकता का संदेश देती है।भगवान राम ने अपने वनवास के समय प्रत्येक कदम पर अंतिम व्यक्ति को गले लगाया।उन्होने कहा कि रामनगरी के कण कण में भगवान राम के आदर्श व मर्यादा समाहित है।इस आदर्श व मर्यादा की रश्मि से क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस प्रकाशमान होगा।इससे पहले भी क्षत्रिय बोडिंग हाउस में समाज के सभी वर्गो के छात्र अध्ययन हेतु रुकते थे।यहां की कमेटी ने सदा समाज को एकजुट करने का कार्य किया है। सोसाइटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह,मंत्री रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष शिवकरन सिंह, रामकुमार सिंह 'राजू', कोषाध्यक्ष शंभूदत्त सिंह,कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर सिंह,अनिल सिंह, रणविजय सिंह व डा.अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# महादेवा मेले की व्यवस्थाओं का एडीएम ने किया निरीक्षण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्ध शिवधाम मे सावनी मेले के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिह ने मेला पहुंचकर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने मंदिर के मुख्य मार्ग और बैरी केडिंग सहित पूरे परिसर में जलभराव देख कर नाराजगी जताई।बी डी ओ सूरतगंज एवं ग्राम प्रधान को दो दिन मे जलभराव खत्म कराने एवं सफाई व्यवस्था पूर्ण कराने के निर्देश दिये।जिला पंचायत के ठेकेदार को मेला परिसर एवं मेला आने वाले सभी मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।अपर जिलाधिकारी श्री सिंह गुरुवार को दोपहर में मेला परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे यहां उन्होंने क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान के साथ बैरीकेटिंग, मंदिर परिसर मंदिर के प्रवेश द्वार निकास द्वार अभरन तालाब सहित पूरे परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा की बैरीकेटिंग के अंदर उसके आसपास विश्वकल्याण द्वार के ठीक सामने जहां पहले पुरानी बैंक ऑफ इंडिया थी इसके अलावा मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर बहुत ही जलभराव था जिससे आना-जाना दूभर था जलभराव को देखकर उन्होंने हैरानी जताई और कहा कि यदि इसी तरह रविवार और सोमवार को बारिश हुई तो श्रद्धालु जलाभिषेक कैसे करेंगे? मंदिर के निकास द्वार से पीछे अभरन तालाब को जाने वाले रास्ते पर जबरदस्त कीचड़ एवं पानी भरा था।कुछ ईट और रोड़े पड़े हुए थे जिस पर गंभीर रुख अपनाते हुए एडीएम ने तत्काल रात दिन मजदूरो को लगाकर ग्राम प्रधान राजन तिवारी को शनिवार की शाम तक रास्ता दुरुस्त कराने को कहा।खंड विकास अधिकारी सूरतगंज प्रीति वर्मा से इस काम की मॉनिटरिंग करने तथा शनिवार की शाम तक कार्य पूर्ण करवा कर फोटो भेजने के निर्देश दिये।ग्राम प्रधान ने एक स्थान पर सरकारी नाली बंद कर लिये जाने की बात कही जिस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान ने पुलिस बल की मौजूदगी में प्रधान से नाली खुदवाये जाने को कहा।

# धूम्रपान करने वाले 12 लोगों से वसूला गया जुर्माना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला महिला चिकित्सालय में बुधवार को कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.प्रदीप कुमार द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत चिकित्सालय में धूम्रपान करने वाले 12 लोगों से जुर्माना वसूला गया। हरसौली निवासी विजय से 50 रूपया, भनौली निवासी सुभाष राय से 50, गदिया के रामसिंह से 20, कटरा निवासी सचिन से 50 रूपया, फतेहपुर के अजय से 40, मोहाना के संदीप से 50, मझगवां शरीफ के राकेश से 50, लखैचा निवासी शेर आलम से सौ, सतरिख के अब्दुल हमीद से सौ, रहिमाबाद निवासी अरविन्द से 50 व हैदरगढ़ के राम प्रताप तिवारी से 50 तथा मोहदीपुर निवासी देवेन्द्र से 50 रूपया जुर्माना के रूप में वसूला गया है।



# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत पुलिस ने कब्जे में लिया वाहन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के दौलतपुर टोल प्लाजा पर गुरुवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में कस्बा निवासी एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा हैदरगढ़ के ठठराही वार्ड निवासी 55 वर्षीय पंकज खेतान उर्फ डब्बू अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी से शाम 5÷00 बजे के लगभग भिटरिया की ओर जा रहे थे तभी बाराबंकी से आकर लखनऊ की तरफ मुड़ रहा तेज रफ्तार ट्रेलर उनके सिर को कुचलते हुए निकल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी रवि शर्मा आशुतोष झुनझुनवाला पंकज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कस्बे के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और मृतक की पहचान की। मृतक नवीन उप मंडी स्थल में मंडी शुल्क और जीएसटी के लिए अकाउंटेंट का काम करता था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है पंचनामा व पोस्टमार्टम के लिए वैधानिक लिखा पढ़ी की जा रही है। दुर्घटना करने वाले वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



कलेक्ट्रेट परिसर में सदर कोतवाली क्षेत्र के बघुआरी गांव निवासी ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को दर्जनों की संख्या में डीएम ऑफिस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुलंद की आवाज लगाई न्याय की गुहार वही किसान नेता चंद्र भूषण पांडे ने बताया कि विन्दू पुत्र कन्हई. रेखा देवी पत्नी विन्दू, कृति देवी पत्नी मृतक अजीत विश्वकर्मा, कुमारी अधीक्षा नावालिग उम्र 10 माह पुत्री मृतक अजीत विश्वकर्मा इलाका राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के हैं। मेरा पुत्र अजीत विश्वकर्मा अपने मौसा विजय शंकर विश्वकर्मा की पिकअप गाडी रजिस्ट्रेशन सं0-क्क4क्क6856 को चलाता था। दिनांक 15.06.2023 को अखिलेश यादव पुत्र लालबत यादव निवासी - हिन्दुआरी, जनपद-सोनभद्र द्वारा चितरंगी मध्यप्रदेश से सामान लाने के लिये उपरोक्त पिकअप को बुक किया गया और गाड़ी के साथ सामान लाने हेतु चितरंगी चला गया, आगे रास्ते में अपने दो और दोस्त (खुखार अपराधी) सुजीत बियार पुत्र ओमप्रकाश बियार निवासी-औराही, थाना-घोरावल, जनपद सोनभद्र एवं जितेन्द्र कोल पुत्र विना कोल निवासी औराही, थाना- घोरावल, जनपद-सोनभद्र साथियों को साथ में लिया ये तीनों व्यक्ति मिलकर मेरे पुत्र की हत्या कर दिये और गाड़ी में रखा लगभग मु0 30,000/- (तीस हजार रूपये) और मोबाइल भी लूट लिये हम प्रार्थीगण के परिवार में मेरा पुत्र अजीत विश्वकर्मा ही एक मात्र जीविकोपार्जन का साधन था, जिसके द्वारा मेरे सपरिवार की रोजी-रोटी चल रही थी। मेरे पुत्र के हत्या के बाद मेरा परिवार आर्थिक संकटों से गीर गया है और काफी कर्ज में डूब गया है। ऐसी परिस्थितियों में निम्नलिखित सहयोग दिलाने की कृपा करें। अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि उपरोक्त मामलों पर गम्भीर संवेदना के साथ विचार करते हुये, पीड़ित परिवार को लाभ तत्काल दिलाये जाने की कृपा करें, पीडित परिवार आप महोदय का आजीवन आभारी रहेगा।

# अनामिका सिंह ने पास की सीए की परीक्षा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



जिले के अपर जिलाधिकारी न्यायिक इंद्रसेन सिंह की पुत्री अनामिका सिंह ने सीए की परीक्षा- उत्तीर्ण की है। परीक्षा परिणाम आने के बाद एडीएम न्यायिक को बधाईयां मिल रही है । पूरे परिवार में प्रसन्नता का माहौल है। अनामिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा है कि मेहनत और लगन से अध्ययन करना ही सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तैयारी के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, उन्हें धैर्य बनाकर रखना चाहिए तथा निरंतर तार्किक दृष्टिकोण विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्धारित पाठ्यक्रम को गहराई से समझना चाहिए और इसके अनुसार सही दिशा में अपनी तैयारी को बढ़ाना चाहिए।

# सीएचसी पर नहीं एक्सरे अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

राजनेताओ के बार बार के आश्वाशन के बाद भी जिले की आदर्श सीएचसी में शुमार बड़ागाँव अस्पताल में एक्सरे एव अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। नतीजा यह है ग्रामीण जनता को एक्सरे के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता हैं। गोण्डा बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम पंचायत बड़ागाँव में स्थित सीएचसी जिले की आदर्श सीएचसी के रूप में जानी जाती हैं। सीएचसी के संचालन के एक दशक बीत जाने के बाद भी अस्पताल में एक्सरे एव अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। जबकि क्षेत्रीय सांसद से लेकर विधायक एव जनप्रतिनिधियों ने हमेशा जल्द से जल्द एक्सरे मशीन को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया परन्तु आज तक सीएचसी एक्सरे मशीन की राह ताक रही है। बीते 5 वर्षो मे जिला पंचायत की प्रत्येक बैठक मे तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने सीएचसी बड़ागाँव में एक्सरे का मुद्दा उठाया हर बार जल्द से जल्द एक्सरे उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला परन्तु आज तक एक्सरे एव अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। बताते चले कि जिला मुख्यालय से जिले की अंतिम छोर तक एक मात्र बड़ागाँव सीएचसी हॉइवे के किनारे स्थित है नतीजा यह है कि सीएचसी पर हमेशा इमरजेंसी में लोगो की आमद बनी रहती है इसके आलावा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को भी एक्सरे एव अल्ट्रासाउंड के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता हैं। अस्पताल में एक्सरे की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण छोटी छोटी बात पर जिला मुख्यालय रेफर कर देते है। जबकि अस्पताल में एक्सरे टेक्नीशियन की तैनाती है परन्तु मशीन उपलब्ध न होने के कारण टेक्नीशियन को जिला कारागार में अटैच कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा गोद लिये जाने के बाद अस्पताल मे एक्सरे एव अल्ट्रासाउंड की समस्या से निजात नही मिली है।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में सैकड़ों का हुआ इलाज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** क्षेत्र में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों का ईलाज किया गया। सुबेहा क्षेत्र के नटवीरन मजरे जमीन हुसैनाबाद में गुरुवार को इन्दिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय द्वारा एक दिवसीय नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह व चेयरमैन आलोक तिवारी,सोनू सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान 180 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 13 मरीजों को आपरेशन के लिए भर्ती कराया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से नेत्र चिकित्सक ज्योति सिंह व कैंप इंचार्ज राकेश कुमार मौर्या, पेचरूवा ग्राम प्रधान सोनू सिंह,वीपी तिवारी,शिवम अवस्थी,ललन यादव, रामकेश यादव,शिव कुमार यादव,अनिल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सोना जीतो कॉन्टेस्ट में प्रतिभाग कर हर्षवर्धन ने जीता सोने का सिक्का

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



सामाजिक, धार्मिक, मनोरंजन, कार्यक्रमों के लिए दर्शकों में लोकप्रिय सीमारो टीवी चैनल पर प्रसारित, हास्य धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में तारक मेहता की भूमिका निभा चुके शैलेश लोढ़ा द्वारा संचालित ÷वाह भाई वाह÷ कवि सम्मेलन द्वारा आयोजित सोना जीतो कॉन्टेस्ट में प्रतिदिन पूछे जाने वाले सवाल का सही जवाब देकर जनपद सोनभद्र के मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के निवासी, विंध्य सेवा फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन केसरवानी ने सोने का सिक्का जीत कर युवाओं के लिए नजीर बने वही देशभर में सोनभद्र जनपद का नाम रोशन किया है। यह सफलता इन्हें पहली बार में प्राप्त हुई है। बताते चलें कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हर्षवर्धन केसरवानी कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कृत हो चुके हैं और सोनी टीवी पर प्रसारित, फिल्म के महानायक अमिताभ बच्चन द्वारा संचालित भारत के रियलिटी गेम शो कौन बनेगा करोड़पति प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहे हैं। इनकी इस सफलता पर जनपद के सांस्कृतिक, सामाजिक, पत्रकार संगठनों सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



इटावा। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना सैफई पुलिस ने 15 करोड़ रूपये कीमत के अवैध मादक पदार्थ सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत उझियानी चौराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि अवैध मादक पदार्थ से भरा ट्रक एवं कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के टिमरूआ कट से इटावा की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा रूकईया नहर पुल से तीन आरोपियों सतनाम पुत्र प्रीतम सिंह निवासी रंगाना फार्म थाना झिंझाना जनपद शामली, महेन्द्र वर्मा पुत्र राम भरोसे निवासी भूमिका नगर नया बगराना आगरा रोड थाना कनौता जनपद जयपुर राजस्थान सहित एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें से मादक पदार्थ डोडा चूरा की कुल 3 बोरियां एवं ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें से मादक पदार्थ डोडा चूरा की कुल 200 बोरियां बरामद की गयी तथा कार एवं ट्रक में बैठी महिला सहित कुल 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 40 कुन्टल 60 किलोग्राम डोडा चूरा, ट्रक एच आर 64 8805, कार आर जे 27 टी ए 7605, 21500 रूपये नकद, 5 मोबाइल अनुमानित कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये बरामद किये गये।पकड़े गये आरोपियों से पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों द्वारा इस मादक पदार्थ को झारखण्ड रांची से राजस्थान तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था जिसकी तस्करी कर हम लोग धन लाभ अर्जित करते हैं। पूछताछ करने पर डोडा चूरा मालिक निवासी जोधपुर एवं ट्रक मालिक हरियाणा के नाम प्रकाश में आये हैं जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरन्तर प्रयासरत है। इस सफलता में अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रभारी एसओजी, समित चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम, मोहम्मद कामिल प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई, निरीक्षक गोविन्द हरि वर्मा, उ.नि. पवन कुमार शर्मा, का. हिमांशु यादव, का. मुरारी शर्मा, म.हे.का. मीरा देवी, का. चालक दीपक कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर द्वारा 75000 रूपये से पुरस्कृत किया गया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उ0प्र0 पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस अधीक्षक ने सौंपे नियुक्ति पत्र




**महोबा। समृद्धि न्यूज**

निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 'उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड' द्वारा चयनित 217 उपनिरीक्षक (गोपनीय) 587 सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं 344 सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) (कुल 1,148) को मुख्यमंत्री उ0प्र0, योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा से पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा/ लिपिक) पद पर चयनित 04 अभ्यर्थियों को पुलिस कार्यालय में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र वितरित किए गये, इस दौरान पुलिस कार्यालय महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता व चयनित अभ्यर्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण व सम्बोधन को वर्चुअल माध्यम से अनुश्रवण किया गया । चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस विभाग में सम्मिलित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उनको ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति अच्छा व्यवहार किये जाने की प्रेरणा दी गयी।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात हमलावरों ने वृद्ध को मौत के घाट उतारा

**इटावा।** थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई गांव में घर के बाहर सो रहे वृद्ध की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर वारदात को अंजाम दिया गया। घटना से गांव में दहशत फैल गई। पुलिस अधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम, डॉग स्कॉट के साथ मौके पर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सुबह तड़के घर के बाहर सो रहे वृद्ध किसान के सिर पर धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई। गांव वालों ने इसकी सूचना परिजनों को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्राम हरदोई निवासी किसान साहब सिंह 55 वर्ष पुत्र राजाराम बुधवार रात घर के बाहर बने चबूतरे टीन शेड के अंदर सो रहा था। रात में किसी समय हत्यारे ने साहब सिंह के सिर पर धारदार हथियारों से वार कर हत्या कर दी। घटना का पता गुरुवार की सुबह लगा। पीड़िता के चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल सिंह और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हैं। पत्नी की पहले मौत हो गई थी। घर में 13 वर्ष की बच्ची है। मृतक का बेटा बाहर प्राइवेट नौकरी करता है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या करने वाले और हत्या का कारण खोजने में जुट गई है। मृतक की नाबालिग बेटी ने बताया कि उसके पिता बाहर सो रहे थे। कल मेरे पापा से गांव के लोग लड़ रहे थे और बोल रहे थे कि तुझे मार देंगे, मेरी जीजी ने सुबह चिल्लाई यह खून कैसे डला है तब हम सो रहे थे उसके बाद देखा तो पापा को किसी ने मार दिया।

### बिजली की अव्यवस्था को लेकर माकपा व किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**इटावा।** बिजली कटौती व अन्य समस्याओ से जनता त्रस्त है, योगी सरकार की घोषणायें थौंथी है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, किसान सभा, सीटू नवजवान सभा ने अधीक्षण अभियंता के समक्ष हंगामी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करते हुए सुधार न होने पर बडे आंदोलन की चेतावनी दी। अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर सभा में वक्ताओ ने बिजली कटौती, फाल्ट,फुके ट्रासफार्मर-जर्जर लाइने समय से न बदलने,जिलो में हो रही हेराफेरी, टयूबबैलो पर जबरिया मीटर लगाये जाने,किसानो बुनकरो एवं आम उपभोक्ताओ के प्रति विभाग के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए अन्यथा की स्थिति में बडे आंदोलन होने की चेतावनी दी। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री का.मुकुट सिंह बतौर मुख्यवक्ता ने कहा कि योगी सरकार बिजली की समस्याये हल करने कटौती रोक पाने में पूरी तरह असफल साबित हुयी है।उपभोक्ताओ को 300 यूनिट एवं किसानो को बिजली देने के चुनावी वादो से मुकर गयी है।स्मार्ट मीटर के नाम पर बडी कम्पनियों का बडा खेल है।जिसमें अकूत कमाई है।बिजली जनता की बुनियादी जरूरत हो गयी है। इसका फायदा उठाक र जनता की जेबे खाली की जा रही हैं। इस अवसर पर अनिल दीक्षित, प्रेमशंकर यादव,संतोष राजपूत, विवेक यादव,नरेन्द्र शाक्य,रामवरन सिंह यादव,वैद्य विश्राम सिंह,ओपी सिंह, निजामुददीन अंसारी, इंद्रपाल यादव ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता एन आर यादव और संचालन संतोष शाक्य ने किया।वअधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल ने सभा स्थल पर आकर ज्ञापन ग्रहण करते हुए मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापनों को प्रेषित करने तथा स्वंय स्थानीय समस्याओ के निवारण का आश्वासन दिया।

### मौसम विभाग द्वारा आंधी तूफान का एलर्ट जारी

**महोबा।** मौसम विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि दिनांक 7/7/2023 एवं 8/7/2023 को आंधी तूफ़ान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने जनसाधारण को बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ के नीचे, टीन शेड के नीचे न बांधे।पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सूखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय स्नान ना करें एवं बर्तन या कपड़े न धुलें किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी, कूलर या अन्य वस्तुओं को न छुएं।

### कोर्ट ने दो आरोपियों को पांच वर्ष कारावास व 6000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई

**इटावा।** जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के नेतृत्व में थाना कोतवाली व मानीटरिंग पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते डकैती के आरोपीयों को न्यायालय ने 5-5 वर्ष के कारावास व 6000 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। विगत 17 अगस्त 2014 को ब्रउनगंज थाना कोतवाली निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना कोतवाली पर पुराना जनाना अस्पताल के पास से दो अज्ञात व्यक्तयों द्वारा उनकी मां के गले की चेन झपट्टा मार कर तोड़ ले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी संजीव कुमार द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी विशाल शुक्ला पुत्र कृष्ण मुरारी शुक्ला निवासी आलमपुरा थाना कोतवाली जनपद इटावा व अतुल मिश्रा पुत्र लाल जी मिश्रा निवासी पुरबिया टोला थाना कोतवाली जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया जिसमें 2 नवम्बर 2014 को धारा 392 व 10/12 उ.प्र. ड.प्र.क्षे. अधिनियम में न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

### व्यापारी नेताओं ने किया नवातुंक एडीएम अभिनव रंजन का स्वागत

**इटावा।** कचहरी स्थित एडीएम कार्यालय पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिले के नवातुंक एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव से मिल कर उन्हें बुके और माल्यार्पण कर जिले में स्वागत किया, एंव व्यापारिक समस्याओं से अवगत कराया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में मिले व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल नें मांग की कि जिले के उघमीयों को को ग्राम सभा की खाली पड़ी जमीनों को आवंटित किया जाये, जिससे पी पी पी माडल पर वहां उघोग स्थापित किये जा सकें,इसके साथ ही अन्य समस्याओं के संम्बंध में भी विस्तार से चर्चा हुई, प्रतिनिधि मंडल में जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्दृ नाथ भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटव, बीके यादव, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा,शहंशाह वारसी, अमित कुमार,जैनुल आबदीन आदि व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव पर विभिन्न स्कूलों में हुईं प्रतियोगिताएं

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**वन महोत्सव** के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग रेंज भरथना एवं सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर स्कॉन के तत्वाधान में जन सहयोगी इंटर कॉलेज मोढ़ी भरथना मे चित्रकला प्रतियोगिता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने चित्रकला एवं पौधारोपण का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रकृति में अनेक प्रकार के जीव-जन्तु हैं और जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है तब तक जीवन चक्र चलता है। वन क्षेत्राधिकारी भरथना शिव कुमार ने पेड़ो से होने वाले लाभ और उनके कटने से होने वाले नुकसान के वारे में बताया। स्कॉन सचिव वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान ने कहा कि कहा कि वन हमारे जीवन की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी क्रम में इस्लामिया इंटर कॉलेज में पौधारोपण और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानचार्य गुफरान अहमद और डिप्टी रेंजर पीपी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज में पौधारोपण किया गया। कॉलेज के छात्रों ने वन और पर्यावरण से संरक्षण को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर मो. अतीक, डॉ. अरशद मलिक, डॉ. कुश चतुर्वेदी समेत कॉलेज और वन विभाग के अधिकारी सम्मलित हुए और अपने विचार प्रकट किए।

## पुलिस ने शहर में चलाया मनचलों तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान

**इटावा।** महिला थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ शहर में मनचलों व अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। महिला थानाध्यक्ष द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 40 बकरियां मरी



**चरखारी महोबा।** चरखारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सालट में बारिश हो रही थी, लेकिन बारिश होते समय अचानक बिजली जंगल के किनारे पर गिरी जहां पर एक चरवाहा ओमप्रकाश रैकवार पुत्र दीनदयाल रैकवार निवासी ग्राम सालट अपनी बकरियां चरा रहा था। लेकिन अचानक से बिजली के गिरने से चरवाहा समेत सभी बकरियां बिजली की चपेट में आ गई जिसमें चरवाहा के शरीर में भी बिजली के छींटे पड़े तथा 40 बकरियां मौत के मुंह में चलीं गई। वही बताया जा रहा है कि चरवाहा एक बहुत ही गरीब परिवार का था जिसका जीवन यापन बकरियों के आधार पर चल रहा था लेकिन अचानक से उसकी सारी बकरियां मरने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सांसद राम शंकर कठेरिया ने की ट्रेनों के ठहराव की मांग

**इटावा।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एंव इटावा सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र इटावा के लोगों को हो रही ट्रेनों से संबंधित समस्या के बारे में अवगत कराया एवं कई ट्रेनों का विस्तार कर इटावा जंक्शन से चलाने का मांग पत्र सौंपा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण हेतु आश्वासन दिया। उज्जैन एवं इंदौर के लिए ट्रेन संख्या 21126 भिण्ड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या- 21125 रतलाम-भिण्ड इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार इटावा तक किया जाए। ट्रेन संख्या 12987 अजमेर एसएफ एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या- 12988 सियालदह एसएफ एक्सप्रेस का ठहराव इटावा रेलवे स्टेशन पर किया जाए। ट्रेन संख्या 15484, 15483 महानंदा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 14164, 14163 संगम एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या- 18102, 18101 जम्मू-तवी टाटा एक्सप्रेस का ठहराव भरथना स्टेशन पर किया जाए। ट्रेन संख्या 12420, 12419 गोमती एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या 13414, 13413 फरक्का एक्सप्रेस का ठहराव भरथना रेलवे स्टेशन पर किया जाए। ट्रेन संख्या 12003 12004 लखनऊ नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12033 12034 श्रम शक्ति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13483 13484 फरक्का एक्सप्रेस का ठहराव औरैया जिले के फफूंद रेलवे स्टेशन पर किया जाए एवं ट्रेन संख्या 18309, 18310 मुरी एक्सप्रेस जो कोरोना काल में बंद हो गई थी का ठहराव पुनः फफूंद स्टेशन रेलवे स्टेशन पर किया जाए। इटावा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2,3 और 4 पर आने-जाने के लिए जो पुल बना था वह काफी पुराना हो चुका है, प्लेटफार्म पर आने जाने हेतु नए पुल का निर्माण एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एस्केलेटर (चलती सीडी) का निर्माण किया जाए। भरथना रेलवे स्टेशन पर लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए एक दूसरी टंकी की व्यवस्था की जाए।

# चरखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत स्वासा माफ में हुआ जन चौपाल का आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** मनोज कुमार नें चरखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत स्वासा माफ में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल में ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंनें ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराया जाए।पंचायत भवन में कर्मचारी रोस्टर के अनुसार बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराएं।और सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तिओं को दिलाएं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि कैंप लगाकर ग्रामीणों की विद्युत् से सम्बंधित समस्याओं को हल किया जाए तथा ग्रामीणों से कहा कि आप लोग बाहर शौच क्रिया ना करें तथा सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें।उन्होंनें ग्रामीणों को राशन, बिजली, चकरोड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, सामूहिक विवाह आदि योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने किसान बंधुओं से कहा कि आप लोग अपना-अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड में जरूर दर्ज कराएं, जिससे आपको किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता रहे। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारिओं तथा खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कल कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान बंधु अपनी फसलों का फसल बीमा योजना के तहत बीमा अवश्य कराये इससे किसी भी आपदा कि स्तिथि में लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गांव में लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है तो वह तुरंत मुख्य विकास अधिकारी व उप जिलाधिकारी से संपर्क कर अपनें इलाज हेतु सहायता प्राप्त सकता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से कहा कि सभी लोग अपने अपने खेतों तथा घरों के पास वृक्षारोपण जरूर करें।उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।और कहा कि जल्द ही गांव में एक नई गौशाला बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को अन्ना गौवंश से छुटकारा मिल सकेगा।किसान बंधु पशुपालन करके अपनी आय को बढ़ा सकते हैं।चौपाल में ग्रामीणों नें जिलाधिकारी के समक्ष रोड व ट्रांसफार्मर सही कराने कि शिकायत दर्ज कराई, जिस पर जिलाधिकारी नें सम्बंधित अधिकारिओं को तत्काल शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** अवनीश राय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आहुति की गई। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं, आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा, टीकाकरण, संचारी रोग एवं दस्तक अभियान जैसी अन्य योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिदिन अपने स्तर से समीक्षा भी करते रहे। उन्होंने सभी एम ओआईसी को बैठक में रिपोर्ट के साथ ना आने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सेम बच्चों को 100 प्रतिशत दवाई पिलाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में पेंटिंग अवश्य करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी आशा एएनएम घर घर जाकर टीकाकरण कर रही हैं। इसकी रिपोर्टिंग भी की जाए, एमओआईसी बढ़पुरा द्वारा रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी समस्या आने पर आप स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कुछ सीएससी ,पीएससी पर निरीक्षण के दौरान जो भी एएनएम अनुपस्थित पाई गई है उनका 1 दिन का वेतन काटा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणिता ऐश्वर्या मुख्य ,चिकित्साधिकारी गीताराम, सीएमएस, एमएस मेडिकल कॉलेज सैफई, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेलाताल चौकी पुलिस द्वारा चलाया सघन चेकिंग अभियान

**सघन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों मे मचा हड़कंप**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**जनपद** में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।बुधवार शाम को जनपद महोबा के जैतपुर कस्बे में चौकी प्रभारी दिनेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में दल बल के साथ श्रीनगर तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को बाइक में हेलमेट नहीं पहन कर चलाने तथा कई प्रकार के ट्रैफिक रूल्स को फॉलो नहीं करने को लेकर ई चालान किए गए । पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता के दिशा निर्देश अनुसार व नगर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के नेतृत्व में सघन अभियान चेकिंग व पैदल मार्च किया गया एवं दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले व्यक्तियों, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न लगाने वालों पर तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

चौकी प्रभारी जैतपुर दिनेश तिवारी, एस आई दिनेश सिंह चंदेल, कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, कन्हैया, राजकुमार सहित समस्त स्टाफ ने चालकों को हिदायत देते हुए बगैर हेलमेट लगाए हुए चालकों को दिए दिशा निर्देश दिए व 10 ई वाहनों के चालान किए गए।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति ने प्रकरणों की समीक्षा की

**कमियां मिलने पर सुधार के लिये दिये निर्देश**

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** विधान परिषद की याचिका समिति के सभापति भीमराव अंबेडकर एवं समिति के सदस्य जासमीर अंसारी, इंजी. अवनीश कुमार सिंह, श्रीचंद्र शर्मा आदि द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद कन्नौज के विभिन्न 7 प्रकरण तथा जनपद फर्रुखाबाद के एक प्रकरण पर गहनता से समीक्षा की गई। इस दौरान सभापति द्वारा निर्देश दिए गए कि याचिका सदस्य द्वारा जो कार्य करवाया जाए, उस निर्माण कार्य की शिलापट पर याचिका सदस्य का नाम अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी निर्माण कार्य हो उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। कहां कि जितने रोड बनते हैं उस पर पटरी निश्चित रूप से बननी चाहिए। समय-समय पर सड़क की पटरियों की साफ सफाई मनरेगा के माध्यम से कराई जाये। सुझाव दिया की ग्राम व शहर की नालियों पर पत्थर रखवाया जाये। जिससे नालिया चोक न हो और नालियों के अंदर कूड़ा कबाड़ा न भरने पाये। इस दौरान समिति द्वारा विकासखंड कन्नौज के अंतर्गत ग्राम अहमदपुर रौनी में सड़क का निर्माण कराए जाने की जानकारी ली जिसमें, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि ग्राम अहमदपुर रौनी में सीसी रोड का निर्माण कार्य मजार से नसीम के घर तक जिला पंचायत द्वारा वर्ष 2015-16 में कराया गया था। वर्तमान में इस रोड पर पेयजल पाइप लाइन हेतु खुदाई का कार्य चल रहा है। सभापति ने निर्देश दिए कि पाइप लाइन का कार्य समाप्त होने के उपरांत सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार




कन्नौज-प्रकरणों की समीक्षा करते समिति के सदस्यगण — समृद्धि न्यूज

पोस्ट मलिकापुर ग्राम सभा अहमदपुर रोहिणी में हुसैनपुरवा से श्रीराम दोहरे के खेत तक सीसी रोड/डामरीकरण सड़क बनाए जाने के संबंध में प्रकरण रखा गया, जिसमें समिति को अवगत कराया गया कि उक्त संपर्क मार्ग पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। समिति द्वारा गायत्री इंटर कॉलेज भुन्नापूर्वा कुर्सी में 75 वर्ग मीटर कच्चा मार्ग पर इंटरलॉकिंग/डामरीकरण सड़क बनाए जाने की बात रखी गई, जिसमें अवगत कराया गया कि उक्त्लिखित कार्य का सीसी रोड निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी क्रम में समिति द्वारा ग्राम पंचायत अहमदपुर रौनी का चौड़ीकरण कराए जाने प्रकरण रखा गया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत कराया गया कि उल्लेखित मार्ग ग्राम सभा को एनएच-34 से जुड़ा हुआ है। मार्ग पर यातायात घनत्व चौड़ीकरण हेतु निर्धारित विभागीय मानक से कम है। चौड़ीकरण की आवश्यकता नहीं है तथा मार्ग गड्ढा मुक्त भी है। ग्राम पंचायत मलिकापुर व रज्जापुरवा के बीच में ईसन नदी पर पुल का निर्माण कराए जाने का प्रकरण रखा गया। जिसमें अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत कराया गया कि ईशन नदी पर दीर्घ सेतु पूर्व से निर्मित है। समिति द्वारा नगर पंचायत सिकंदरपुर जीटी रोड गांधी वार्ड में श्री कृष्ण प्रताप सिंह चौहान के मकान से नेकराम शाक्य के मकान तक सड़क नाली निर्माण कराए जाने के संबंध में बात रखी गई। अवगत कराया गया कि अंकित मार्ग पर सड़क/नाली का कार्य पूर्ण हो चुका है परंतु 200 मीटर निजी भूमि निकलने के कारण निर्माण कार्य रोक दिया गया। सपा सभापति द्वारा निर्देश उल्लेखित प्रकरण का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा करवाया जाए। समिति ने विकासखंड तिर्वा के अंतर्गत ग्राम हरचंद्रपुर से राम मिश्र इंटर कॉलेज होते हुए किशोरी पक्के मार्ग तक लगभग 1600 मीटर सड़क का डामरीकरण एवं चौड़ीकरण कराए जाने के संबंध में बात रखी गयी। जिसमें अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड उमर्दा में ग्राम हरिशचंद्रपुर से श्री राम इंटर कॉलेज होते हुए किशोरी पक्के मार्ग तक डामरीकरण का कार्य जिला पंचायत द्वारा दो खंडों में कराया जाना प्रस्तावित है। समिति द्वारा जनपद फर्रुखाबाद का सीसी रोड/डामरीकरण प्रकरण गहनता से समीक्षा की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर सभापति ने एक माह के अंदर आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा समस्त सदस्यों को उपहार स्वरूप इत्र भेंट किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद, मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज, अपर जिला अधिकारी वित्त/राजस्व कन्नौज, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज आदि उपस्थित रहे।

## पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** राज्य निर्यात योजनान्तर्गत ऐसी समस्त निर्यातक इकाईयों जो निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उ0प्र0 लखनऊ में पंजीकृत है तथा उनके द्वारा विगत दो वित्तीय वर्षो (2021-22 व 2022-23) में प्रत्येक वर्ष अलग-अलग न्यूनतम रू0 30.00 लाख का निर्यात किया गया है, योजनान्तर्गत पुरस्कारों के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगी। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने दी। श्री सिंह ने जनपद के समस्त उद्यमियों से अनुरोध किया है कि राज्य निर्यात पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन हेतु उत्कानुसार इच्छुक पात्र निर्यातक इकाईयां अपनी उत्पाद कोटि के अन्तर्गत अपनी इकाई का आवेदन पत्र, ब्यूरो से अद्यतन ऑनलाइन पंजीकरण की प्रति, संदर्भित वर्षो में किये गये वार्षिक निर्यात से सम्बन्धित बैंक, सी.ए. का प्रमाण पत्र, इकाई के स्वामी प्रवर्तक की एक स्टैम्प साइज फोटो तथा इकाई से सम्बन्धित संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण सी.डी. के साथ दिनांक 20 जुलाई तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, मकरन्द नगर कन्नौज में उपलब्ध करायें।

# खबरें चलते-चलते

## रुपये के लेनदेन को लेकर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रुपये के लेन-देन को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के तिर्वा रोड निवासी मनसुख ने बताया है कि सुल्तान आलम नगर निवासी जान मोहम्मद, वसरुद्दीन और नौशाद ने रुपये के लेनदेन को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक अजब सिंह को सौंपी है।

## बच्चों व बाइक के साथ महिला हुई लापता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला बच्चों सहित घर से लापता हो गई। जानकारी होने पर महिला के पति ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। कोई भी सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद पति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असौलिया निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया है कि 4 जून 2023 की रात 11.30 बजे उसकी पत्नी कामिनी अपने दो बच्चों को लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटी तो उसने अपनी पत्नी की आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पति ने पत्नी पर बाइक ले जाने का भी आरोप लगाया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला एवं बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी है।

## युवक पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फाइनेंस पर ली हुई गाड़ी को युवक ने धोखाधड़ी से बेच दिया। जब गाड़ी की किस्त जमा नहीं हुई। तो फाइनेंसरों ने गाड़ी जप्त कर ली। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से धोखेबाज युवक पर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद के मोहल्ला पठकाना निवासी अजीत पाठक पुत्र ओम प्रकाश पाठक ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि दिसंबर 2018 में उसने कस्बा गुरसहायगंज निवासी एक युवक से पल्सर बाइक 75000 रूपये में खरीदी थी। कुछ दिनों तक उसने गाड़ी चलाई। गाड़ी फाइनेंस होने के कारण जब गाड़ी की किस्ते जमा नहीं हुई। तो फाइनेंस कंपनी ने बाइक को जप्त कर लिया। अब धोखेबाज युवक ना तो गाड़ी की किस्ते ही अदा कर रहा है और ना ही पैसा वापस दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पड़ोसियों ने महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने घर के बाहर बैठी महिला से बिना बजह गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी सरोजिनी देवी पत्नी सुकुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते बुधवार की शाम 7 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी। उसी समय पड़ोस के तीन लोग आए और उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## मिर्च की फसल को दवा डालकर किया नष्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में खड़ी मिर्च की फसल को अज्ञात व्यक्तियों ने जहरीली दवा डाल कर नष्ट कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी गिरेंद्र सिंह पुत्र विष्णु दयाल ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपने खेत में मिर्च की फसल की थी। फसल अच्छी हो रही थी। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने फसल में जहरीली दवा डाल दी। जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी सहित बच्चों से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात से नाराज होकर आरोपी युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये बच्चों से भी मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी जासमीन बेगम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पति अपने दोस्त के साथ गुरुवार की सुबह 6 बजे आया और उससे गाली गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने उसे व बच्चों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं को दी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण को लेकर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में नगर में एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को पुलिस संबंधित जानकारियां दी। गुरुवार को नगर के मुख्य चौराहे तिराहा रेलवे स्टेशन पर महिला कांस्टेबल शशि प्रभा और प्रियंका रानी, रोशनी बालियान ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एंटी रोमियो अभियान चलाया। इस दौरान महिला कांस्टेबल ने रेलवे स्टेशन पर रास्ते में आ जा रही महिलाओं को रोककर महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्पलाइन 1090, यूपी पुलिस डायल 112, 1098 महिला हेल्प डेस्क आदि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कस्बा प्रभारी अजब सिंह, महिला कांस्टेबल रोशनी, रेनू, कामिनी, विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु जनपद के 6 बच्चों का हुआ सेलेक्शन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जनपद के 41 बच्चों द्वारा अटल आवासी विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करवाया किया गया था। अटल आवासी विद्यालय में प्रवेश हेतु 41 बच्चों द्वारा परीक्षा दी गई थी। जिसमें अनोखी पुत्री राजाराम तथा सविता पुत्री भैयालाल एवं अमन पुत्र नवीन कुमार व अर्पित पुत्र सत्यपाल सिंह और देव पुत्र रामनिवास के साथ ही अल्ताफपुत्र मुन्ने बाबू का सलेक्शन हुआ हैं। यह सलेक्शन बेसिक शिक्षा विभाग के अथक प्रयासों से हुआ हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों द्वारा लगभग डेढ़ माह निशुल्क तैयारी कराई गई थी। इसमें रहने, खाने-पीने आदि की भी व्यवस्था भी शामिल थीं। सालेक्टड बच्चों को अब कक्षा 6 से 12 तक निशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी।

# 2024 लोकसभा में भाजपा लगाएगी हैट्रिक: अर्चना पांडे

**केक काटकर धूमधाम से मनाया विधायक का जन्मदिन**

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज




पूर्व राज्यमंत्री को प्रतीक चिंह देती पालिकाध्यक्षा — समृद्धि न्यूज

**केंद्र** व प्रदेश की सरकार लाभकारी योजनाओं को चलाकर लोगों को लाभान्वित कर रही है। जिससे लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है। इसके अलावा समाज से भय और असुरक्षा का माहौल भी छठ गया है। यह बात पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडे ने अपने जन्म दिवस समारोह में कही। नगर के रामगंज स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक अर्चना पांडे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार एवं प्रदेश में योगी की सरकार द्वारा लोगों के हित में सैकड़ों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसके तहत लोगों को प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ शौचालय, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मुफ्त राशन आदि योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। वही प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के कारण अपराधी प्रदेश से बाहर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत में केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी। साथ ही साथ मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव में भी भाजपा पुनः परचम लहराएगी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने विधायक अर्चना पांडे का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, राजीव ठाकुर, भाजपा नेता राम कुमार पाठक, राजीव दुबे, विजय दुबे, देवेंद्र देव, नीरज मिश्रा, अमरदीप मिश्रा, दीपू शर्मा, सागर अग्रवाल, संतोष चतुर्वेदी, पंकज दुबे, संजीव गुप्ता, अनुराग गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जंयती पर याद किए गए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**बांदा।** मानवता के उपासक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद जनसंघ संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए जल शक्ति राज्यमंत्री कहा कि उनका सपना था कि भारतवर्ष को अखंड भारत के रूप में देखें। वह एक देश-एक विधान और एक निशान के सूत्रधार थे। उनके बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता। कनवारा स्थित जिला भाजपा कार्यालय सभागार में गुरुवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देते हुए उन्हें याद किया। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि डा. मुखर्जी ने भारत की तुष्टीकरण तथा अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विपक्ष की भूमिका का निर्वहन किया। उनके विचार व सिद्धांत आने वाली कई पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें राष्ट्रवाद के लिए प्रेरित करेंगे। एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान के प्रणेता डा.मुखर्जी के लिए देश हित से ऊपर कुछ नहीं था। एक देश में दो झंडे और दो निशान उन्हें स्वीकार नहीं था। भारत की अखंडता के लिए उनके बलिदान और संघर्ष ने कश्मीर और बंगाल को देश का अभिन्न अंग बनाए रखा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल ने कहा कि डा.मुखर्जी ने 1939 से राजनीति में भाग लिया और इसी को अपना कर्मक्षेत्र बनायाष उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण नीति का खुलकर विरोध किया।

# संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा सफल बनाये

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने बचाव के लिये दी जानकारी**

**जिला कृषि** रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा दिनांक 2 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाया जायेगा। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के द्वारा चूहा एवं छछूंदर से फैलाने वाली बीमारियों एंव उनके बचाव के बारे में आमजन को जागरूक करने का कार्य करेगें। उन्होंनें बताया कि घरों में चूहों की संख्या कम करने के लिये उन्हें चूहेदानी में फसा कर आबादी से बाहर छोड़ने से भी इनकी संख्या कम की जा सकती है, तथा बताया कि एल्युमिनियम फास्फाइड की प्रति 4 ग्राम मात्रा दवा को बिल में डाल कर उस बिल को बंद कर दे, जिससे उससे उत्पन्न होने वाली जहरीली गैस से चूहा मर जायेगा। चूहों की संख्या को कम करने के लिये अनाज भण्डारण के लिये बखारी, कंकरीट अथवा धातु से बने पात्रों में करना चाहिए, जिससे चूहों को जब भोजन नही मिलेगा, इससे उनकी संख्या को कम किया जा सकता है। साफ-सफाई की विशेष ध्यान दिया जाये। चूहे अपना बिल खेतों की मेढ़ो, झाडियों एंव घरों में बना लेते है, जिससे इसकी निगरानी करते हुये नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। श्री चौहान ने बताया कि चूहा एंव छंछूदर बहुत ही चालाक जीव होते है इन्हें 6 दिवसीय कार्यक्रम बना कर नियत्रित किया जा सकता है। उन्होने बताया कि प्रथम दिवस में चूहों को बिलों को चिन्हित कर उनको बंद कर दें। द्वितीय दिवस में पूर्व की भांति बंद बिलों के चिन्हों को मिटा दं एंव खुले हुये बिलों को चिन्हित करें, तथा 1 भाग सरसों का तेल व 48 भाग भुना चना बिना जहर का चारा बिलों में रखे। तृतीय दिवस में बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर वाला चारा पुनः रखें। चतुर्थ दिवस में जिंक फास्फाइड की 80 प्रतिशत की 1 ग्रा0 मात्रा व 01 ग्राम सरसों का तेल 48 ग्राम भुने चनों को मिला कर बिलों में रखें। उन्होने बताया कि पंचम दिवस में बिलों का निरीक्षण कर मृत पाये गये चूहो को मिट्टी में बंद कर दे। छठवें दिवस में भी जो बिल खुले रह गये है पुनः उनमें भी यह प्रक्रिया की जाये। बताया कि चूहें एवं छंछूदरों से तीव्र इन्सेफेलाइटिस सिन्ड्रोम वाले बहुत से रोगियों में स्क्रब टाइफस होता है पिस्सुओं के काटने से होने वाली इस बीमारियों से डेंगू की तरह प्लेटलेट्स की संख्या में कमी आती है तथा इससे व्यक्तियों को तेज बुखार के साथ ही खुजली की भी समस्या उत्पन्न होती है। चूहों की दी जाने वाली दवाओं का प्रयोग सावधानीपूर्वक किया जाये, बच्चों एवं जानवरों से दूर रखा जाये। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर प्रभारी जिला कृषि रक्षा इकाई से सम्पर्क किया जा सकता है।

# विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक संचारी रोग नियंत्रण पर हुई चर्चा



समधन:-विद्यालय समधन में अभिभावको की बैठक में बोलते संकुल शिक्षक संजीव राजपूत

समधन, समृद्धि न्यूज

**समधन नगर** मे संचालित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से संचारी रोग नियंत्रण संवेदीकरण के बारे में संकुल शिक्षक संजीव राजपूत ने बताया कि मच्छर, मंक्खी, चूहा, छंछूदर, आदि संचारी रोग के वाहक होते हैं। मंच्छरदानी तथा शरीर को ढके कपड़ों का प्रयोग करें। प्रत्येक सप्ताह ठहरे पानी को बदलते रहें,नाली ढ़की व साफ रखें। इससे इन्सफेलाइटिस, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू आदि से बचाव होगा। हर बुखार खतरनाक हो सकता है करें क्या न करें का ध्यान रखें। खुले में शौच न करें। पानी को उबालकर ठंडा करके पियें,पानी को क्लोरीन की गोली से शुद्ध करें, हाथ अच्छी तरह धोकर भोजन करें,व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर सहायक अध्यापक मंजुलता व जावेद अख्तर सहित अभिभावक माया देवी ,सुमन, संतोष कुमार, मो. नौशाद, आरिफ मो. कदीर, राशिद मंसूरी, शहनवाज, मुस्तकीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# विभागीय रहमों करम पर हो रहा लकड़ी कटान

**अवैध लकड़ी कटान से बढ़ रहा खतरा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वन विभाग एवं पुलिस विभाग के रहमों करम पर अवैध लकड़ी काटने का काम जोरदारी से चल रहा है। पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग जान कर भी अंजान बने हुए हैं। जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। गुरुवार को लकड़ी से लदा टेऊक्टर ट्राली नगर के पूर्वी बाईपास से गुरसहायगंज की ओर जा रहा था। जिसे बाईपास पर तैनात कुछ होमगार्ड ने रोकने का प्रयास किया। जिस पर ट्रैक्टर चालक ने रौब झाड़ते हुए ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। नगर में इस समय खुलेआम लकड़ी काटने का कार्य बेखौफहोकर किया जा रहा है। लेकिन वन विभाग और पुलिस विभाग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि अवैध लकड़ी कटान करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# दोबारा फिर हुई नाप, प्रशासन ने सख्ती के साथ ढहाया अतिक्रमण

बांदा। समृद्धि न्यूज

- **बाबूलाल चौराहा और कालूकुआं में ढहाया गया अतिक्रमण**
- **कुछ लोगों ने विरोध का मन बनाया, लेकिन हौसले हुए पस्त**
- **तमाशबीनों की भीड़ को पुलिस ने कई बार खदेड़ा**

इन दिनों शहर के बाबूलाल चौराहा और कालूकुआं चौराहे के सुंदरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। एक बार नाप कराने के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया था, लेकिन मानक में बदलाव करते हुए प्रशासन ने दूसरी बार फिर नाप कराई और गुरुवार को एक बार फिर अतिक्रमण पर बुल्डोजर गरजा। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का मन बनाया, लेकिन पुलिस फोर्स की मौजूदगी और अधिकारियों की सख्ती को देखते हुए उनके हौसले पस्त हो गए। प्रशासन ने सख्ती के साथ अतिक्रमण हटवाते हुए कहा है कि दोनो चौराहों के सुंदरीकरण कार्य में आने वाली किसी भी समस्या से सख्ती के साथ निपटा जाएगा।

महाराणा प्रताप चौक के सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो जाने के बाद जो तस्वीर निखर कर लोगों के सामने आई है, उससे लोग बहुत ही खुश नजर आ रहे हैं। इसी सुंदरीकरण को ढाल बनाते हुए प्रशासन ने शहर के कालूकुआं और बाबूलाल चौराहे के सुंदरीकरण के लिए भी कदम आगे बढ़ा दिए हैं। इन दिनों बहुत तेजी के साथ सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है और प्रशासन बिल्कुल सख्त नजर आ रहा है। कालूकुआं चौराहा और बाबूलाल चौराहा में सभी रोड 30 फुट चौड़ी बनाई जा रही है। प्रशासन ने भूमि पूजन के बाद यहां की दुकानों में निशान लगाकर सबसे पहले इन चौराहों के इर्द-गिर्द सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने का काम शुरू कराया। दोनों ही चौराहों के चारों दिशाओं में जाने वाली सड़कों पर पहले लगाये गये निशान के हिसाब से अतिक्रमण हटवा दिया गया था। कालूकुआं चौराहा पर राजस्व के नक्शे के अनुसार हुई पहली बार की नाप में बबेरू रोड का भी अतिक्रमण अन्य सड़कों की तरह ही पहले 30 फुट हटाया गया, लेकिन गुरुवार को पीडब्ल्यूडी का नक्शा लेकर मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार और डिप्टी कलेक्टर सत्यप्रकाश शर्मा ने स्टेट हाई-वे बबेरू रोड को 60 फुट चौड़ा बनाये जाने का फरमान सुनाया और नाप करवाने के फौरन बाद अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाते हुए ढहा दिया गया। यह देख मोहल्ले के साथ ही राहगीर तमाशा देखने को खड़े हो गए। चौराहे पर भीड़ बढ़ती देख कार्यवाही में बाधा उत्पन्न होने की आशंका पर पुलिस ने कई बार भीड़ को डंडा लेकर भी दौड़ाया। उधर जिन अतिक्रमकणकारियों के दुकान व मकान कार्यवाही की जद में आ रहे थे, उन लोगों ने दोबारा से रही प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध करने का मन बनाया, लेकिन बाद में चौराहे पर तैनात भारी पुलिस बल और उनके हाथों में डंडे देखकर विरोध करने का मन बना रहे लोगों के हौसले पस्त हो गए। इधर, कालू कुआं चौराहे में सुंदरीकरण को लेकर स्टेट हाई-वे बबेरू रोड को पीडब्ल्यूडी के नक्शे के आधार पर नाप में तब्दीली किये जाने के प्रशासन के निर्णय से इस रोड के रिहायशी मकानों और दुकानों पर एकाएक बुलडोजर की कार्यवाही होने से यहां के लोग खासे खफा हैं। मोहल्ले के पतराखन सिंह, रणबीर, सत्यप्रकाश ओमर आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि तिंदवारी रोड में जहां बबेरू वाली रोड आकर मिलती है उस स्थान को मानक मानकर सुंदरीकरण और मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाये। इस स्थान पर चौराहे में प्रकाश के लिये लाइटें भी लगी हैं। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं थमी। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि चौराहों के सुंदरीकरण कार्य में किसी भी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी।

# युवती के साथ छेड़खानी वीडियो वायरल

**बांदा।** युवती को एक युवक ने दबोच लिया। उसके साथ छेड़खानी की। उसका वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। मां अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ सिटी गवेंद्र पाल गौतम का कहना है कि मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफछेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती दो दिन पहले जा रही थी। तभी पड़ोसी युवक ने उसे दबोच लिया और नजदीक स्थित मकान में ले गए। वहां पर उसके साथ छेड़खानी की। इतना ही नहीं उसका वीडियो भी बना लिया। युवक तरह-तरह से उसको परेशान करता था और वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। घर आई किशोरी ने आपबीती अपनी मां को बताया। मां अपनी बेटी को लेकर थाने गई और घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद अपनी बैठक दिनांक 12/06/2023 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में विविध कर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2023 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली के धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओ पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, जिसका नियमानुसार निस्तारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा। परन्तु 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद में प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त प्रस्तावित " **विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2023**" उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

**" विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2023"**

शासनादेश सं0- 2399/नौ-9-94-204(जनरल)/90 दिनांक 27/10/1994 के अनुपालन में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 जो नगर पंचायत, पर प्रवृत्त है के अन्तर्गत नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद में विधिकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2023 कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है।:-

**1. संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भः-**
- यह उपविधि **विधिकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2023** कहलायेगी।
- यह नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद की सीमा में प्रवृत्त होगी।
- यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद में प्रवृत्त होगी।

**2. परिभाषायें:-** उपरोक्त नियमावली में विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द का अर्थ यह पढ़ा व समझा जाये-
- 'अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य ' नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
- 'अधिशासी अधिकारी' का तात्पर्य नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।
- 'प्रभारी अधिकारी' का तात्पर्य नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के प्रभारी अधिकारी से है।
- 'लाइसेंसिंग अधिकारी' का तात्पर्य नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के लाइसेंसिंग अधिकारी से है।
- 'अधिनियम ' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।
- 'नगर पंचायत ' का तात्पर्य नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद से है।

**3. उपनियम**
- इस उपनियम के अन्तर्गत कोई भी दुकानदार व अन्य व्यवसायी लाईसेंस प्राप्त किये बिना अपनी दुकान/व्यवसाय नहीं चला सकेगा एवं इस उपनियम के लागू होने के पूर्व चल रहे समस्त दुकान/व्यवसाय का लाईसेंस दुकानदार/व्यवसायी को प्राप्त करना अनियवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेंस की अवधि 03 वर्ष की होगी, जो 1 अप्रैल से लागू हो 31 मार्च को समाप्त होगी।
- प्रत्येक दुकान/व्यवसायी को पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क की धनराशि को अदा करके लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद में जमा कर अथवा पंचायत कार्यालय द्वारा अधिकृत कर्मचारी को जमा करके रसीद प्राप्त कर सकता है।
- दुकानदार/व्यवसायी को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बांटों का माप में प्रयोग करना अनिवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेंस केंद्र/राज्य सरकार/अन्य किसी विधिक संस्था द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियन्त्रण हेतु प्राप्त लाइसेंस से भिन्न होगा।
- कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी छुआ-छूत की बीमारी से ग्रस्त है, वह उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा एवं ऐसे व्यक्ति को उल्लिखित व्यवसायों में सहायक अथवा नौकर भी रखने का अधिकार नहीं होगा।
- नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाईसेंस का निरीक्षण कर सकते है और प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी लाइसेंस दिखाने के लिए बाध्य होंगे तथा प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होंगे।
- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शमशाबाद जनपद-फर्रुखाबाद के द्वारा लाइसेंस निर्गत किया जायेगा।
- जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरुप लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा।
- इस उपनियम के प्रभावी होते ही पूर्व में प्रभावी फैक्ट्री/दुकान/वाहन लाइसेंस उपनियमावली की शुल्क की दरें स्वतः निरस्त हो जायेगी।
- वाहन के लाइसेंस न बनाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर वाहन जमा कराकर इसे अधिकृत कर्मचारी रसीद दे देंगे तथा वाहन बन्द किये जा सकते है तत्पश्चात 15 दिन में लाइसेंस न बनवाने पर लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा उक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी करायी जा सकती है।
- उपनियमों में संशोधन पंचायत बोर्ड किसी भी समय कर सकता है, एवं शर्तों के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश आवश्यकतानुसार किसी भी समय निर्गत किये जा सकते है।
- वित्तीय वर्ष के माह-जून तक प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनसे प्रतिमाह रु0 100.00 विलम्ब शुल्क के रुप में वसूल किया जायेगा।
- दुकानदार/व्यवसायी द्वारा लाइसेंस शुल्क वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्दर जमा नहीं करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भाँति करायी जायेगी।
- नगर पंचायत बोर्ड/शासनादेश के निर्णयानुसार लागू लाइसेंस शुल्क में आवश्यक वृद्धि की जा सकती है।
- दुकानदार/व्यवसायी अपना व्यवसाय/दुकान चाहे अपने निजी मकान/दुकान/खुली जमीन अथवा किराये के मकान/दुकान खुली जमीन पर करता है, उसे अपने दुकान/व्यवसाय के अनुरुप लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा।
- सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी लाइसेंस को किसी भी समय निरस्त कर सकता है अथवा उचित नहीं होने पर लाइसेंस देने से इन्कार करने का अधिकार होगा।
- व्यवसायिक लाईसेंस प्राप्त करने हेतु अन्य आवंटन विभागों से एन0ओ0सी0 इत्यादि प्राप्त करने की समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

**4. लाइसेंस शुल्क-**शासनादेश सं0 541/नौ-9-99-23ज/97 टी0सी0 दिनांक 15 फरवरी 1999 समहित सं0 1241/नौ-9-98-23ज/97 दिनांक 10 जून 1998 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लाइसेंस शुल्क (35 मद) अनुसूची दरें वसूली प्रभाव रहेगा।

**वार्षिक दरें-**

| क्र0सं0 | दुकान/व्यवसाय का नाम | लाइसेंस हेतु निर्धारित दरें प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | पांच सितारा होटल | 12000.00 |
| 02 | तीन सितारा होटल | 9000.00 |
| 03 | होटल/लॉजिंग/गेस्ट हाउस (10 शैय्या तक) | 900.00 |
| 04 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 05 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 06 | प्राइवेट प्रस्तुति गृह (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 07 | प्राइवेट प्रस्तुति गृह (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 08 | प्राइवेट अस्पताल (बिना आपरेशन) | 2000.00 |
| 09 | प्राइवेट अस्पताल (आपरेशन युक्त) | 5000.00 |
| 10 | एक्स-रे क्लीनिक | 2000.00 |
| 11 | पैथोलॉजी सेन्टर | 2000.00 |
| 12 | प्राइवेट क्लीनिक | 1000.00 |
| 13 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 07 सीटर तक | 500.00 |
| 14 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 04 सीटर तक | 250.00 |
| 15 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 02 सीटर तक | 150.00 |
| 16 | बस | 1500.00 |
| 17 | मिनी बस | 1000.00 |
| 18 | टैम्पों/जीप/टैक्सी आदि | 500.00 |
| 19 | टांगा | 30.00 |
| 20 | रिक्शा किराये पर चालित | 100.00 |
| 21 | रिक्शा निजी चालित | 50.00 |
| 22 | रिक्शा चालक शुल्क | 20.00 |
| 23 | ठेला | 75.00 |
| 24 | हाथ ठेला | 20.00 |
| 25 | ट्राली मशीन चालित | 500.00 |
| 26 | अन्य चार पहिया व्यापारिक वाहन | 750.00 |
| 27 | धुलाई गृह लॉण्ड्री | 500.00 |
| 28 | ड्राई क्लीनर लॉण्ड्री | 1000.00 |
| 29 | फाइनेंस कम्पनी | 10000.00 |
| 30 | इश्योरेंस कम्पनी | 15000.00 |
| 31 | फाउण्डिंग इण्डस्ट्रीज | 500.00 |
| 32 | पशु स्लाटर हाउस (प्रति पशु) | 50.00 |
| 33 | हड्डी/खाल/बाल गोदाम | 1000.00 |
| 34 | पशु पालन (प्रति) | 10.00 |
| 35 | काजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना<br>(क) प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर<br>(ख) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर | 500.00<br>100.00<br>50.00 |

**5. शो टैक्स-** नगर पंचायत शमशाबाद सीमान्तर्गत मनोरंजन के माध्यम से फिल्म प्रदर्शित किया जाता है तो ऐसे स्वामियों से 50.00 रु0 प्रति शो की दर से वसूला जायेगा।

**6. विज्ञापन शुल्क-** सचिव उत्तर प्रदेश, नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश सं0 618/नौ/9-2012-277ज/2011 दिनांक 05/04/2012 के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के संबंध में दिशा निर्देश-
- विज्ञापन या विज्ञापन पट के लिए ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेगे जो प्रत्येक दृष्टि से निरापद, निर्वाद, गमनागन और सुगम यातायात के लिए सर्वथा उपयुक्त हो।
- विज्ञापन पटों की सुदृढ़ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाये, ताकि कोई दुर्घटना न होने पाये।
- विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बॉस या लकड़ियों से बाधा नहीं जायेगा, उस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन से आसपास के कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी भी प्रकार से विरुपित हो।
- विज्ञापन कर रु0 6.00 प्रति वर्गफुट प्रतिमाह देय है।
- कोई भी विज्ञापन या विज्ञापन पट किसी भी दशा में जनहित और निकाय के प्रतिकूल नहीं होने चाहिए और उससे सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी भी प्रकार से अशिष्ट, अश्लील, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक अथवा प्रवृत्ति के नहीं होने चाहिए।

**7. ट्रांसफार्मर सब स्टेशन पर शुल्क-**
- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रांसफार्मर 250 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रु0 5000/- एवं 400 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रु0 10000/-वार्षिक प्रति ट्रांसफार्मर, 400 के0वी0 की अधिक क्षमता के लिए-25000/-वार्षिक
- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क रुपये 50000.00 वार्षिक।

**8. नगर पंचायत दुकान एवं बारातघर पर किराया शुल्क**
- नगर पंचायत दुकान एवं सम्पत्तियों को भली-भांति रख रखाव करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 10 प्रतिशत किराये में वृद्धि करेगी।
- ऐसे किरायेदारों द्वारा अनुबंध पत्र उल्लंघन करने पर नगर पंचायत द्वारा बेदखल नोटिस जारी कर पुनः नीलामी की कार्यवाही कर दी जायेगी।
- दुकान का किराया-2000/-प्रतिमाह
- नगर पंचायत शमशाबाद द्वारा स्थित बारात घर का किराया रु0 5000.00 प्रतिदिन तथा कार्यक्रम के उपरान्त बारात घर की सफाई एवं जनित कूड़े का निस्तारण शुल्क अलग से देय होगा।

**9. अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क प्रति वर्षः-**
- मछली फुटकर बिक्री रु0 500.00
- मछली थोक बिक्री रु0 1000.00
- फल फुटकर बिक्री रु0 500.00
- फल थोक बिक्री रु0 2000.00
- सब्जी फुटकर बिक्री रु0 500.00
- सब्जी थोक बिक्री रु0 2000.00
- अण्डा फुटकर बिक्री रु0 500.00
- अण्डा थोक बिक्री रु0 2000.00
- मुर्गा, बकरा, भैस-भैसा बिक्री रु0 50000.00

**10. विविधिकर (शुल्क) की दरें:-**
- प्रमाण पत्र शुल्क-रु0 100.00 (सौ रु0 मात्र) प्रति प्रमाण पत्र।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) 500.00 रु0 पांच सौ मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा में निर्माण कार्य हेतु 800.00 रु0 आठ सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा के बाहर 20कि0मी0 अधिकतम में वैवाकि कार्य/ सामाजिक कार्य हेतु ) 1500.00 रु0 एक हजार पांच सौ मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में निर्माण कार्य हेतु 2500.00 रु0 दो हजार पांच सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- पंचायत सीमा में स्थित ईंट भट्टों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 15000.00 (पन्द्रह हजार) वार्षिक।
- सीवरेज टैंकर उपयोग शुल्क (नगर पंचायत सीमान्तर्गत) रु0 2000.00 प्रति चक्कर/प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में शुल्क रु0 4000.00 प्रति चक्कर/ प्रति टैंकर।
- पंचायत सीमा में स्थित पेट्रोल पम्प पर व्यावसायिक शुल्क रु0 3000.00 (तीन हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित कोचिंग संस्थानों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1000.00 (एक हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले गेस्ट हाउस/अतिथि गृह पर व्यावसायिक शुल्क रु0 10000.00 (दस हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले रेस्टोरेन्ट/ढाबा पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5000.00 (पांच हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित आटा चक्की/पालेशर मशीन/तेल पिराई मशीन/ रुई धुनाई मशीन पर व्यवसायिक शुल्क रु0 1000.00 (एक हजार मात्र) वार्षिक।
- गाय-भैंस/सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवरों को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर शुल्क रु0 500.00 प्रति प्रकरण/प्रति दिन।
- पंचायत सीमा निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालयों के मूत्रालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रु0 5.00 एवं शौचालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रु0 10.00 लिया जायेगा।
- पंचायत सीमा में स्थित नाली/नाला/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 1000.00 प्रति प्रकरण तथा पुनरावृत्ति करने पर रु0 5000.00 प्रति प्रकरण।
- पंचायत सीमा में स्थित व व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे कम कवर्ड एरिया) से व्यावसायिक शुल्क रु0 500.00 वार्षिक तथा बड़े दुकानदारों (200 वर्ग फिट क्षेत्र फल या उससे अधिक कवर्ड एरिया) से व्यावसायिक शुल्क रु0 1000.00 वार्षिक।
- छोटी बाउण्ड्री युक्त भूखण्ड या मकानों के मध्य खाली भूखण्ड पर पड़ोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेंकने को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भूखण्डों एवं छोटी बाउण्ड्रीबाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊंची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न कराने पर पेनाल्टी शुल्क प्रति प्रकरण रु0 2500.00 (रु0 दो हजार पांच सौ) मात्र।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित राइस, गन्ना मिल पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5000.00 वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में संचालित आरा मशीन, आइस फैक्ट्री पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित डेरी, प्रेशर मशीन (गाड़ी धुलाई केंद्र) पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित आर0ओ0 प्लांट/निजी जलापूर्ति प्रणाली पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित मोटर साइकिल एजेन्सी, ट्रैक्टर एजेन्सी पर व्यावसायिक शुल्क 3000.00 (तीन हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत जे0सी0बी0 किराया रु0 1000.00 (एक हजार) रु0 प्रति घंटा नगर पंचायत सीमान्तार्गत तथा आने जाने का समय सहित।
- मोबाइल टायलेट किराया रु0 1000.00 प्रति दिन/प्रति बुकिंग।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत संचालित ईंट भट्ठों पर लाइसेंस शुल्क 10,000.00 (रु0 दस हजार ) वार्षिक शुल्क।
- नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढ़त व्यावसायिक शुल्क रु0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित समस्त बैंकों पर व्यावसायिक शुल्क 5000.00 (पांच हजार) वार्षिक प्रति शाखा।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन के उद्देश्य से रोड कटिंग चार्ज रु0 2000.00 (दो हजार) रुपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन हेतु जमानत धनराशि रु0 500.00 (पांच सौ) रुपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत समस्त विकास कार्य सम्बन्धी ठेकेदार पंजीकरण शुल्क रु0 15,000.00 (रु0 पन्द्रह हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। तदोपरान्त 1000.00 (एक हजार) मासिक विलम्ब शुल्क के साथ।
- ठेकेदार नवीनीकरण शुल्क रु0 5000.00 (पांच हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। सिक्योरिटी हेतु एफ0डी0आर0 25000/-रुपया के साथ।
- शटरिंग/तख्ता बल्ली को किराये पर उठाने के व्यवसाय पर रु0 2000.00 वार्षिक (रु0 दो हजार) मात्र।
- देशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 5,000.00 (पांच हजार ) वार्षिक।
- विदेशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 10,000.00 (दस हजार ) वार्षिक।
- बार/बियर दुकान पर व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 10,000.00 (दस हजार) वार्षिक।
- मॉडल शाप व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 15,000.00 (रु0 पन्द्रह हजार) वार्षिक।
- समस्त प्रकार की भवन निर्माण सामग्री सीमेन्ट/सरिया, मौरंग इत्यादि विक्रेता व्यावसायिक शुल्क रु0 5000.00 (पांच हजार) वार्षिक।
- मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के क्रम में एनजीटी एक्ट 2010 की धारा 15/16 के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में खुले में कूड़ा जलाने पर अर्थदण्ड प्रति प्रकरण रु0 5000.00 (पांच हजार) मात्र एवं सड़क के किनारे भवन निर्माण सामग्री एकत्रित करने/मलबा रखे जाने पर रु0 50,000.00 (पचास हजार) मात्र अर्थदण्ड।

**दण्ड**

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299(1) के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया जाता है कि कोई व्यक्ति उपरोक्त नियमों के किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा या करन में प्रोत्साहित करेगा उस व्यक्ति पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा, जो इस उपनियम में दिये गये निर्धारित शुल्क के दो गुना से दस गुना तक हो सकता है। यदि अपराध निरन्तर जारी रहेगा तो अतिरिक्त दण्ड लगाया जायेगा। जो प्रथम दोषसिद्ध होने की तिथि से या प्रमाणित हो जाने पर की अपराधी ने निरन्तर अपराध जारी रखा है तो 25 (पच्चीस रुपये) प्रतिदिन तक हो सकता है एवं जुर्माना के साथ-साथ तीन मास का कारावास तक का दण्ड सक्षम न्यायालय से दिया जा सकता है।

**पत्रांक:-228/न0पं0श0/बायलॉज/ (2023-24 )** **दिनांक 05/07/2023**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमशाबाद,**
**जनपद-फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शमशाबाद,**
**जनपद-फर्रुखाबाद**

## संदिग्ध परिस्थितियों में गाय की मौत, गोली लगने की चर्चा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** चरने गयी गाय के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के मामले से हड़कंप मच गया। चर्चा है कि किसी ने गोली मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल व विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व अन्य हिन्दू संगठन के नेता पहुंच गये और कार्यवाही की मांग की। वहीं गुड्डी देवी पत्नी विमल कुमार निवासी बली पट्टी रानी गांव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनकी गाय गुरुवार को कटरी में चरने गयी थी और उसका बच्चा घर पर है। जब वह वापस नहीं आयी तो तलाश किया तो भूरे व सन्तार पुत्रगण लालू व आशीष पुत्र भूरे निवासी अमृतपुर की मड़ैया के पास मरी पड़ी मिली। उसके कूल्हे के पास पेट पर एक चोंट का निशान देखने को मिला। गाय की मृत्यु किन कारणों से हुई, इसके लिए पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सक डा0 पूरन चन्द्र मौके पर पहुंचे। जिन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए गाय के शव को अस्पताल ले जाया जायेगा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जायेगा। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि गाय को किसी ने गोली मार दी। अमृतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी किसी ने भी तहरीर नहीं दी।

**हेतु संदर्शित करने हेतु सूचना**
**(साधारण प्रारुप)**
**न्यायालय अपर कलेक्टर (न्यायिक) फतेहगढ़ फर्रुखाबाद**
**नम्बर मु0- 209/2021**

**राजवीर सिंह बनाम**
1- ग्रामसभा रायपुर द्वारा प्रधान मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, 2- रामसेवक पुत्र सुखलाल, 3- हरदीप सिंह पुत्र हरसहाय सिंह, 4- प्रदीप पुत्र हरसहाय सिंह, 5- हरसहाय सिंह पुत्र अहिवरन सिंह, 6- कृष्ण गोपाल पुत्र मेघनाथ, 7- कृष्ण गोविन्द पुत्र बैजनाथ, 8- रवीशचन्द्र पुत्र जदुनाथ, 9 सुग्रीव सिंह पुत्र बृजनन्दन, 10- अमर सिंह पुत्र राजाराम, 11/1 शिवनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/2 प्रभुनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/3 मण्टू पुत्र सुखनन्दन, 11/4 अमित पुत्र रघुनन्दन, 12- दफेदार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 13- वीरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 14- ओमप्रकाश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 15- सुरेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 16- दिनेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 17- राजवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 18- रनवीर सिंह पुत्र होरीलाल, 19-श्यामबाबू पुत्र रामशरन, 20-रामबाबू पुत्र रामशरन, 21- सूरज सिंह पुत्र महिपाल सिंह, 22- अतिराज 23- विश्वनाथ पुत्र प्रताप सिंह, 24/1 रवीन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 24/2 सत्येन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 25 रामप्रकाश पुत्र नेकराम, 26 राधेश्याम पुत्र रामसिंह, 27- लज्जाराम, 28-मदनलाल पुत्र सरनाम सिंह, 29- शिवराम सिंह पुत्र कामता, 30 जगदीश स्वरुप, 31-मुलायम सिंह पुत्र दीनदयाल, 32- छोटेलाल, 33-रामवीर पुत्र दीनदयाल, 34- कालिका सिंह, 35 रामनाथ पुत्र मुन्शी सिंह, 36- कृष्णपाल, 37- रामपाल पुत्र मानसिंह, 38- कोहराम सिंह, 39 सुधीर कुमार, 40- मुन्नू सिंह, 41- अवधेश सिंह पुत्र चेतराम, 42- लौंगश्री पत्नी चेतराम, 43-गंगाराम पुत्र रामस्वरुप, 44-बालकिशन पुत्र रामस्वरुप, 45 प्रवेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह, 46- शान्तीदेवी पत्नी रनवीर सिंह, 47- विनोद कुमार पुत्र विश्राम सिंह, 48- प्रदीप सिंह, 49- हरनरायन सिंह, 50- हरपाल सिंह, 51- देवेन्द्र सिंह पुत्र गोकरननाथ, 52- बेंचेलाल, 53- हरनन्दन, 54- जसनन्दन पुत्र सुखराम सभी निवासीगण मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, जिला फर्रुखाबाद

**धारा 38 उ0प्र0 रा0सं0 2006**
**ग्राम मुबारिकपुर पट्टी, परगना भोजपुर**

## बीएलओ को चुनाव आयोग के निर्देशों से कराया गया अवगत

▶ रैलियों, मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर किया जायेगा जागरुक


बैठक के दौरान मौजूद बीएलओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुपालन में विधानसभा क्षेत्र भोजपुर 195 की बैठक तहसील सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति के निर्देशन में आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार श्रद्धा पांडेय, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा एवं विधान सभा भोजपुर के वीआरसी उज्ज्वल बाजपेयी द्वारा क्रमांक 1 से लेकर 50 तक के बीएलओ को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को अवगत कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी स्वीप टीम को एवं जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ के माध्यम से श्रेष्ठ मतदान कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रतिशत को बनाए जाने हेतु सहयोग का भी वादा किया। कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष भी विगत वर्षो की भांति और हर रूप से इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और इसमें एनसीसी एएनएसएस, नेहरू युवा केंद्र एवं स्काउट गाइड आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैलियां, विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे चित्रकला प्रतियोगिताएं, पोस्टर प्रतियोगिता , रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आधा सैकड़ा ने कराया परीक्षण



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉ0 निखिल व निधि

▶ वार्ड 3 के सभासद शशांक शेखर ने लगवाया शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। वार्ड नंबर 3 रविदासनगर फतेहगढ़ में सभासद शशांक शेखर मिश्रा की देखरेख में 50 से ज्यादा मरीजों का परीक्षण हुआ। डाक्टर निखिल प्रसाद, डॉ0 निधि ने मरीजों का परीक्षण किया। वरिष्ठ आप्टोमेट्रिक टेक्नीशियन संदीप लाल के साथ मोहित, हिमांशु, आदित्य आदि 15 छात्रों ने आंखों का परीक्षण व 30 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, साथ ही डेन्टल परीक्षण हुआ। सभी मरीजों का परीक्षण के दौरान चिकित्सीय सलाह के साथ दवाइयां दी गयीं।

ज्यादातर मरीज पेट संबंधित व बुखार से पीड़ित थे। सभी का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर की सभासद शशांक शेखर मिश्रा ने व्यवस्था देखी।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



गोष्ठी को संबोधित करते जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता प्रभात अवस्थी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रमोद मिश्रा, पियूष अवस्थी, डॉ0 संदीप चतुर्वेदी ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विचारक, चिन्तक नेता थे। उन्होंने बंगाल एवं पंजाब जो भारत का अंग है वह उन्हीं की देन है। डाक्टर मुखर्जी अल्प आयु में विधायक चुने गये। उन्होंने राष्ट्र व देशहित में कई कार्य किये। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के अलावा विवेक कुमार मिश्रा, अवनीश कुमार, यशपाल यादव उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष के साथ अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और अपने विचार रखे।





# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

- खून की उल्टी होने पर बिगड़ी हालत
- डेढ़ वर्ष पूर्व शिवानी का हुआ था विवाह
- परिजनों ने पुलिस से की कार्यवाही की मांग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता को खून की उल्टी होते ही हालत बिगड़ गयी। जिसे ससुरालीजन उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो कोहराम मच गया। वहीं मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के भरेहपुर निवासी रविंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शिवानी 22 वर्ष की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अमृतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतनपुर पमारान निवासी आशीष के साथ की थी। कल अचानक उसे खून की उल्टी होने से जिला अस्पताल में शिवानी ने दम तोड़ दिया। ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा मुझे घटना की सूचना दी गयी। जैसे ही पता चला मैं अपने परिजनों के साथ वहां पहुंच गया। इस दौरान पूछने पर मृतका के पति ने बताया कि मुझे नहीं पता कि शिवानी की मौत कैसे हुई है। इस दौरान मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए थाना अमृतपुर पुलिस से कार्यवाही की मांग की। हलका इंचार्ज कमलेश राजपूत ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक तहरीर नहीं दी गयी। मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन

## दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कमालगंज (सं.)।** दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर निवासी पूनम पुत्री शेर सिंह ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 5 जुलाई को मै अपने पिता को खाना देने के लिए खेत पर गयी थी। पिताजी खाना खाने के बाद मक्का का पैकेट लेकर घर आए, जबकि मैं खेत पर थी। उसी समय गांव के जितेंद्र पुत्र मनोहर लाल जाटव ने दुष्कर्म करने के लिए मुझे पकड़कर मक्के के खेत में खींच ले गये। मेरे चीखने चिल्लाने पर आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने आकर मुझे बचाया। उससे पहले जितेंद्र ने लात घुसा एवं ईटों से मुझे मारा पीटा और मुझे जमीन पर पटका। जिससे मेरी जीव काटने के लिए उसने जेब से ब्लेड निकाला। मारपीट में मेरे सर व शरीर पर काफी चोटें आयीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# लेखपाल की तहरीर पर अवैध कब्जेदारों पर मुकदमा दर्ज

- बीते दिन एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर पानी की टंकी की जगह को दबंगों से कराया था मुक्त

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का विरोध करने पर आरोपियों गाली-गलौज करते हुए ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या की धमकी दी। लेखपाल की तहरीर पर थाना पुलिस ने दबंग आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चैन जहां सरकार की योजना हर घर नल से जल के अंतर्गत जल निगम द्वारा सरकारी जमीन पर फाउंडेशन बनाकर टंकी का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित हुआ था। आरोप है गांव के ही सुखवीर पुत्र उधम सिंह, गुड्डी देवी पत्नी उधन सिंह, मंगला देवी पत्नी उधन सिंह, राजेंद्र पुत्र लज्जाराम आदि लोगों द्वारा नव निर्माण के माध्यम से सरकारी जमीन पर दीवार उठाकर झोपड़ी डाल पशुओं को बांधकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। जिसकी शिकायत जल निगम के कर्मचारियों द्वारा पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद शमशाबाद थाना पुलिस ने मामले की जांच कर सूचना उच्चाधिकारियों को दी थी। जिस पर क्षेत्राधिकारी कायमगंज ने लेखपाल, कानूनगो को मामले की जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई के आदेश दिए थे। दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार इसी खसरा नंबर की जमीन पर सुल्तान पुत्र श्रीराम, उधन पुत्र देशराज, विजेंद्र सिंह पुत्र इतवारी लाल, रामअवतार पुत्र नामालूम द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 5 जुलाई को जल निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर उक्त लोगों द्वारा रोका गया तथा सरकारी जमीन पर बंधित किया गया। आरोप है गुड्डी देवी मंगला देवी द्वारा कब्जा हटाने का विरोध करने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या की धमकी दी गई थी।

उक्त प्रकरण को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल विवेक कुमार द्वारा उक्त आरोपियों के खिलाफशमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। गुरुवार को उप जिलाधिकारी कायमगंज, सीओ कायमगंज, तहसीलदार व कानूनगो के साथ गांव पहुंचे। जहां अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस संबंध में लेखपाल बकसुरी विवेक कुमार की तहरीर पर शमशाबाद थाना पुलिस ने धारा 353, 506 आई.पी.सी. तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।



मौके पर अतिक्रमण हटवाते एसडीएम व सीओ

## मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** रामसखी पत्नी रणवीर सिंह निवासी ग्राम वनहार थाना भोगांव जिला मैनपुरी ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 23 जून को मेरे पति रणवीर मेरे भतीजे की शादी में शामिल होने ग्राम वनपोई थाना मोहम्मदाबाद से ग्राम टड़ौआ थाना कमालगंज ईको कार संख्या यूपी76एएम0813 से शामिल होने आ रहे थे। रास्ते में कमालगंज मैदा मील के सामने से आ रही बुलैरो कार यूपी 82एल 0064 ने लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे पति रणवीर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# डीएम ने कूड़ा निस्तारण केन्द्र/एम0आर0एफ0 सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

- कीटनाशक दवा का छिड़काव करने सहित दिये आवश्यक निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नगर पालिका के कूड़ा निस्तारण केन्द्र/एम0आर0एफ0 सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि कूड़ा निस्तारण केन्द्र के मार्ग पर 03 किलोमीटर पूर्व से ही गन्दगी है और बड़ी-बड़ी झाड़ियां हैं। कूड़ा निस्तारण केन्द्र के आस-पास कीटनाशक दवाई का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मार्ग की साफ-सफाई मार्ग एवं आसपास एरिया में कीटनाशक दवाई का छिड़काव, पूरे एरिया को सी0सी0टी0वी0 कैमरे से कवर कराने के निर्देश दिए। देखा गया कि कूड़ा कलेक्शन करके स्थल पर डम्प कर लिया गया है, परन्तु कूड़े का निस्तारण सही से नहीं किया जा रहा है। एम0आर0एम0 सेन्टर में भी अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि फोटोयुक्त रिपोर्ट तैयार करके उपलब्ध करायें कि कैसे कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है।



कूड़ा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण करते डीएम

# बार एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से एल्डर्स कमेटी का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को अपराह्न जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के प्रांगण में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। पूर्व में हुई बैठक में जो एल्डर्स कमेटी बनाई गई थी उसमें एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष विमल कुमार वर्मा एडवोकेट ने अपना इस्तीफा स्वेच्छा से सौंप दिया। जिसे बैठक में स्वीकार कर लिया गया और समस्त कार्यकारिणी के द्वारा सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों की राय से एल्डर्स कमेटी का पुनः गठन किया गया। जिसमें रमेश चंद्र कटियार एडवोकेट, श्रवण कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट, अजहरुद्दीन एडवोकेट, महेश गुप्ता एडवोकेट, प्रभु दयाल बौद्ध एडवोकेट, रामचंद्र वर्मा एडवोकेट, सरदार सूर्य प्रताप सिंह एडवोकेट को एल्डर्स कमेटी में शामिल किया गया है। ऐल्डर्स कमेटी जल्द से जल्द चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए चुनाव सम्पन्न करायेगी। इस दौरान मनोज कुमार सक्सेना एडवोकेट, मंजू भास्कर एडवोकेट, राजेंद्र यादव एडवोकेट, अरविंद वर्मा एडवोकेट, बृजेश कुमार एडवोकेट, राजीव सिंह राठौर एडवोकेट, देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, यादव सिंह शाक्य एडवोकेट, शिखर सक्सेना एडवोकेट, सत्यपाल सिंह एडवोकेट मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद अधिवक्तागण

# खबरें चलते-चलते

## 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार

**कमालगंज (सं)।** जहानगंज थाने के एसआई मिथिलेश कुमार गुरुवार को जहानगंज चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर रामकुमार पुत्र जंजाली निवासी एसएस कोल्ड निकट नेकपुर मसेनी भोलेपुर थाना फतेहगढ़ को 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने पांच मीट दुकानों के काटे चालान

**फर्रुखाबाद (सं.)।** खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी कर बिना पंजीकरण के चल रही पांच मीट की दुकानों का चालान कर दिया। इस दौरान कई दुकानदार मौके से खिसक गये। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोश राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी विजेंद्र सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्रा व आशीष कुमार वर्मा ने मोहल्लो डबग्रान में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिना पंजीकरण के चली पांच मीट की दुकानों के चालान काटे। जिनमें मोहल्ला खटकपुरा इज्जत खां निवासी नाजिम पुत्र मोहम्मद इकराम कुरैशी, रुकसार पुत्र अनवर कुरैशी, डबग्रान निवासी रियाज पुत्र मेराज, नूर मोहम्मद, मोहम्मद सज्जाद की दुकान शामिल है।



## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजकीय गौसदन कटरी धर्मपुर ब्लाक बढ़पुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौपालक द्वारा 479 गोवंश बताये गये। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि गौशाला में 12 गौपालक होने के बाद भी गोवंश को समय पर चारा नहीं दिया जा रहा है। चरही की जगह गौशाला में बने मार्ग पर गोवंश को चारा खिलाया जा रहा है। गौशाला में गोबर का रख रखाव ठीक ढ़ंग से नहीं किया जा रहा है। गौशाला में बहुत से गोवंश बिना ईयर टैगिंग के पाये गये। गौपालकों द्वारा बताया गया कि मैनेजर 03 माह से छुट्टी पर चल रहे है। गौशाला में अव्यवस्थायें देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने गौशाला मैनेजर के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साथ-साथ ग्राम प्रधान/सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गौशाला में जो भी खामियां हैं, उनको शीघ्र दुरुस्त कर लें, अन्यथा कार्यवाही की जायेगी।

# अमृतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों के साथ किया वृक्षारोपण

- बोले हर कोई जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाये

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों के साथ पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण किया। साथ ही जनमानस से भी ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की अपील की।

अमृतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल द्वारा अमृतपुर थाने में पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरा के भूषण हैं और करते दूर प्रदूषण हैं। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। चाहे गर्मी हो या बरसात हो वृक्ष हमेशा हमें आराम देते हैं। हम सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि वृक्षों को संरक्षित रखकर पर्यावरण को संरक्षण देंगे। उन्होंने जनता से भी आह्वान किया कि वह वृक्ष अवश्य लगायें, क्योंकि वृक्षों से हमें जीवनरुपी ऑक्सीजन मिलती है। ऑक्सीजन का महत्व लोगों को कोरोना काल में पता चला। थाना प्रभारी ने कहा कि मैं इस थाने को जिले का सबसे सुंदर थाना बनाना चाहता हूॅं। जिसके लिए वह अनवरत प्रयास करते रहते हैं। प्रतिदिन थाने पर बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनते हैं व उनका निराकरण कराने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मैं अपने थाना क्षेत्र में किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।



वृक्षारोपण करते थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल

# पीएसपीएसए ने नवागन्तुक बीएसए का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन (पीएसपीएसए) फर्रुखाबाद इकाई ने नवागन्तुक बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह राठौर जिलाध्यक्ष, जिला सह संयोजक विवेक कुमार सिंह, जिला महामंत्री राहुल यादव, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, जिला संयोजक देवेश पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लॉक राजेपुर व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए से चर्चा की। बीएसए ने शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते पीएसपीएसए के पदाधिकारी

## आम तोड़ रहा युवक पेड़ से गिरकर घायल



**नवाबगंज (सं.)।** बाग में आम तोड़ने गए युवक का पैर फिसल जाने से वह पेड़ से गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने सीएचसी में कराया भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया रेफर कर दिया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला दमू निवासी अनुज कुमार पुत्र सुग्रीव सिंह गांव के ही एक बाग में आम तोड़ने गए थे। बरसात होने के कारण पेड़ भीग गया। जिससे पेड़ पर चढ़े अनुज कुमार का पैर फिसल गया और वह नीचे जा गिरा। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। इसकी सूचना गांव वालों ने उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी नवाबगंज लेकर लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# सख्ती के चलते 18 परीक्षार्थियों ने छोड़ी डीएलएड की परीक्षा

- रस्तोगी इंटर कालजे व जीआईसी फर्रुखाबाद में करायी गयी परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएलएड की परीक्षा गुरुवार को रस्तोगी इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में सम्पन्न हुई। डायल प्रवक्ताओं की देखरेख में परीक्षा का संचालन हुआ। रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया प्रथम पाली 10 बजे से 12.00 बजे में 600 परीक्षार्थी को परीक्षा देनी थी। जिसमें 582 उपस्थित रहे। 18 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। तृतीय सेमेस्टर शैक्षिक मूल्यांकन क्रियात्मक शोध एवं नवाचार विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में 1.30 बजे से 3.30 बजे परीक्षा में समावेशी शिक्षा की परीक्षा में 600 परीक्षार्थी की जगह 582 ही परीक्षा में उपस्थित हुए। दूसरी पाली में भी 17 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। परीक्षा नियंत्रक डायट प्रवक्ता कमल कुमार द्विवेदी व निधि की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा से पूर्व गेट पर सघन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया गया। कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। अभी दो दिन परीक्षा और चलेगी। शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न होने पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सुरक्षा की दृष्टि से गेट पर पुलिस फोर्स तैनात रहा।



गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेते प्रवक्ता राकेश प्रसाद

# निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों व लिपिकों से मांगा स्पष्टीकरण

- तीन दिन में स्पष्टीकरण न देने पर होगी विभागीय कार्यवाही- डीआईओएस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्रपाल सिंह ने गुरुवार को तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया। बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों व लिपिकों से स्पष्टीकरण मांगा गया। तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल संचालन से 10 मिनट पूर्व स्टाफ उपस्थित होकर शासन तथा विभाग की मंशा के अनुरुप विद्यालय का संचालन निष्ठा से कराते हुए शिक्षण कार्य एवं विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करें। नरेंद्र पाल सिंह ने एमआईसी पहुंचकर निरीक्षण किया, वहां प्रवक्ता अशोक कुमार, सहायक अध्यापक रामेश्वर दयाल व लिपिक अंबुज सक्सेना एवं पुष्पा जायसवाल बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये। वहीं सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में निरीक्षण के दौरान लिपिक गोपाल कटियार अनुपस्थित पाये गये। उपस्थिति पंजिका में उनके रविवार को हस्ताक्षर मिले। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि गोपाल विद्यालयों के कार्य में रुचि नहीं लेते हैं और अक्सर विद्यालय में समय से उपस्थित नहीं होते हैं। जिससे विद्यालय का कार्य प्रभावित होता है। साथ ही उन्होंने रखा गर्ल्स इंटर कालेज का निरीक्षण किया। सभी स्टाफ उपस्थित पाया गया। डीआईओएस ने कहा नामांकित विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। स्पष्टीकरण न देने पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## युवक लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**मेरापुर (सं.)।** युवक के लापता हो जाने के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शनिवार को मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी गंगाराम का 20 वर्षिय पुत्र सिंटू अचानक लापता हो गया। परिजनों ने सिंटू को काफी जगह तलाश किया तथा नाते रिश्तेदारों में भी उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका। तब परिजनों ने थाना पुलिस को युवक की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश की जा रही है।

# डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया याद



डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि देश की अखंडता के लिए बलिदान हुए डॉक्टर श्यामा प्रसाद ने देश के बच्चे-बच्चे की जुबान पर यही नारा छोड़ गए कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है! इस मौके पर डी0एस0 राठौर, सुनील रावत, फतेहचंद वर्मा, संजीव गुप्ता, अश्लील दिवाकर, नवनीत पाल, अभिषेक बाथम, कृष्ण मुरारी राजपूत, अभिषेक बाजपेई, पीयूष त्रिपाठी, अमित ठाकुर, अंकित सक्सेना, दिनेश शर्मा, सुधीर भदौरिया, अंकित गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।